दिल्ली दंगों के साजिशकर्ता उमर और शरजील जेल में रहंगे

# भाजपा बोली- 'टुकड़े-टुकड़े गैंग' का समर्थन करने के लिए कांग्रेस मांगे माफी

भाजपा ने शीर्ष अदालत के फैसले को राहुल गांधी और कांग्रेस के परिवेशी तंत्र के चेहरे पर 'करारा तमाचा' बताते हुए आरोप लगाया कि उन्होंने 'टुकड़े-टुकड़े के 'पोस्टर ब्वॉय' उमर खालिद और शरजील इमाम को निर्दोष पीड़ित' के रूप में पेश किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

शीर्ष अदालत ने फरवरी 2020 के दिल्ली दंगों की साजिश से जुड़े मामले के आरोपियों उमर खालिद और शरजील इमाम की जमानत अर्जी सोमवार को ठुकरा दी। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने शीर्ष अदालत के फैसले को राहुल गांधी और कांग्रेस के परिवेशी तंत्र के चेहरे पर 'करारा तमाचा' बताते हुए आरोप लगाया कि उन्होंने 'टुकड़े-टुकड़े के 'पोस्टर ब्वॉय' उमर खालिद और शरजील इमाम को निर्दोष पीड़ित' के रूप में पेश किया। उन्होंने आरोप लगाया कि जनमत की अदालत और कानून की अदालत में गांधी के 'अर्बन नक्सली' पराजित हुए हैं। भंडारी ने कहा कि क्या कांग्रेस भारत के लिए शत्रुतापूर्ण टुकड़े-टुकड़े ताकतों को पीड़ित के रूप में पेश करने के लिए देश से माफी मांगेगी? भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने फैसले पर कहा कि 'सत्यमेव जयते।'

**कानून की अदालत में गांधी के 'अर्बन नक्सली'**



सुप्रीम कोर्ट

### कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए सीएम रेखा गुप्ता बोलीं



दिल्ली की सीएम मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि शहर को दंगों की आग में धकेलने के लिए जिम्मेदार लोगों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। दंगों में शामिल लोगों का समर्थन करने वाली राजनीतिक पार्टियों के लिए कड़ा संदेश जाना चाहिए जो 'अपराध में भागीदार' थीं। दिल्ली के कानून मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि फैसले ने इस बात की पुष्टि कर दी है कि दंगे एक ''सुनियोजित साजिश' का नतीजा थे।

### अब जेल ही मेरी जिंदगीं उमर खालिद ने कहा



जमानत हासिल करने में विफल रहे उमर खालिद ने अपनी दोस्त बनोज्योत्सना लाहिड़ी से कहा कि मैं बाकी लोगों के लिए बहुत खुश हूं, जिन्हें जमानत मिल गई! राहत महसूस हो रही है। उन्होंने कहा कि मिलने आते रहना, अब जेल ही मेरी जिंदगी है।

### फैसले का सम्मान करता हूं: शरजील के चाचा

शरजील के चाचा अरशद इमाम ने कहा कि फैसले से मैं बेहद आहत हूं। मुझे पूरी उम्मीद थी कि इस बार अदालत जमानत देगी, क्योंकि बहस के दौरान हर बिंदु से यही संकेत मिल रहा था कि शरजील निर्दोष है। फिर भी, एक भारतीय नागरिक के रूप में मैं अदालत के फैसले का सम्मान करता हूं। उन्होंने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि मेरा भतीजा निर्दोष है।

विपक्षी नेताओं ने कहा

## उमर, शरजील को जमानत नहीं राम रहीम को 15वीं बार पैरोल

### ...और कितनी कैद सहनी होगी: सांसद झा



राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सांसद मनोज झा ने कहा कि जेल में पहले ही बिताया गया समय अभी भी पर्याप्त लंबा नहीं है और मुकदमे में देरी अभी भी चौंकाने वाली या असंवैधानिक नहीं है। अब पहले कितनी कैद सहनी होगी।

### ये न्याय का मखौल महबूबा मुफ्ती बोलीं



पीपल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने कहा कि न्याय का कैसा मखौल है! एक तरफ गुरमीत सिंह, जिसे बलात्कार और हत्या का दोषी ठहराया गया है, उसको बार-बार पैरोल मिल रही है।

## खबर संक्षेप

### भाजपा नेता सोम को बांग्लादेश से धमकी



**मेरठ।** पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता ठाकुर संगीत सोम को बांग्लादेश से धमकी मिलने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। धमकी भरे फोन कॉल, मैसेज और वीडियो कॉल मिलने के बाद उन्होंने सरधना थाने में तहरीर देकर एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है।

### लालू यादव की याचिका पर सीबीआई से मांगा जवाब



**नई दिल्ली।** आईआरसीटीसी घोटाला मामले में आरोप तय करने के निर्णय के खिलाफ पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव की अपील याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट ने सीबीआई से जवाब मांगा है। कोर्ट ने सीबीआई को नोटिस जारी कर हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। इस मामले पर अगली सुनवाई 14 जनवरी को होगी।

### प्रतिका की ग्रोक से फोटो एडिट न करने की अपील



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल ने सोशल मीडिया पर खास अपील करते हुए अपनी प्राइवेसी को बनाए रखने की बात की है। प्रतिका ने ये अपील एलन मस्क के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के एआई ग्रोक से की है। प्रतिका की बात पर ग्रोक ने कहा कि मैं समझ गया प्रतिका।

### सड़क हादसों में 6 लोगों की मौत, 14 घायल



**जयपुर।** राजस्थान में दो अलग-अलग सड़क हादसों में छह लोगों की मौत हो गई और 14 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार रविवार देर रात जालोर जिले में राजमार्ग पर स्लीपर बस पलटने से एक बुजुर्ग दंपत्ति समेत तीन लोगों की मौत हो गई।

## किसानों को महंगाई से बचाने मोदी सरकार ने दी बड़ी राहत

# रबी सीजन के लिए उर्वरक सब्सिडी बढ़ाकर 37952 करोड़ की, डीएपी पर विशेष ध्यान

केंद्र सरकार का यह कदम न केवल बुवाई के आगामी सीजन में उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करेगा, बल्कि मृदा स्वास्थ्य को संतुलित बनाए रखने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण नीतिगत पहल है

## सब्सिडी खरीफ सीजन के मुकाबले 736 करोड़ रुपए अधिक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वैश्विक बाजार में कच्चे माल की कीमतों में अनिश्चितता और किसानों को महंगाई से बचाने के उद्देश्य से पीएम मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने रबी सीजन 2025-26 के लिए उर्वरक सब्सिडी में बढ़ोतरी की है। सरकार ने इस सीजन के लिए 37,952 करोड़ रुपए की अनुमानित उर्वरक आवश्यकता तय की है, जो खरीफ 2025 सीजन के मुकाबले करीब 736 करोड़ रुपए अधिक है। यह कदम न केवल बुवाई के आगामी सीजन में उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करेगा, बल्कि मृदा स्वास्थ्य को संतुलित बनाए रखने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण नीतिगत पहल है। सरकार ने रबी सीजन 2025-26 के लिए पोषक तत्व-आधारित सब्सिडी (एनबीएस) दरों को मंजूरी दे दी है, जो 1 अक्टूबर, 2025 से 31 मार्च, 2026 तक प्रभावी रहेंगी और इसमें फॉस्फेटिक और पोटैशिक (पी और के) उर्वरक शामिल हैं, जिनमें डीएपी और एनपीकेएस ग्रेड भी शामिल हैं।

सरकार की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, यह बढ़ोतरी मुख्य रूप से अंतरराष्ट्रीय बाजारों में उर्वरकों और कच्चे माल की अस्थिर कीमतों को देखते हुए की गई है। किसानों पर लागत का बोझ न पड़े, इसके लिए सरकार ने पोषक तत्व आधारित सब्सिडी (एनबीएस) योजना के तहत सब्सिडी दरों में, विशेषकर डाय-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) के लिए, भारी वृद्धि की है।

### डीएपी सब्सिडी में भारी बढ़ोतरी



अमृतसर में किसान अपने खेत में उर्वरक का छिड़काव करता हुआ

**डीएपी सब्सिडी बढ़ाकर 29,805 रुपए प्रति टन कर दी गई**

डीएपी पर सब्सिडी पिछले वर्ष के 21,911 रुपए प्रति टन से बढ़ाकर 29,805 रुपए प्रति टन कर दी गई है। इस निर्णय का सीधा लाभ गेहूं, तिलहन और दालों की खेती करने वाले किसानों को मिलेगा, क्योंकि रबी सीजन इन फसलों की बुवाई का मुख्य समय होता है। सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि पीक सीजन के दौरान किसानों को किफायती दरों पर उर्वरक उपलब्ध होते रहें।

**अधिक उर्वरक से मिट्टी की सेहत बिगड़ती है**

वर्षों तक नाइट्रोजन युक्त उर्वरकों के असंतुलित प्रयोग ने कई क्षेत्रों में मिट्टी की सेहत को खराब किया है और उपज में वृद्धि को सीमित कर दिया है। एनबीएस योजना द्वितीयक और सूक्ष्म पोषक तत्वों (माइक्रोन्यूट्रिएंट्स) के उपयोग को बढ़ावा देकर मृदा क्षरण और पोषक तत्वों के असंतुलन की समस्या का समाधान करती है।

## एनबीएस योजना: संतुलित खेती की ओर बड़ा कदम

पोषक तत्व आधारित सब्सिडी (एबीएस) योजना, जिसे भारत सरकार ने 1 अप्रैल 2010 से लागू किया था। एनबीएस ढांचा उर्वरकों में मौजूद पोषक तत्वों- नाइट्रोजन (एन), फॉस्फोरस (पी), पोटाश (के) और सल्फर (एस)- के आधार पर सब्सिडी तय करता है। इस नीति का मुख्य उद्देश्य किसानों को संतुलित मात्रा में उर्वरकों का उपयोग करने के लिए प्रेरित करना है।

**उत्पादकता में वृद्धि हुई**

सरकार के अनुसार एनबीएस योजना के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। देश में खाद्यान्न उत्पादकता, जो 2010-11 में 1,930 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर थी, वह 2024-25 में बढ़कर 2,578 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर हो गई है। यह वृद्धि मोटे तौर पर एनबीएस योजना के विस्तार की अवधि के साथ मेल खाती है। दूसरी ओर घरेलू उत्पादन के मोर्चे पर भी भारत ने महत्वपूर्ण प्रगति की है।

### तीन वर्षों में सब्सिडी 2.04 लाख करोड़ रुपए

केंद्र सरकार ने 2022-23 और 2024-25 के बीच राष्ट्रीय उर्वरक प्रणाली (एनबीएस) सब्सिडी के लिए 2.04 लाख करोड़ रुपए से अधिक का आवंटन किया गया है, जिससे किसानों को किफायती दरों पर उर्वरक उपलब्ध हो सके हैं। उच्च पैदावार, बेहतर मृदा स्वास्थ्य और आयात पर कम होती निर्भरता इस खर्च को उचित ठहराती है। रबी सीजन के लिए बढ़ी हुई सब्सिडी न केवल किसानों को वैश्विक महंगाई से राहत देगी, बल्कि यह भारतीय कृषि को वैज्ञानिक और संतुलित खेती की ओर ले जाने की सरकार की दीर्घकालिक रणनीति का भी हिस्सा है।

मेनका गांधी का विवादित बयान

## पटाखों का इस्तेमाल करने वाले देशद्रोही, दिवाली से ही प्रदूषण

**पूछा, भगवान राम और सीता की वापसी पर क्या आतिशबाजी की गई थी?**



पूर्व मंत्री मेनका गांधी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी ने दिल्ली में वायु प्रदूषण को लेकर बहुत ही विवादास्पद बयान दिया है। उन्होंने पटाखा जलाने वालों को देशद्रोही कह दिया है और साथ ही इस समस्या के लिए सुप्रीम कोर्ट को दोषी ठहरा दिया है। मेनका गांधी ने कहा कि पराली या गाड़ियों से प्रदूषण की बात झूठी है, क्योंकि दिवाली के तीन दिन पहले तक हवा साफ थी। उन्होंने ग्रीन पटाखों की इजाजत देने को लेकर सुप्रीम कोर्ट की भी आलोचना की। उन्होंने कहा कि ग्रीन पटाखे नाम की कोई चीज नहीं होती है। भाजपा नेता सवाल किया कि क्या जब भगवान राम और सीता वनवास से वापस आए थे तब क्या आतिशबाजी की गई थी? मेनका गांधी ने दिवाली पर होने वाली आतिबाजी को दिल्ली के प्रदूषण के लिए मुख्य रूप से जिम्मेदार बताया।

### दिवाली से पहले तक साफ थी हवा

मेनका गांधी ने कहा कि दिवाली के दिन, दशहरे के दिन, शादियों पर, नए साल पर, क्रिकेट मैच के दौरान या किसी अन्य दिन वे लोग पटाखे जलाते हैं नतीजतन हम सांस नहीं ले पाते हैं। उन्होंने कहा कि देश में हम अन्य चीजों पर दोष डालते हैं कि कोई खेतों को जला रहा है, गाड़ियों की समस्या है लेकिन ये सब झूठ है। क्योंकि दिवाली के तीन दिन पहले तक हवा एक दम साफ होती है और दिवाली से लेकर नए साल तक हम सांस नहीं ले पाते हैं... सिर्फ दिवाली के दिन यदि 800 करोड़ के पटाखे केवल दिल्ली में उड़ाए जाएं तो उसका नतीजा क्या होगा? उन्होंने कहा कि जब तक बारिश नहीं होती तब तक यह जहरीली हवा नहीं जाएगी। बारिश आएगी भी तो क्या होगा वह सारा जहरीला रसायन जमीन में चला जाएगा। जमीन जहरीली हो जाएगी।

### सुप्रीम कोर्ट ने गलत आदेश दिया

मेनका गांधी ने सर्वोच्च अदालत से भी नाराजगी जाहिर की और कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने फिर एक गलत आदेश दिया। आदत सी बन गई है उनकी मनमाने आदेश की। उन्होंने कह दिया कि ग्रीन पटाखे उड़ाओ। ग्रीन पटाखा नाम की कोई चीज नहीं होती है। या तो बैन करो या कहो कि सब लोग मर जाओ या हायहाय करते रहो। जो लोग सबसे ज्यादा पटाखों का इस्तेमाल करते हैं वही कहते हैं कि सरकार क्या कर रही है। मेनका गांधी ने कहा कि भगवान राम सीता के वक्त फटाखे होते थे? जब आए तो दीए ही जल रहे थे न। वह भी मालूम नहीं जल रहे थे या पता नहीं तेल होता था या नहीं। लेकिन पटाखे तो नहीं थे।

कर्नाटक के बीदर में शर्मनाक घटना

## हाथापाई पर उतरे विधायक एक-दूसरे को दी गालियां

एजेंसी ▶▶ बीदर

कर्नाटक के बीदर में उस वक्त एक शर्मनाक दृश्य देखने को मिला, जब भाजपा और कांग्रेस के विधायक राज्य मंत्री के सामने ही हाथापाई पर उतर आए। यह वाकया जिला पंचायत हॉल में चल रहे कर्नाटक डेवलपमेंट प्रोग्राम की मीटिंग के दौरान हुआ। दरअसल मीटिंग में हुमनाबाद विधानसभा क्षेत्र में जंगल की जमीन के बारे में चर्चा हो रही थी। इसमें जिला प्रभारी मंत्री ईश्वर खंड्रे, भाजपा विधायक सिद्दू पाटिल और कांग्रेस विधायक भीमराव



कांग्रेस-भाजपा विधायक में हुई झड़प


पाटिल शामिल थे। तभी जमीन पर कब्जे के विवाद को लेकर दोनों नेता आपस में भिड़ गए। दोनों के बीच बहस होने लगी और देखते ही देखते यह बहस हाथापाई तक बढ़ गई। कांग्रेस विधायक ने भाजपा विधायक की ओर बढ़कर उन्हें मारने के लिए हाथ उठाया।

दिल्ली में दबंगों की गुंडागर्दी

## पुलिस के सामने बाप-बेटे के कपड़े उतारकर सड़क पर पीटा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के लक्ष्मी नगर इलाके में 2 जनवरी को हुई एक खौफनाक घटना ने कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। यहां दबंगों के एक गिरोह ने एक बाप-बेटे को न केवल बेरहमी से पीटा, बल्कि युवक को नंगा कर सड़क पर घसीटते हुए भी पीटा। पुलिस की मौजूदगी में भी दबंग युवक को घसीटते रहे, लेकिन वे मूकदर्शक बने रहे। पीड़ित के घर में जिम खोला हुआ है, जिसे लेकर विवाद चल रहा था। आरोपी विकास यादव,



सीसीटीवी में कैद घटना

शुभम यादव, ओमकार यादव और पिंटू यादव ने पीड़ित के बेटे को पीटा, फिर उसे घसीटकर सड़क पर ले आए और नंगा कर जूतों से मारा। इस दौरान उसके दांत भी तोड़ दिए गए और सिर पर भी गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद दिल्ली पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

## गृह मंत्री शाह ने अरंगनाथ मंदिर में की पूजा



**तिरुचिरापल्ली।** तमिलनाडु की अपनी दो दिवसीय यात्रा के अंतिम दिन सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा के तमिलनाडु चुनाव प्रभारी पीयूष गोयल के साथ तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली जिले के श्रीरंगम में अरुलमिगु अरंगनाथ स्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने तिरुवनैकवल स्थित प्राचीन श्री जंबुकेश्वर-अकिलन्देश्वरी मंदिर में दर्शन किए। इसके बाद उन्होंने मन्नारपुरम में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के महिला मोर्चा द्वारा आयोजित भव्य पोंगल उत्सव में भाग लिया। चावल, दाल, गुड़ और घी से तैयार मीठा व्यंजन पोंगल 1,008 सजे बर्तनों में पकाया गया था।

पश्चिम बंगाल की सीएम बेनर्जी की दो टूक

## एसआईआर के दौरान 'अमानवीय' आचरण के खिलाफ अब मैं अदालत का रुख करूंगी

एजेंसी ▶▶ कोलकता

पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने सोमवार को कहा कि वह राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान किए गए 'अमानवीय' आचरण के खिलाफ अदालत का रुख करेंगी। दक्षिण 24 परगना जिले के सागर द्वीप में एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि इस प्रक्रिया से जुड़े भय, उत्पीड़न और प्रशासनिक मनमानी के कारण कई लोगों की मौत हुई है और कई लोगों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है।



सीएम ममता बेनर्जी

### नामों को मनमाने ढंग से हटाया

सीमए बेनर्जी ने आरोप लगाया कि बिना वैध कारणों के मतदाता सूची से नामों को 'मनमाने ढंग से' हटाया जा रहा है, जिससे विधानसभा चुनावों से पहले एक नियमित प्रशासनिक प्रक्रिया डर पैदा करने वाली प्रक्रिया बन गई है। गंभीर रोग से ग्रसित लोगों और बुजुर्ग नागरिकों को यह साबित करने के लिए लंबी कतारों में खड़े होने के लिए मजबूर किया।

### एसआईआर आशा की किरण: शुभेंदु

पश्चिम बंगाल में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने सोमवार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पत्र लिखकर मतदाता सूची के एसआईआर को 'निडरतापूर्वक' जारी रखने का आग्रह किया। पश्चिम बंगाल की जनता ने एसआईआर को आशा की किरण के रूप में देखा है।

भारत में साइबर ठगी: आम जनता की गाढ़ी पसीने की कमाई स्वाह

## 6 साल में 52,976 करोड़ से ज्यादा की धोखाधड़ी, निवेश स्कैम बड़ा खतरा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में साइबर अपराध और ठगी के मामलों ने बीते कुछ वर्षों में खतरनाक रफ्तार पकड़ ली है। गृह मंत्रालय के अधीन भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) के ताजा आंकड़ों के अनुसार, पिछले छह वर्षों में देशभर में अलग-अलग तरह की धोखाधड़ी और ठगी से 52,976 करोड़ से अधिक की रकम का नुकसान हुआ है। इसमें निवेश स्कैम, डिजिटल अरेस्ट, ऑनलाइन ठगी, बैंकिंग फ्रॉड और साइबर फिशिंग जैसे मामले शामिल हैं। नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल के आंकड़ों के मुताबिक, सिर्फ 2025 में ही लोगों ने करीब 19,812.96 करोड़ गंवाए और 21,77,524 से ज्यादा ठगी से जुड़े मामले दर्ज किए गए।

## महाराष्ट्र राज्य में सर्वाधिक 3,203 करोड़ का नुकसान

**2025 में करीब 21 करोड़ साइबर फ्रॉड शिकायतें दर्ज**

### शहरी इलाकों में अधिक ठगी



साइबर ठग

शहरी और डिजिटल रूप से जुड़े इलाकों में ठगों की गतिविधियां ज्यादा देखने को मिल रही हैं। कुल 19,812 करोड़ में से 77% रकम फर्जी निवेश योजनाओं के नाम पर गंवाई गई। इसके अलावा 8% डिजिटल अरेस्ट स्कैम, 7% क्रेडिट कार्ड फ्रॉड, 4% सेक्सटॉर्शन, 3% ई-कॉमर्स फ्रॉड और 1% एप या मालवेयर आधारित ठगी से जुड़ी रही।

**विदेशों से जुड़े ठगी के तार**

सिटिजन फाइनेंशियल साइबर फ्रॉड रिपोर्टिंग एंड मैनेजमेंट सिस्टम के अनुसार, 2025 में करीब 21 करोड़ साइबर फ्रॉड शिकायतें दर्ज की गईं। इनमें से 45% शिकायतें दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों- कंबोडिया, म्यांमार और लाओस से जुड़ी पाई गईं। 36% निवेश धोखाधड़ी, 27% क्रेडिट कार्ड फ्रॉड, 18% सेक्सटॉर्शन से जुड़ी हैं।

### 5 राज्यों में हुए सबसे ज्यादा साइबर फ्रॉड

राज्यवार विश्लेषण में महाराष्ट्र साइबर ठगी से सबसे ज्यादा प्रभावित रहा। राज्य में 3,203 करोड़ का नुकसान हुआ और 28,33,20 शिकायतें दर्ज की गईं। इसके बाद कर्नाटक में 2,413 करोड़ और 21,32,28 शिकायतें, तमिलनाडु में 1,897 करोड़ और 12,32,90 शिकायतें सामने आईं। यूपी में 1,443 करोड़ की ठगी और 27,52,64 शिकायतें दर्ज हुईं, जबकि तेलंगाना में 1,372 करोड़ के नुकसान के साथ करीब 95,000 मामले सामने आए।

# हरिभूमि

जबलपुर

मंगलवार 6 जनवरी 2026

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com







## बर्फीली सर्दी

### भोपाल- नरसिंहपुर में कोल्ड डे प्रदेशभर के तापमान में गिरावट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के उत्तर पूर्वी और उत्तर पश्चिमी हिस्सों में बर्फीली हवाओं का असर बढ़ने से सर्दी और बढ़ गई है। भोपाल सहित प्रदेश के उत्तर पूर्वी, उत्तर पश्चिमी हिस्सों में कोहरे का असर भी बढ़ा है। पूरे प्रदेश में दिन और रात के तापमान में और कमी होने से सर्दी में और इजाफा रहा है। सोमवार को भोपाल और नरसिंहपुर में कोल्ड डे रहा है, जबकि 7 जिलों में रात का पारा 6 डिग्री तक पहुंच गया है। शहडोल में कोल्ड वेव चली। भोपाल में दिन का पारा दशमलव एक डिग्री गिरकर सीजन का सबसे कम अधिकतम पारा 18.4 डिग्री रहा, यह सामान्य से 5.6 डिग्री कम है। रात के तापमान में 4 डिग्री की गिरावट के साथ 6.8 डिग्री रहा, जो नॉर्मल से 3.4 डिग्री कम है। प्रदेश भर में दिन के तापमान में औसतन डेढ़ और रात के पारे में औसतन 2 डिग्री तक कमी आई है। सबसे अधिक कमी भोपाल, रायसेन और दमोह में 4-4 डिग्री तक रही। इससे सर्दी और कोहरे का असर बढ़ा है।



### अलाव में जलने से 5 महीने की बच्ची की मौत

**गुना।** गुना की सीमा से लगे विदिशा जिले के निशो बर्री गांव में पांच महीने की बच्ची की जलने से मौत हो गई। रविवार रात 9 बजे परिवार के बच्चे अलाव ताप रहे थे। बच्चों के साथ पांच महीने की बेटी आराध्या भी थी। इसी दौरान बच्ची अचानक अलाव में गिर गई। इससे वह गंभीर रूप से झुलस गई। परिवार वाले उसे लेकर लटेरी अस्पताल पहुंचे। वहां से डॉक्टरों ने बड़े अस्पताल ले जाने की सलाह दी। परिवार वाले उसे लेकर गुना जिला अस्पताल पहुंचे। यहां इलाज के दौरान सोमवार सुबह लगभग 7:30 बजे बच्ची ने दम तोड़ दिया।

### अलाव के पास बैठे बुजुर्ग की मौत

**भोपाल।** जय प्रकाश अस्पताल में सोमवार सुबह एक बुजुर्ग की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह गार्ड के साथ बैठकर अलाव में आग ताप रहा था, तभी बेसुध होकर वहीं लेट गया। उसे अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया। परिस्थिति देखकर अनुमान लगाया जा रहा है कि उनकी ठंड से मौत हुई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। पुलिस पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है।

### आज यहां तेज सर्दी व घना कोहरा

मौसम केंद्र के अनुसार मंगलवार को ग्वालियर, भिंड, मुरैना, रीवा, मऊगंज, सतना, निवाड़ी जिलों में अति घना कोहरा रहेगा। सिंगरौली, सीधी में घना कोहरा रहने के साथ दतिया, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़ जिलों में घने कोहरे के साथ कोल्ड डे भी रहेगा। भोपाल, रायसेन, सीहोर, नर्मदापुरम, हरदा, खंडवा, इंदौर, देवास, आगर, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, श्योपुरकलां में मध्यम तक कोहरा रहेगा।

*माइनस 12 डिग्री तक तापमान*

### उत्तराखंड में गोमुख से गंगोत्री तक जम गई भागीरथी नदी

**उत्तरकाशी।** कड़ाके की ठंड से गंगोत्री और गोमुख ट्रैक के सभी नदी-नाले जम चुके हैं। राज्य के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में कई जगह तापमान माइनस 10 डिग्री से माइनस 15 डिग्री नीचे जा चुका है। गंगोत्री में इन दिनों तापमान माइनस जीरो डिग्री से लेकर माइनस 11 से 12 डिग्री सेल्सियस जा रहा है।



inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

हरिभूमि सहेली
आज के अंक के साथ


## खबर संक्षेप

### श्रीजगन्नाथ मंदिर में मोबाइल फोन पर रोक

**भुवनेश्वर।** पुरी स्थित 12वीं शताब्दी के श्रीजगन्नाथ मंदिर में वीआईपी दर्शन और भक्तों की सुचारु व्यवस्था को लेकर श्रीजगन्नाथ मंदिर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। मंदिर प्रशासन ने वीआईपी प्रोटोकॉल के तहत मंदिर आने वाले अतिथियों के लिए एसओपी तैयार की है। मंदिर परिसर में मोबाइल फोन के उपयोग को लेकर भी सख्त प्रतिबंध लगाए जाएंगे।



### मुकुंदपुर टाइगर सफारी में मादा तेंदुआ की मौत

**मैहर।** मुकुंदपुर व्हाइट टाइगर सफारी में मादा तेंदुआ ने 2 जनवरी की रात करीब 3 बजे अंतिम सांस ली। तेंदुआ की उम्र 20 वर्ष थी, जो वन्यजीवों की औसत आयु के लिहाज से काफी अधिक मानी जाती है। मुकुंदपुर सफारी का अमला यह बात दो दिन तक छिपाए रहा। सफारी प्रबंधन के मुताबिक, पिछले कुछ दिनों से तेंदुआ सुस्त दिखाई दे रही थी। उसकी सक्रियता कम हो गई थी और खुराक भी सामान्य से कम हो चुकी थी। टीम उसकी निगरानी कर रही थी।



### चाइनीज मांझे से पुजारी की गर्दन कटी, बची जान

**उज्जैन।** प्रतिबंधित चाइनीज मांझे से उज्जैन में एक पुजारी की गर्दन कट गई। दो घंटे चले ऑपरेशन के बाद उनकी जान बचाई जा सकी। उन्हें 10 टांके आए हैं। हादसा रविवार शाम 6 बजे का है। मूलतः राजगढ़ जिले के जीरापुर निवासी 20 वर्षीय विनय तिवारी उज्जैन के जयसिंहपुरा में किराए के मकान में रहते हैं। शाम को जब वह बाइक पर घर जा रहे थे, तभी चाइनीज मांझा उनकी गर्दन में उलझ गया।



## जयपुर में राजस्थान डिजीफेस्ट-टाई ग्लोबल समिट-2026 का आयोजन

### सीएम डॉ. यादव ने मप्र-राजस्थान के बीच जल बंटवारे पर कहा

# हम 5 नहीं 7 प्रतिशत पानी देंगे मप्र व राजस्थान भाई-भाई हैं

*सीएम डॉ. यादव ने कहा कि मप्र और राजस्थान दोनों सदियों से इतिहास, विरासत और व्यापार-व्यवसाय की समझ के मामले में साझा भागीदार*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र व राजस्थान के बीच चल रहे जल बंटवारे पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा पिछले 25 साल से राजस्थान के साथ झगड़ा चल रहा है कि 5 प्रतिशत पानी क्यों दें या फिर पानी नहीं देना चाहिए। कोई बोल रहा है देना चाहिए। उन्होंने कहा कि 5 प्रतिशत नहीं, हम तो 7 प्रतिशत भी दे देंगे। राजस्थान पाकिस्तान थोड़े है। राजस्थान भी हमारा ही प्रदेश है। सरकार में आते ही मैंने राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल से बात की। उन्होंने कहा कि पानी को लेकर उद्योग आदि के लिए दिक्कतें है। पानी मिल जाएगा तो राजस्थान का भविष्य भी अच्छा हो जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को पिंक सिटी जयपुर पहुंचे थे। वहां उन्होंने राजस्थान डिजीफेस्ट-टाई ग्लोबल समिट-2026 के मप्र सेशन में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत में मप्र व राजस्थान के बीच पानी बंटवारे के विवाद को लेकर भी बात की।

**मुख्यमंत्री ने समिट में निवेशकों से वन-टू-वन संवाद किया**



सीएम के साथ निवेशक

- *मप्र सरकार इस प्रतिष्ठित ग्लोबल समिट में स्टेट पार्टनर*
- *राजस्थान के मारवाड़ी व्यापारियों की मप्र में अपनी विशिष्ट पहचान*

### पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी का पुराना था विवाद

दरसअल, पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना यानी राम जल सेतु लिंक के लिए बांध बनाने और पानी बंटवारे को लेकर मप्र व राजस्थान के बीच विवाद चल रहा था। राजस्थान सरकार का कहना था कि 2005 में हुए समझौते के अनुसार बांध बनना था, लेकिन मप्र सरकार ने एनओसी नहीं दी। बांध बनना शुरू हुआ तो मप्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगा दी थी। जबकि मप्र सरकार का कहना था कि राजस्थान सरकार दोनों राज्यों के बीच हुए समझौते का पालन नहीं कर रही है।

### मप्र में निवेश हर मायने में लाभ का सौदा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्लोबल समिट में मप्र को विकास और अवसरों का केंद्र बताते हुए निवेशकों और उद्योगपतियों से कहा कि हमारा मप्र आज देश के उन चुनिंदा राज्यों में है, जहां हम प्राकृतिक संसाधन, उद्योग-अनुकूल नीतियां, मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर और सहयोगी सरकार सभी निवेशकों के लिए आदर्श वातावरण तैयार है। प्रदेश में 18 नई उद्योग-अनुकूल नीतियां, विस्तृत लैंड बैंक, भरपूर जल उपलब्धता, स्किल्ड मानव संसाधन, उत्कृष्ट लॉजिस्टिक्स कनेक्टिविटी और पारदर्शी प्रशासन निवेशकों को सर्वोत्तम सुविधाएं उपलब्ध करा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मप्र में होटल हास्पिटल, एआई, ड्रोन, सेमी कंडक्टर निर्माण एवं अन्य कई व्यवसाय स्थापित करने पर अनुदान दिया जा रहा है।

### इस परियोजना की कुल लागत 72 हजार करोड़

यह परियोजना 72 हजार करोड़ रुपए की है। इस पर मप्र 35 हजार करोड़ और राजस्थान 37 हजार करोड़ रुपए खर्च करेगा। मप्र की 3.37 लाख हेक्टेयर जमीन में सिंचाई होगी। करीब 30 लाख किसानों को फायदा होगा। राजस्थान में 2.80 लाख हेक्टेयर खेत की सिंचाई होगी। 2 लाख से अधिक किसानों को फायदा होगा।

## इंदौर में दूषित पानी सप्लाई मामला

### 17 वीं मौत, बेटे से मिलने आए रिटायर्ड पुलिसकर्मी की गई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने के मामले में 17वीं मौत हो गई। रविवार तक यह संख्या 16 थी। मृतक ओमप्रकाश शर्मा (69) मूलतः शिव विहार कॉलोनी धार के रहने वाले थे। वे रिटायर्ड पुलिसकर्मी थे। अपने बेटे से मिलने इंदौर आए थे। उन्हें 1 जनवरी को उल्टी-दस्त के कारण एक प्राइवेट हॉस्पिटल में एडमिट किया गया था। जांच में उनकी किडनी का खराब होना पाया गया था। हालत और बिगड़ने पर 2 जनवरी को आईसीयू में एडमिट किया गया। दो दिन बाद वेंटिलेटर पर लिया गया। रविवार दोपहर 1 बजे उनकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि वे सिर्फ ब्लड प्रेशर के मरीज थे। दूषित पानी से उनकी किडनी खराब हो गई थी।

**20 नए मरीज मिले, एम्स-आईसीएमआर की टीम संक्रमण की कर रही जांच**



टैंकरों से पानी भरते लोग

**महामारी घोषित नहीं की गई, सिर्फ डायरिया**

सीएमएचओ डॉ. माधव हसानी ने कहा कि महामारी घोषित नहीं की गई है। सिर्फ डायरिया है, जिससे भागीरथपुरा को एपिडेमिक यानी संक्रमित माना है। प्रभावित क्षेत्र में 4 जनवरी को स्वास्थ्य विभाग ने 2354 घरों का सर्वे किया। 9416 लोगों की जांच की गई, जिनमें 20 नए मरीज मिले हैं।

## गुना में खाकी पर फिर हमला!

### हाईवे पर पुलिस को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा, कई पुलिसकर्मी घायल

- *प्रेम विवाह विवाद ने हिंसक रूप ले लिया*
- *आरक्षक को बंधक बनाया, आंखों में मिर्ची पाउडर झोंका*



हमले में घायल पुलिसकर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

जिले से कानून-व्यवस्था को हिला देने वाली घटना सामने आई है। भाजपा विधायक के गांव पैंची में सोमवार को प्रेम विवाह के विवाद ने इतना हिंसक रूप ले लिया कि उग्र भीड़ ने पुलिस टीम पर ही हमला कर दिया। नेशनल हाईवे-46 पर पुलिस और एसएएफ की टीम को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा गया, यहां तक कि जवानों की आंखों में मिर्ची पाउडर तक झोंक दिया गया। इस हमले में कई पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए और इलाके में तनाव फैल गया।

घटना की शुरुआत 28 दिसंबर को दर्ज हुई एक गुमशुदगी रिपोर्ट से हुई। लोधा समाज की एक युवती मीना समाज के युवक के साथ गायब हो गई थी। बाद में दोनों ने 30 दिसंबर को प्रेम विवाह कर लिया।

## कृषि मंत्री शिवराज सिंह पर निशाना साधा

### दिग्विजय ने 'मनरेगा' का नाम बदलने के विरोध में सीहोर से शुरु की पदयात्रा

**बोले- केंद्र ने नहीं रखा गरीबों और मजदूरों का ध्यान**




दिग्विजय सिंह संबोधित करते हुए

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल


कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने सीहोर में की जा रही अपनी पदयात्रा के दौरान केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा का नाम बदलने का विरोध करते हुए कहा कि इसमें केंद्र ने गरीबों और मजदूरों का ध्यान नहीं रखा। इस दौरान उन्होंने मनरेगा श्रमिकों से संवाद किया और केंद्र सरकार के नए कानून को लेकर कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि देश के कृषि मंत्री चौहान ने जो नया कानून बनाया है, उसमें गरीबों और मजदूरों का ध्यान नहीं रखा गया है। दिग्विजय ने भरोसा दिलाया कि कांग्रेस हमेशा मजदूर और किसानों की लड़ाई लड़ती रही है और आगे भी लड़ती रहेगी।

### आगे भी जारी रहेगी कांग्रेस की यह मुहिम

दिग्विजय ने कहा कि कांग्रेस की यह मुहिम आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि नए कानून के तहत ज्यादा से ज्यादा काम मिल सके, इसके लिए लगातार प्रयास किए जाएंगे और मजदूरों की आवाज को मजबूती से उठाया जाएगा। ग्रामीणों ने पानी, सड़क, जलभराव, शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं और रोजगार से जुड़ी समस्याएं उनके सामने रखीं। मनरेगा की जगह नया कानून चूंकि केंद्रीय कृषि मंत्री के नाते शिवराज ने तैयार कर पास कराया है, इसलिए दिग्विजय उनके गृह जिले से यह पद यात्रा कर रहे हैं।

## 26 वर्ष की उम्र में रचा इतिहास

### अमित भार्गव बने प्रदेश के सबसे युवा कॉलेज प्रिंसिपल



अमित भार्गव

*शासकीय महाविद्यालय ईसागढ़ में नियुक्त*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ईसागढ़/शिवपुरी

मध्यप्रदेश के शिक्षा जगत में एक नया अध्याय जुड़ गया है। महज़ 26 वर्ष की आयु में अमित भार्गव ने वह उपलब्धि हासिल की है, जो सामान्यतः वर्षों के अनुभव के बाद मिलती है। वे फिलहाल शासकीय महाविद्यालय ईसागढ़ में प्रिंसिपल के रूप में कार्यरत हैं और इस समय पूरे प्रदेश के सबसे युवा कॉलेज प्रिंसिपल के रूप में सुर्खियों में हैं।

## एनेस्थीसिया का हाई डोज लेने के बाद वेंटिलेटर पर थीं

*एम्स प्रशासन की आंतरिक जांच कमेटी की रिपोर्ट में तनाव या शोषण का कोई उदाहरण सामने नहीं आया था*

# आत्महत्या का प्रयास करने वाली एम्स की प्रो. रश्मि वर्मा की 25 दिन बाद हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल एम्स के इमरजेंसी एवं ट्रॉमा विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. रश्मि वर्मा की 25 दिन बाद सोमवार को मौत हो गई। विशेषज्ञों की निगरानी में उनका इलाज चल रहा था। 11 दिसंबर 2025 को आत्महत्या का प्रयास करने के बाद से वे एम्स के आईसीयू में वेंटिलेटर सपोर्ट पर थीं। उनके पति डॉ. मनमोहन शाक्य (ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञ) ने उन्हें एम्स में गंभीर हालत में भर्ती कराया था। 5 जनवरी की सुबह करीब 11 बजे डॉ. रश्मि वर्मा ने अंतिम सांस ली। उनका शव परिजनों को सौंप दिया गया। मंगलवार को रश्मि के परिजनों द्वारा शव का अंतिम संस्कार किया जाएगा। डॉ. रश्मि 11 दिसंबर को ड्यूटी पर आई थीं, यहां करीब एक घंटा रुकने के बाद वह वापस अपने घर पहुंची और सुबह 11 बजे के आसपास एनेस्थीसिया के ओवरडोज का इंजेक्शन खुद को लगा लियाथा। इस मामले को लेकर एम्स प्रशासन ने एक आंतरिक जांच कमेटी का गठन किया था। जिसमें यह पता लगाना था कि क्या एम्स में काम के दौरान डॉ. रश्मि को किसी प्रकार के तनाव या शोषण का सामना करना पड़ता था। क्या उनके एचओडी उन पर किसी प्रकार का अत्याचार कर रहे थे, या अपने विभाग में अपने सीनियर के साथ काम को लेकर वह असहज थी। आंतरिक जांच कमेटी ने अपनी रिपोर्ट एक सप्ताह में जमा कर दी है। इस रिपोर्ट में उक्त किसी भी तरह की स्थिति की पुष्टि नहीं हुई है। हालांकि, कहा जा रहा था कि विभाग के एचओडी डॉ. मो. यूनुस ने छुट्टी लेकर कॉन्फ्रेंस में जाने पर सीरियस मिसकंडक्ट (गंभीर अनुशासनहीनता) का नोटिस दिया था।



एम्स की इमारत व रश्मि वर्मा

### एनेस्थीसिया ने पहुंचाया था ब्रेन को नुकसान

डॉ. रश्मि की मौत दिमाग में ऑक्सीजन न पहुंचने के कारण होना बताई जा रही है। डॉक्टर्स के अनुसार जब डॉ. रश्मि ने एनेस्थीसिया का ओवर डोज लिया तो उसी समय उनका ब्रेन अचेत हो गया, लगभग दस मिनट को ब्रेन को ऑक्सीजन सप्लाई बंद हो गई, जिससे डॉ. रश्मि अचेत अवस्था में चली गईं और यहां से उनकी वापसी नहीं हो सकी। धीरे धीरे शरीर के अन्य अंगों ने भी काम करना बंद दिया। एमएलसी रिपोर्ट में रश्मि के चेहरे पर हल्की चोट के निशान का उल्लेख किया गया है।

हरिभूमि
जबलपुर, मंगलवार
6 जनवरी 2026

# सहेली



आज हर कोई प्रोग्रेसिव कहलाना चाहता है, यह भी चाहता है कि वह पॉजिटिव पर्सनालिटी पाए। यह एक अच्छी बात है, लेकिन इसके लिए अपनी खूबियों के साथ अपनी सीमाओं को भी समझें। ऐसा व्यवहार न करें, जिससे लोग हर्ट फील करें। आप अपने सधे व्यक्तित्व के साथ अपना व्यवहार, अपनी भाषा शालीन रखें। सोच पॉजिटिव रखें। अपनी अट्रैक्टिव-प्रोग्रेसिव पर्सनालिटी के लिए आप और कौन से गुण अपनाएं, जानिए।

## ऐसे बनेगी पर्सनालिटी अट्रैक्टिव-प्रोग्रेसिव

कवर स्टोरी
**डॉ. मोनिका शर्मा**

इस नए दौर में प्रोग्रेसिव होने का अर्थ मन की करने और कुछ अलग तरह के खुलेपन को जीने के अंदाज से जोड़कर देखा जाता है। ऐसे में कई बार प्रगतिशीलता संग अहंकार का भाव भी जुड़ जाता है, जिससे मन ही नहीं, जीवन भी कई उलझनों में घिर जाता है। यही वजह है कि पर्सनल स्पेस को मनचाहे ढंग से जीने और प्रोग्रेसिव होने की राह में कुछ गलतियों से बचना जरूरी है। आज के दौर में महिलाओं को सजग-सशक्त व्यक्तित्व बनाने की राह पकड़ने के मोर्चे पर भी सोच-समझकर डटना होता है। यह समझ, सिर्फ ऊर्जा ही नहीं बचाती है, दिशाहीन भी नहीं होने देती। अभिमान के घेरे में लाने के बजाय मानवीय अनुभूतियों से जोड़े रखती है। महिलाओं को समझना होगा कि यह संतुलन ही सही मायने में स्वतंत्र और प्रभावी अस्तित्व गढ़ने जैसा है। प्रोग्रेसिव पर्सनालिटी के लिए हर आयुवर्ग की महिलाएं कुछ बातें जरूर अमल में लाएं-

### भाषा की सभ्यता ना भूलें

चिंतनीय है कि प्रोग्रेसिव होने के नाम पर अब बहुत से लोग भाषाई मर्यादा को भूल जाते हैं। अभिव्यक्ति की आजादी की दुहाई देते हुए अजब-गजब भाषा बोलने लगते हैं। उपहास उड़ाने वाले अपमानजनक शब्द घर-परिवार में भी बोले-सुने जा रहे हैं। तकलीफदेह है कि रील वीडियो से लेकर आम जिंदगी तक महिलाएं भी अभद्र शब्दों का धड़ल्ले से इस्तेमाल कर रही हैं। असभ्य शब्दों का यह घेरा मॉडर्न ट्रेंड या प्रोग्रेसिव होने के नाम पर कस रहा है। जिसके चलते पॉजिटिव सोच और सधे व्यक्तित्व के मायने ही गुम हो रहे हैं। प्रोग्रेसिव होने के नाम पर असभ्य भाषा बोलने से बचें। प्रगतिशील बनने के लिए नकारात्मक शब्दों की आवश्यकता नहीं होती। न ही किसी का अपमान या उपहास करने की। अच्छे और सधे शब्दों में भी विरोध जताया जा सकता है। किसी बात की शिकायत की जा सकती है। हंसी-मजाक करने के लिए भी असभ्य भाषा की जरूरत नहीं होती। न ही अपना रुतबा दिखाने के लिए नकारात्मक भाषा बोलना जरूरी है। अपने शब्दों को लेकर सजग रहना, इंप्रेसिव पर्सनालिटी का सबसे अहम पहलू है। इसीलिए भाषा की सभ्यता कभी ना भूलें।

#### बनाएं पॉजिटिव पर्सनालिटी

**आप चाहती** हैं कि पॉजिटिव पर्सनालिटी पाएं तो इसके लिए अपनी खूबियों के साथ अपनी सीमाओं को समझना भी जरूरी है। विचार हों या व्यवहार, किसी के दिल को ठेस पहुंचाना आपको मजबूत नहीं बनाता। दूसरों का मजाक उड़ाने की प्रवृत्ति का आपके



आत्मविश्वास से कोई लेना-देना नहीं होता। देखने में आ रहा है कि सोशल मीडिया कंटेंट से लेकर सड़क तक बहुत सी महिलाएं, घमंड को ही कॉन्फिडेंस समझ रही हैं। बहुत सी युवतियों में दूसरों के विचारों का सम्मान करने की सोच से दूरी बढ़ रही है। 'मैं ही सही हूं' की सोच स्त्री-पुरुष किसी के लिए सही नहीं कही जा सकती। पॉजिटिव पर्सनालिटी के बहुत से अच्छे गुणों में फ्लेक्सिबिलिटी और एडॉप्टिबिलिटी दोनों ही अहम और जरूरी गुण हैं। दिनचर्या में सहज स्वीकार्यता और समझ भरे व्यवहार से जुड़ी ऐसी बातें, आपकी भावनाएं भी बदलने लगती हैं। मन और जीवन दोनों पॉजिटिव बनने लगते हैं।

### जुड़ाव और बंधन का फर्क समझें

हर परंपरागत चीज बंधन नहीं है। कामयाबी की खुशी अपनों के साथ और बढ़ जाती है। हर मामले में ही बड़ों की समझाइशें पुरानी सोच नहीं होती हैं। अभिभावकों की सहज रोक-टोक जीवन की जद्दोजहद के प्रति सजग करने वाला स्नेह भी माना जा सकता है। मौजूदा दौर में हर जुड़ाव को बंधन मानने की सोच बढ़ रही है। छोटी-छोटी बातों के प्रति भी स्वीकार्यता नहीं दिखती। तकलीफदेह है कि यह बर्ताव बहुत-सी गलतियां करने के रास्ते खोलने वाला साबित होता है। यह न भूलें कि अपनों के साथ सधा-सा गठजोड़ खुद आपके ही जीवन को सही दिशा देता है। आपका आत्मविश्वास बढ़ाता है। अनुभवी अपनों का मार्गदर्शन सही निर्णय ले पाने की बुनियाद बनाता है।

### विश्वास हो, अंधविश्वास नहीं

यह हैरान ही नहीं बेहद परेशान करने वाली बात है कि आज सजग-शिक्षित युवतियां आपराधिक मामलों में ज्यादा फंस रही हैं। कहीं अपने अतिवादी बर्ताव के कारण खुद अपराध की राह पकड़ रही हैं तो कहीं अंधे विश्वास के कारण दूसरों के बिछाएं जाल में फंस रही हैं। ऐसे में दूसरों पर आंख मूंद कर यकीन करने को सही मायने में प्रगतिशील होना तो नहीं कहा जा सकता। आधुनिकता के नाम पर बिना जाने-समझे लिव इन रिश्तों में ऐतबार कर जान गंवाने वाली युवतियां हों



या वैवाहिक जीवन को सही ढंग से जाने, जिए बिना खारिज कर देने वाली बेटियां। न तो अपनी पूर्वाग्रह भरी सोच पर विश्वास करना सही होता है, ना ही बिना दायित्वबोध वाले रिश्तों को जीना। इस बात को हम समझें कि आपसी विश्वास के बिना परिवार और समाज नहीं चल सकता। परिचितों-अपरिचितों का अनकहा-सा भरोसा ही तो पूरे परिवेश को जोड़ता है। a

## जब ऑफिस में बढ़ने लगे स्ट्रेस

कॉरपोरेट ऑफिसेस में वर्क लोड इतना बढ़ चुका है कि महिलाएं भी इससे अछूती नहीं हैं। बढ़े हुए वर्क लोड की वजह से वे मेंटल स्ट्रेस में रहती हैं, इसका असर इनकी मेंटल हेल्थ पर पड़ता है। इससे वर्किंग वूमेन कैसे बचें, बहुत जरूरी सलाह।

वर्किंग वूमेन
**निकिता चौहान**



आज कॉरपोरेट सेक्टर में वर्कलोड इतना अधिक बढ़ चुका है कि इसका असर मेंटल हेल्थ पर भी पड़ने लगा है। ऑफिस स्ट्रेस से न सिर्फ प्रोडक्टिविटी कम होती है, मेंटल हेल्थ के साथ रिश्तों पर भी नेगेटिव असर पड़ता है। ऐसे में अपनी मेंटल हेल्थ का ख्याल रखना उतना ही जरूरी है, जितना ऑफिस में अपनी जिम्मेदारी निभाना। आप कुछ सरल आदतें अपनाकर अपना स्ट्रेस नियंत्रित कर सकती हैं।

### हेल्दी रुटीन बनाएं

दिन की शुरुआत रोजाना तय समय पर करें और एक बैलेंस रुटीन अपनाएं। नियमित समय पर उठना, निश्चित समय पर खाना और सोना शरीर और मन दोनों को स्थिरता देता है। इससे आपका मानसिक तनाव भी कम होता है।

### पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं

डिहाइड्रेशन शरीर में थकान, चिड़चिड़ापन और ध्यान की कमी बढ़ाता है। ऑफिस में काम करते हुए हर एक-डेढ़ घंटे में पानी पीने की आदत डालें। यह स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। इससे स्ट्रेस भी कम होता है।



### अच्छा स्लीप रुटीन अपनाएं

सात-आठ घंटे की नींद मेंटल हेल्थ के लिए जरूरी है। सोने से पहले स्क्रीन टाइम कम करें, कैफीन से बचें और शांत वातावरण में सोएं। अच्छी नींद तनाव को काफी कम करती है।

### डीप ब्रीदिंग-माइंडफुलनेस प्रैक्टिस करें

पांच से दस मिनट की गहरी सांस लेने की तकनीक या माइंडफुलनेस एक्सरसाइज तुरंत तनाव कम करती है, इससे दिमाग शांत रहता है। ऑफिस के बीच में भी दो मिनट का 'ब्रीदिंग ब्रेक' काफी असरदार होती है।

### हेल्दी कोपिंग मैकेनिज्म अपनाएं

स्ट्रेस के समय ओवरईटिंग, गुस्सा या सोशल मीडिया में डूबे रहना स्थिति को और खराब करता है। इसकी जगह छोटे ब्रेक लें, वॉक करें, पसंदीदा संगीत सुनें या किसी आत्मीय और भरोसेमंद सहकर्मी से अपने मन की बात करें।

### फेवरेट एक्टिविटी करें

सिर्फ काम से मानसिक थकान बढ़ती है। वीकेंड पर या काम के बाद अपनी पसंद की गतिविधियां जैसे स्पोर्ट्स, म्यूजिक, आर्ट, रीडिंग या परिवार के साथ समय बिताना, मन को रिफ्रेश करती हैं और बर्नआउट से बचाती हैं।

### वर्क-डे में छोटे ब्रेक लें

लगातार कई घंटों तक काम करने से दिमाग थक जाता है, प्रोडक्टिविटी कम होने लगती है। हर साठ से नब्बे मिनट में दो-तीन मिनट का छोटा ब्रेक लें, खड़े होकर स्ट्रेच करें, थोड़ा चलें या गहरी सांस लें। यह माइक्रो-ब्रेक्स मानसिक ऊर्जा को री-सेट करते हैं, आपके मानसिक तनाव के प्रभाव को भी काफी कम करते हैं। a

**(फोर्टिस हेल्थकेयर, दिल्ली के साइकिएट्रिस्ट डॉ. आस्तिक जोशी से बातचीत पर आधारित)**

#### एक्सपर्ट से करें कंसल्ट


**स्ट्रेस मैनेजमेंट** एक स्किल है, जिसे निरंतर अभ्यास से मजबूत किया जा सकता है। यदि ऑफिस स्ट्रेस लगातार बढ़ रहा है, आपकी पर्सनल लाइफ को प्रभावित कर रहा है तो मेंटल हेल्थ एक्सपर्ट से सलाह लें। काम के साथ-साथ अपने मन का भी ध्यान रखना आज के कॉरपोरेट वर्ल्ड में सफलता और बेहतर जीवन का मूल मंत्र है।

## यूज करें बॉडी बटर स्किन बनी रहेगी सॉफ्ट

स्किन केयर
**अंजू जैन**

विंटर सीजन में स्किन के रूखेपन, रैशेज, डल हो जाने से अधिकतर महिलाएं परेशान रहती हैं। ऐसे में बॉडी बटर, लेटेस्ट ऑप्शन के रूप में स्किन केयर का सबसे इफेक्टिव रूप सामने आया है। गाढ़ी, स्मूद और प्लस टेक्सचर्ड यह क्रीम त्वचा में गहराई तक जाकर उसे मॉयश्चराइज और हाइड्रेशन का डोज देती है। ऐसा इफेक्ट कोई नॉर्मल मॉयश्चराइजिंग क्रीम नहीं दे सकती। इसे लगाने से स्किन सिल्की, लचीली और नम रहती है, जिससे उसमें ग्लो नजर आता है।

**क्या करता है बॉडी बटर:** बॉडी बटर स्किन को डिहाइड्रेशन से बचाता है। इसके इस्तेमाल से स्किन के भीतरी हिस्से में नमी पहुंचती है और टिकती भी है। नमी के अभाव में स्किन की बाहरी सतह की सेल्स सूख कर सिकुड़ने लगती हैं। इसके बाद स्किन की भीतरी लेयर्स का भी यही हाल होने लगता है। स्किन संवेदनशील बनने लगती है और इसमें झुर्रियां और सिलवटें पड़ने लगती हैं। इसकी वजह से त्वचा की प्री-मैच्योर एजिंग, इंफेक्शन, क्रैक और ड्राई स्किन जैसी समस्याएं होने लगती हैं। अच्छी गुणवत्ता वाला बॉडी बटर स्किन सेल्स के निर्माण की प्रक्रिया को भी तेज करता है। इसमें मौजूद सामग्री स्किन को विटामिन, मिनरल्स और एंजाइम्स से पोषण देती है। सनबर्न, रैशेज, सोरायसिस, एक्जिमा जैसी स्किन प्रॉब्लम्स में आराम मिलता है। कोहनी और एड़ियों जैसी कठोर त्वचा वाले हिस्सों को भी बॉडी बटर के प्रयोग से इंप्रूव किया जा सकता है। कई तरह के नट्स और सीड्स इन्हें एंटी ऑक्सीडेंट और एंटी इंफ्लेमेटरी गुण देते हैं।



**ऐसे करें यूज:** बॉडी बटर भी मॉयश्चराइजर की तरह ही इस्तेमाल किया जाता है। इसे पूरे शरीर पर लगाया जा सकता है। नहाने के बाद, शरीर को तौलिए से थपथपा कर सुखा लें और फिर बॉडी बटर लगा लें। इसका इस्तेमाल आप होंठ, नाखून और बालों पर भी कर सकती हैं।

**तरह-तरह के बॉडी बटर:** बाजार में कई तरह के बॉडी बटर मिलते हैं। आप अपनी पसंद से कोई भी यूज कर सकती हैं।

**शिया बटर:** अफ्रीकन शिया ट्री के फल से बनाया गया यह बॉडी बटर, स्ट्रॉन्ग मॉयश्चराइजर है और स्किन को मखमली लुक देता है। इसमें फैटी एसिड होता है, जिसमें सुपर एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं।

**कोकोआ बटर:** इनमें कोकोआ बीन का एडिबल फैट होता है। यह विटामिन-ई से समृद्ध होता है। इसके प्रयोग से स्किन को अच्छा हाइड्रेशन मिलता है और स्किन की सूदिंग होती है। a

**(ब्यूटीशियन अनुमिता पाल से बातचीत पर आधारित)**

## ऐसे वेट रहेगा कंट्रोल

अगर इस मौसम में आपका वजन बढ़ रहा है, तो ऐसे में आपको अपने खान-पान पर ध्यान देने की जरूरत है। इसके लिए अपनी डाइट में आप क्या-क्या शामिल कर सकती हैं, जानिए।

डाइट एडवाइस
**डॉ. स्वप्ना चतुर्वेदी**
सीनियर डाइटीशियन, एम्स-दिल्ली

सर्दी के मौसम में भूख बढ़ने, कम एक्टिविटी करने और फैटी चीजें खाने को कई लोगों का वेट बढ़ने लगता है। ऐसा आपके साथ ना हो, इसके लिए आपको अपने खान-पान पर ध्यान देना होगा। इससे बचने का सबसे बेहतर उपाय यही है कि शुरुआत से ही हेल्दी डाइट लेने की आदत डालें और तले-भुने फूड्स से परहेज करें। जहां तक संभव हो बाहर खाने से बचें। घर का बना ताजा भोजन ही करें।

**संतुलित आहार लें:** यदि आप इस मौसम में भी स्वयं को फिट और अपने वजन को नियंत्रित रखना चाहती हैं, तो अपने आहार पर विशेष ध्यान देना जरूरी है। दिन की शुरुआत अकसर चाय से की जाती है, लेकिन खाली पेट चाय पीने से कई लोगों को गैस की समस्या हो जाती है। इसलिए चाय पीने से पहले एक-दो कप पानी अवश्य पीना चाहिए। इसके साथ मखाना, नट्स, आटा या ओट्स के बिस्कुट ले सकती हैं। नाश्ते में बेसन या दाल का चीला लेना बेहतर होता है। दलिया और किनोवा भी ले सकती हैं। इसके अलावा पनीर, दूध, छाछ और अंडा भी लिया जा सकता है। सुबह के नाश्ते में प्रोटीन की मात्रा अधिक होनी चाहिए। नाश्ते के बाद सुबह 10 से 11 के बीच में सेब या पपीता जैसे फल लेना फायदेमंद होता है। दोपहर और रात के खाने में हेल्दी अनाज अपने भोजन में जरूर शामिल करें। बाजरा, मक्का की रोटी, ब्राउन राइस, दाल, मौसमी सब्जियां, दही और सलाद जरूर खाएं। इसके साथ ही बाजरे की खिचड़ी भी ले सकती हैं। यह बहुत ही पौष्टिक होती है और इसमें विटामिन, मिनरल और फाइबर्स भरपूर मात्रा में होते हैं। रात का भोजन सोने से कम से कम दो घंटे पहले कर लेना चाहिए। रात के खाने में सूप अवश्य लें। इसके अलावा सोने से पहले दूध भी लिया जा सकता है। बहुत अधिक गर्म खाना खाने से भी बचना चाहिए, क्योंकि अत्यधिक गर्म खाने से भोजन की नली पर इसका बुरा असर पड़ता है। इससे मुंह में छाले भी पड़ जाते हैं।






**तला-भुना न खाएं:** ठंड के मौसम में तला-भुना खाने का मन बहुत करता है। जैसे समोसा, कचौरी, छोले-भटूरे, आलू, गोभी और बथुआ के परांठे खाने में तो बहुत स्वादिष्ट लगते हैं, लेकिन इनके अधिक सेवन से वजन बढ़ सकता है। वजन बढ़ाना तो बहुत आसान है, जबकि उसे कम करना उतना ही कठिन होता है। इस तरह के भोजन में कैलोरी की मात्रा बहुत अधिक होती है जबकि इस मौसम में हमारी शारीरिक गतिविधियां बहुत कम होती हैं। इसका परिणाम यह होता है कि शरीर में फैट जमा होने लगता है। एक व्यक्ति को महीने में तेल और घी मिलाकर आधा लीटर से अधिक सेवन नहीं करना चाहिए। इन चीजों का ज्यादा उपयोग करने से कोलेस्ट्रॉल बढ़ जाता है। दिन और रात के भोजन को मिलाकर कुल दो चम्मच तेल का उपयोग करना ही बेहतर होता है। a

**प्रस्तुति: संध्या रानी**

#### रेग्युलर करें एक्सरसाइज

**सर्दियों में** अपने को हेल्दी, फिट रखने के लिए नियमित रूप से एक्सरसाइज करना बेहद जरूरी है। ठंड से बचने के लिए अगर आप बाहर जाकर वॉक या एक्सरसाइज नहीं कर सकती हैं, तो घर के अंदर ही योगा, प्राणायाम और कुछ हल्की एक्सरसाइज जरूर कर सकती हैं। इससे एक तो थकान और आलस से बच सकती हैं और आपका मूड भी अच्छा रहेगा।





जबलपुर
मंगलवार, 6 जनवरी 2026
माघ मास कृष्ण पक्ष 3/4 संकटा चौथ व्रत
वर्ष : 20, अंक : 248
पृष्ठ : 2+6+6=14 मूल्य : 3 .00 *

मौसम
अधि. 20
न्यून. 08

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



5 डेजर्ट वाइपर्स ने पहली बार जीता....






व्यापार
9 मनोरंजन क्षेत्र की एक्सेल एंटरटेनमेंट..


न्याय मिलने में देरी का यह 'दुर्लभतम उदाहरण'

# घड़ी, 4 रुपए और रूमाल 'चोरी' के केस में 51 साल से फरार आरोपी आखिरकार बरी


सवाल उठाती खबर

एजेंसी ▶▶ पुणे (महाराष्ट्र)

पुणे में एक कोर्ट के फैसले की चर्चा हो रही है। चोरी के एक मामले में अदालत ने एक व्यक्ति को 51 साल बाद बरी कर दिया है। यह मामला 1974 में दर्ज हुआ था। तीन आरोपियों पर कलाई घड़ी, 4 रुपए और एक रूमाल चोरी करने का आरोप लगाया गया था। कोर्ट ने 51 साल बाद सबूतों के अभाव में आरोपी को बरी कर दिया है। कोर्ट ने यह फैसला सबूतों की कमी और गवाहों के न होने के कारण सुनाया।

▶▶ 1974 में पुणे के बंडगार्डन पुलिस थाने में चोरी का केस दर्ज किया गया था

▶▶ पुराने और पेंडिंग केसों का रिव्यू करने के दौरान यह केस भी जज के सामने आया



1974 में पुणे के बंडगार्डन पुलिस थाने में चोरी का एक केस दर्ज किया गया था। इस मामले में गुलाब शाहू जाधव, मुकुंद केरबा वाघमारे और राजाराम तुकाराम काले के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। गुलाब शाहू जाधव और मुकुंद केरबा वाघमारे को 10 अप्रैल, 1975 को जुर्म कबूल करने के बाद दोषी ठहराया गया था, जबकि राजाराम काले फरार था। 51 साल से अधिक समय तक फरार रहने के बावजूद, पुख्ता सबूतों की कमी के कारण, पुणे के प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट एनजे चव्हाण ने 26 दिसंबर 2025 को राजाराम काले के खिलाफ सभी वारंट रद्द करते हुए उन्हें बरी करने का आदेश दिया। पद संभालने के बाद जज चव्हाण ने पुराने और पेंडिंग केसों का रिव्यू करना शुरू किया। उसी के तहत यह केस सामने आया और इस केस में शिकायत करने वालों और गवाहों को फिर से नोटिस और वारंट जारी किए गए। लेकिन, कोई भी कोर्ट में पेश नहीं हुआ।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा था- जमानत मिलने के बावजूद जेल से रिहा नहीं हो पाते हैं गरीब

2022 में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इस बात को लेकर चिंता जताई थी कि छोटे अपराध करने वाले आदिवासियों को कई महीनों और सालों तक जेल में रखा जाता है। जहां उनकी दुर्दशा होती है।


द्रौपदी मुर्मू

राष्ट्रपति ने 26 नवंबर को उच्चतम न्यायालय में अपने पहले संविधान दिवस संबोधन में झारखंड के अलावा अपने गृह राज्य ओडिशा के गरीब आदिवासियों की दुर्दशा पर प्रकाश डालते हुए कहा था कि जमानत राशि भरने के लिए पैसे की कमी के कारण कई आदिवासी जमानत मिलने के बावजूद जेल में हैं। अंग्रेजी में अपने लिखित भाषण से हटकर, मुर्मू ने हिंदी में बोलते हुए न्यायपालिका से गरीब आदिवासियों के लिए कुछ करने का आग्रह किया था। उन्होंने कहा था कि गंभीर अपराधों के आरोपी मुक्त हो जाते हैं, लेकिन इन गरीब कैदियों, जो हो सकता है किसी को थप्पड़ मारने के लिए जेल गए हों, को रिहा होने से पहले वर्षों जेल में बिताने पड़ते हैं।

## खबर संक्षेप

### एयर इंडिया के लिए नए चेहरे की तलाश




**नई दिल्ली।** टाटा समूह ने एअर इंडिया के लिए नए नेतृत्व की तलाश शुरू कर दी है, क्योंकि मौजूदा मुख्य कार्यपालक अधिकारी और प्रबंध निदेशक कैंपबेल विल्सन का कार्यकाल अगले साल समाप्त होने वाला है। टाटा समूह एयर इंडिया एक्सप्रेस के लिए भी नए प्रबंध निदेशक की नियुक्ति पर विचार कर रहा है, क्योंकि वहां वर्तमान एमडी आलोक सिंह का कार्यकाल 2027 में पूरा होगा। हालांकि इसकी घोषणा नहीं हुई है।

### ईपीएफ वेतन सीमा में बदलाव करे सरकार



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने ईपीएफ वेतन सीमा में बदलाव को लेकर केंद्र सरकार को बड़ा निर्देश दिया है। अदालत ने कहा है कि कर्मचारी भविष्य निधि योजना की मौजूदा 15,000 रुपए वेतन सीमा पर चार महीने के भीतर फैसला लिया जाए। पिछले 11 वर्षों से सीमा में कोई संशोधन नहीं हुआ है, जिससे लाखों कर्मचारी सामाजिक सुरक्षा से बाहर हैं। इस फैसले से अधिक कर्मचारियों को योजना का लाभ मिलेगा।

### दिल्ली में मां-बहन, भाई को उतारा मौत के घाट



**नई दिल्ली।** दिल्ली के लक्ष्मी नगर इलाके में एक युवक ने अपनी मां, भाई और बहन की हत्या कर दी। इतना ही नहीं वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी खुद थाने पहुंच गया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। आरोपीशख्स का नाम यशवीर है। परिवार किराए के मकान में रहता था। पुलिस ने बताया कि यशवीर सिंह ने जानकारी दी कि उसने आर्थिक तंगी के चलते ऐसा कदम उठाया है।

2020 का दिल्ली दंगा : उमर-शरजील इमाम को जमानत नहीं, अदालत ने 5 अन्य को दी राहत

# लंबे वक्त से जेल में बंद रहने और मुकदमे के ट्रायल में देरी जमानत का आधार नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*दिल्ली के पूर्वोत्तर इलाकों में हिंसा उस समय हुई थी जब 2020 में नागरिकता संशोधन कानून और राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर को लेकर विरोध प्रदर्शन चल रहे थे। हिंसा और आगजनी के दौरान 53 लोगों की मौत हुई थी*

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली दंगों के आरोपी उमर खालिद और शरजील इमाम को जमानत देने से इनकार कर दिया। शीर्ष अदालत की पीठ ने इस अहम फैसले में कहा कि लंबे समय तक जेल में बंद रखे जाने के आधार पर जमानत नहीं दी जा सकती। इसके साथ ही अदालत ने कहा कि गवाहों की जांच पूरी होने पर या वर्तमान आदेश की तारीख से एक वर्ष पूरा होने पर खालिद और इमाम फिर से जमानत के लिए आवेदन कर सकते हैं।

सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को 2020 के दिल्ली दंगा मामले में आरोपी बनाए गए उमर खालिद, शरजील इमाम और अन्य की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई हुई। इन दोनों को जमानत देने से इनकार करने के अलावा कोर्ट ने मामले के अन्य आरोपियों- गुलफिशा फातिमा, मीरान हैदर, शिफा उर रहमान, मोहम्मद सलीम खान और शादाब अहमद को जमानत दे दी। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान 'भागीदारी के क्रम' का हवाला देते हुए कहा कि इस मामले में सभी आरोपी एक समान स्थिति में नहीं हैं।

'भागीदारी के क्रम' का हवाला देते हुए कोर्ट ने कहा कि इस मामले में सभी आरोपी एक समान स्थिति में नहीं


शरजील इमाम
उमर खालिद

### मृत्यु या विनाश ही नहीं...

*निर्णय में कहा गया कि आतंकवादी कृत्यों से संबंधित अपराध के लिए दंडात्मक अधिनियम की धारा 15 की संकीर्ण व्याख्या केवल स्पष्ट हिंसा के कृत्यों तक सीमित नहीं की जा सकती। मृत्यु या विनाश के अलावा, यह प्रावधान उन कृत्यों को भी शामिल करता है जो सेवाओं को बाधित करते हैं और अर्थव्यवस्था को खतरे में डालते हैं।*

≫ **दोनों के खिलाफ यूएपीए के तहत प्रथम दृष्टया आरोप गंभीर**

≫ **आदेश की तारीख से एक वर्ष पूरा होने पर उमर खालिद और शरजील इमाम फिर से जमानत के लिए आवेदन कर सकेंगे**

### ट्रायल में हो रही देरी को ट्रंप कार्ड की तरह इस्तेमाल नहीं किया जा सकता

सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने कहा कि दिल्ली दंगों के मामले में उमर खालिद और शरजील इमाम इस मामले के अन्य आरोपियों की तुलना में अलग स्थिति में हैं। कोर्ट ने साफ किया कि मुकदमे के ट्रायल में हो रही देरी को ट्रंप कार्ड की तरह इस्तेमाल नहीं किया जा सकता।

### उमर खालिद के पिता बोले मुझे कुछ नहीं कहना

सुप्रीम कोर्ट की ओर से जमानत रद्द किए जाने पर उमर खालिद के पिता इलियास का कहना है कि 2020 के दिल्ली दंगों की साजिश के मामले में जमानत न मिलने के बारे में उन्हें कुछ नहीं कहना है। उन्होंने कहा कि मुझे इस पर कुछ नहीं कहना है और फैसला आपके सामने है।

पुलिस ने अदालत में क्या कहा?

### हिंसा का मकसद केवल विरोध से कहीं आगे जाकर अस्थिरता पैदा करना

पुलिस ने कहा कि ये लोग फरवरी 2020 की हिंसा के मुख्य साजिशकर्ता थे, जिसमें 53 लोगों की मौत हुई थी और 700 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। पुलिस के अनुसार यह हिंसा सीएए और एनआरसी के खिलाफ चल रहे प्रदर्शनों के दौरान भड़की, लेकिन इसका मकसद केवल विरोध से कहीं आगे जाकर अस्थिरता पैदा करना था।


धमाके के वक्त आग की उठती हुई लपटें

मरम्मत के दौरान हुआ तेज धमाका

## आंध्र प्रदेश में तेल कुए से लीक हुई गैस, घर छोड़कर भागे लोग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आंध्र प्रदेश के कोनासीमा जिले में तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) के एक चालू तेल कुए से बड़े पैमाने पर गैस लीक हो गई। इससे पूरे इलाके में दहशत फैल गई। घटना तब हुई, तब कुएं में कुछ समय के लिए प्रोडक्शन बंद होने के बाद वर्कओवर रिग का इस्तेमाल करके मरम्मत किया जा रहा था। मरम्मत के दौरान एक जोरदार धमाका हुआ और कच्चे तेल के साथ मिली हुई गैस भारी मात्रा में मिली और हवा में बहुत ऊपर तक चली गई। यह तेल का कुआं कोनासीमा के राजोल इलाके के इरुसुमंडा गांव में है। यह कुआं ओएनजीसी के प्रोडक्शन कॉन्ट्रैक्टर डीप इंडस्ट्रीज लिमिटेड की ओर से संचालित किया जा रहा है। लीक हुई गैस में तुरंत आग लग गई। ये देखकर आस-पास रहने वाले लोग और अधिकारी भी घबरा गए। गैस और धुएं का बादल सुमंडा और आसपास के इलाकों में घने कोहरे की तरह फैल गया।

≫ **तेल का कुआं कोनासीमा के राजोल इलाके के इरुसुमंडा गांव में**

### 1,402 करोड़ रुपए का ठेका

डीप इंडस्ट्रीज लिमिटेड ओएनजीसी की प्रोडक्शन एन्हांसमेंट कॉन्ट्रैक्टर कंपनी है। कंपनी को 2024 में आंध्र प्रदेश के राजामुंद्री एसेट में उत्पादन बढ़ाने के लिए 1,402 करोड़ रुपए का ठेका मिला था। कंपनी पिछले करीब एक साल से मोरी-5 कुएं का संचालन कर रही है।

कई महत्वपूर्ण पदों पर रहे हैं

## एनएचडीसी के नए एमडी ने 'संभाला' कार्यभार


■ एनएचपीसी में 32 वर्ष का सेवाकाल

**भोपाल।** जलविद्युत उत्पादन कंपनी एनएचडीसी लिमिटेड में ओम प्रकाश ने प्रबंध निदेशक का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इससे पूर्व वे एनएचपीसी के क्षेत्रीय कार्यालय, बनीखेत मे कार्यपालक निदेशक के पद पर कार्यरत थे। एनएचपीसी में 32 वर्ष से अधिक अपने सेवाकाल में ओम प्रकाश ने चमेरा-1 विद्युतगृह परिसंचालन व रखरखाव कार्य मे विशिष्ट भूमिका निभाई।

मुस्ताफिजुर रहमान को हटाने से भड़का बांग्लादेश

## आईपीएल टेलीकास्ट पर लगाया बैन टी-20 में टीम भारत नहीं भेजेगा



मुस्ताफिजुर रहमान

■ सरकार ने साफ किया है कि यह फैसला तत्काल प्रभाव से लागू होगा

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेशी तेज गेंदबाज मुस्ताफिजुर रहमान को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (बीसीसीआई) के निर्देश पर अपनी टीम से आउट कर दिया था। मुस्ताफिजुर को आईपीएल से बाहर किए जाने को लेकर उठे विवाद के बाद बांग्लादेशी सरकार ने बिग कॉल लिया है। बांग्लादेश सरकार ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्रसारण और प्रचार पर अनिश्चितकालीन प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया है।

### एक और हिंदू की गोली मारकर हत्या


राणा प्रताप

बांग्लादेश में एक ओर हिंदू की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। रिपोर्ट के मुताबिक उसे सिर में गोली मारी गई है। तीन हफ्तों के भीतर बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले की यह पांचवीं घटना है।

सबरीमाला सोना चोरी मामले में शीर्ष कोर्ट की सख्त टिप्पणी

भगवान को भी नहीं छोड़ा, याचिका खारिज

## बोर्ड सदस्य होने के नाते वह जिम्मेदारी से नहीं बच सकते

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केरल के प्रसिद्ध सबरीमाला मंदिर से जुड़े सोना चोरी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बेहद कड़ा रुख अपनाया है। शीर्ष अदालत ने त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड के पूर्व सदस्य के.पी. शंकर दास की याचिका खारिज करते हुए तीखी टिप्पणी की। अदालत ने कहा कि आपने भगवान को भी नहीं छोड़ा। यह मामला सबरीमाला मंदिर में द्वारपालक देवताओं की मूर्तियों और श्रीकोविल के दरवाजों से सोना चोरी होने से जुड़ा है। के.पी. शंकर दास ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर केरल हाईकोर्ट की उन टिप्पणियों को हटाने की मांग की थी, जिनमें कहा गया था कि वह और के. विजयकुमार आपराधिक साजिश के आरोपों से नहीं बच सकते।



### जवाबदेही से नहीं बच सकते

जस्टिस दिपांकर दत्ता और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने कहा कि देवस्वोम बोर्ड के सदस्य होने के नाते शंकर दास की भी जवाबदेही बनती है। अदालत ने स्पष्ट किया कि मंदिर जैसी पवित्र जगह पर हुई चोरी के मामले में जिम्मेदार पदों पर बैठे लोग अपनी जिम्मेदारी से मुंह नहीं मोड़ सकते।

आईओसी के कार्यकारी निदेशक ने की थी आत्महत्या

## अजय गर्ग का मिला आधे पेज का सुसाइड नोट... किसी को भी नहीं ठहराया जिम्मेदार

एजेंसी ▶▶ नोएडा

सेक्टर 39 थाना क्षेत्र के सेक्टर 104 स्थित एटीएस वन हमलेट सोसायटी की 17वीं मंजिल की बालकनी से गिरकर शनिवार को इंडियन आयल कार्पोरेशन के कार्यकारी निदेशक (गैस बिजनेस डवलपमेंट) अजय गर्ग की मौत मामले में पुलिस को आधे पेज का सुसाइड नोट मिला है।

कार्यकारी निदेशक ने बालकनी से कूदकर आत्महत्या की थी। उन्होंने अपनी मौत के लिए किसी को जिम्मेदार नहीं ठहराया है। पुलिस सुसाइड नोट की जांच करा रही है। आत्महत्या के करने के कारण को खोजने में जुटी है। उधर, रविवार को शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। मूलरूप से कानपुर के कल्याणपुर के रहने वाले अजय गर्ग नोएडा सेक्टर 104 स्थित एटीएस वन हमलेट सोसायटी में 17वीं मंजिल के फोर बीएचके फ्लैट में पत्नी मयूरी संग रहते थे। पुलिस के मुताबिक अजय शनिवार सुबह करीब सवा दस बजे पत्नी से मोबाइल में नेटवर्क नहीं आने और पांच मिनट में आने की बात कह बालकनी की ओर गए थे। वहीं से संदिग्ध परिस्थितियों में नीचे गिर गए थे। पुलिस ने जांच की तो उनके कमरे की मेज से आधे पेज का सुसाइड नोट मिला।

लिखा हुआ है कि वह जिंदगी को आगे नहीं बढ़ाना चाहते


अजय गर्ग

8 से 11 जनवरी चार दिवसीय 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' का आयोजन

इस दौरान धार्मिक अनुष्ठान आध्यात्मिक प्रवचन सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी

## पीएम मोदी बोले- पं. नेहरू सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के पक्ष में नहीं थे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11 जनवरी को गुजरात के प्रसिद्ध सोमनाथ मंदिर का दौरा करेंगे। इस दौरान वे सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में भाग लेंगे, जो 8 जनवरी से 11 जनवरी तक आयोजित किया जा रहा है। इस चार दिवसीय आयोजन में आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों की श्रृंखला चलेगी।

'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' के तहत साल भर चलने वाले कार्यक्रमों की शुरुआत की जाएगी। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का उद्देश्य भारत की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत, आस्था और आत्मसम्मान के भाव को सशक्त करना है। कार्यक्रम के दौरान धार्मिक अनुष्ठान, आध्यात्मिक प्रवचन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और सामाजिक जागरूकता से जुड़े आयोजन किए जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को एक पुराने प्रसंग को याद किया। उन्होंने बताया कि देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के पक्ष में नहीं थे।

11 जनवरी को गुजरात जाएंगे पीएम मोदी


फाइल फोटो

सोमनाथ में स्वाभिमान पर्व में लेंगे हिस्सा




# सनातन जीवन पद्धति ही विश्व जीवन पद्धति बनेगी व योग, आयुर्वेद व नेचुरोपैथी विश्व चिकित्सा पद्धति बनेंगी: स्वामी रामदेव

**पतंजलि के कारण एफएमसीजी कंपनियों को मजबूरन बेतहाशा मूल्य वृद्धि रोकनी पड़ी : आचार्य बालकृष्ण**

## पतंजलि योगपीठ का 32वां स्थापना दिवस सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज, हरिद्वार।** पतंजलि के 32वें स्थापना दिवस पर पतंजलि योगपीठ के संस्थापक अध्यक्ष स्वामी रामदेव व महामंत्री आचार्य बालकृष्ण ने योग, आयुर्वेद, स्वदेशी, सनातन धर्म, सनातन शिक्षा, सनातन चिकित्सा, सनातन अनुसंधान, सनातन कृषि, गौमाता एवं भारत माता की सेवा करते हुए परम वैभवशाली विकसित भारत के निर्माण हेतु समस्त ऋषि-ऋषिकाओं के वंशधरों से आह्वान किया।

इस अवसर पर स्वामी महाराज ने कहा कि पतंजलि पतंजलि विश्व का सबसे पावन संस्थान व मानवता के लिए शुभ बन गया है। उन्होंने कहा कि पतंजलि की आत्मा सनातन की आत्मा है। उन्होंने पतंजलि के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थियों से आह्वान किया किया कि योग, आयुर्वेद, स्वदेशी, सनातन धर्म, सनातन शिक्षा, सनातन चिकित्सा, सनातन कृषि व्यवस्था व सनातन जीवन पद्धति को जीवन में गौरव दें और इसके द्वारा अपने भीतर असीम ज्ञान, अनंत-असीम भक्ति, अनंत-असीम प्रचंड सामर्थ्य को जागृत करें।

**भारतीय शिक्षा बोर्ड की फसल पूरी तैयार हो जाएगी**

स्वामी ने कहा कि जिस दिन पतंजलि गुरुकुलम, आचार्यकुलम, विश्वविद्यालय और भारतीय शिक्षा बोर्ड की फसल पूरी तैयार हो जाएगी, उस दिन हमारा रुपया डॉलर, पौंड, यूरो से ऊपर जाएगी। हमारी करेंसी की वैल्यू भारतीय जीवन



पद्धति व भारतीय मानदंडों की वैल्यू, भारतीय संस्कृति-पर्व की वैल्यू और भारतीय पासपोर्ट की वैल्यू पूरी दुनिया में बढ़ जाएगी। दुनिया के 200 देश हमसे वीजा नहीं मांगेंगे। उन्होंने कहा कि सनातन जीवन मूल्यों में श्रद्धा रखने वाले पूरी दुनिया के 200-250 करोड़ से ज्यादा लोग तैयार हो रहे हैं और धीरे-धीरे पूरी दुनिया के 80-90 फीसदी लोग सनातन को फॉलो करेंगे। स्वामीजी ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि पूरी दुनिया के लगभग 200 देशों से कम से कम 15-20 हजार बच्चे पतंजलि गुरुकुलम, आचार्यकुलम और पतंजलि विश्वविद्यालय में पढ़ने के लिए आएं। सनातन जीवन पद्धति ही विश्व जीवन पद्धति बनेगी, भारतीय शिक्षा बोर्ड विश्व को नई शिक्षा देने वाला बोर्ड बनेगा और योग, आयुर्वेद व नेचुरोपैथी विश्व चिकित्सा पद्धति बनेंगी। यह जल्द होने वाला है, यह युग की मांग है।

## मेरा सौभाग्य है कि मैं इस यात्रा का सहभागी रहा: बालकृष्ण

कार्यक्रम में आचार्य बालकृष्ण ने ट्रस्ट की स्थापना से लेकर, विभिन्न चुनौतियों, सघंर्षों, झंझावातों से लड़ते हुए सेवा कार्यों के संचालन तक पतंजलि की यात्रा के बारे में विस्तार से बताया। आचार्य ने स्वामी रामदेवके अखंड-प्रचंड पुरुषार्थ का जिक्र करते हुए कहा कि इस विशाल सेवा संकल्प के पीछे स्वामी रामदेव की ही दृष्टि थी। उन्होंने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि मैं इस यात्रा का सहभागी रहा। उन्होंने बताया कि बिना सरकारी सहयोग के पतंजलि में देश में कई ऐतिहासिक कार्य किया। कृषि के क्षेत्र में पतंजलि के सेवा कार्यों को बताते हुए उन्होंने कहा कि 19 राज्यों में सबसे पहले आर्गेनिक फार्मर ट्रेनिंग प्रोग्राम चलाने वाला पतंजलि ही एकमात्र संस्थान था। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब 22 समृद्धशाली किसानों का चयन किया तो उनमें पांच किसान पतंजलि की ओर से प्रशिक्षित किए हुए थे। आचार्य बालकृष्ण ने गाय के घी से लेकर कई चीजों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पतंजलि की मौजूदगी से देश में किस तरह का परिवर्तन आया है। कार्यक्रम में पतंजलि की विभिन्न ईकाइयों के ईकाई प्रमुख, अधिकारिगण, पतंजलि के विभिन्न संगठनों के योगी योद्धा, संन्यासीगण व साध्वी बहनें, कर्मयोगी, पतंजलि शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थिगण व शिक्षकगण उपस्थित रहे।

**1500 करोड़ की जमीन घोटाला मामला**

# आईएएस ने कलेक्टर रहते तय की थी रिश्वत की दर




एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार किए जा चुके आईएएस अधिकारी और गुजरात के सुरेंद्रनगर के पूर्व कलेक्टर राजेंद्रकुमार पटेल को लेकर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अदालत में कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। ईडी ने अदालत को बताया कि आईएएस अधिकारी और गुजरात के सुरेंद्रनगर के पूर्व कलेक्टर राजेंद्रकुमार पटेल ने कथित तौर पर जमीन के इस्तेमाल में बदलाव (सीएलयू) के आवेदनों को मंजूरी देने के लिए 5 रुपए से 10 रुपये प्रति वर्ग मीटर तक रिश्वत की दरें तय की थीं। पिछले दिनों ईडी ने राजेंद्रकुमार पटेल को गिरफ्तार किया था। ईडी ने अहमदाबाद में एक विशेष पीएमएलए अदालत में पेश की गई रिमांड आवेदन में बताया कि सीएलयू आवेदन को जल्दी आगे बढ़ाने के लिए स्पीड मनी के तौर पर सुनियोजित तरीके से रिश्वत मांगी और वसूली गई। इसे गुजरात में जिला कलेक्टर के कार्यालय से काम करने वाले बिचौलियों के एक नेटवर्क के जरिए भेजा गया। डिजिटल सबूतों के अनुसार, रिश्वत के संग्रह का एक खाता था और उसे समय-समय पर जिला कलेक्टर के निजी सहायक को भेजा जाता था। ईडी ने कोर्ट में कहा कि 2015 बैच के आईएएस अधिकारी और तत्कालीन सुरेंद्रनगर कलेक्टर पटेल सीएलयू मंजूरी से जुड़े रिश्वतखोरी और मनी लॉन्ड्रिंग रैकेट में मुख्य लाभार्थी और अंतिम फैसला लेने वाले थे।

### क्या है मामला

प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने 1500 करोड़ रुपए के जमीन घोटाले के मामले में गुजरात में सुरेंद्रनगर के पूर्व कलेक्टर राजेंद्र पटेल को अरेस्ट किया है। 2जनवरी को ईडी की तीन टीमें गांधीनगर स्थित राजेंद्र पटेल के आवास पर पहुंचीं, जहां पहले उनसे पूछताछ की गई। हाल ही में ईडी की टीम ने सुरेंद्रनगर के कलेक्टर राजेंद्र पटेल के अलावा उनके पीए जयराजसिंह झाला, डिप्टी तहसीलदार चंद्रसिंह मोरी और क्लर्क मयूरसिंह गोहिल के घर पर छापा मारा था।

### हर किसी का तय था हिस्सा

कुल रिश्वत में से कथित तौर पर 50 प्रतिशत पटेल को मिला, 10 प्रतिशत एक बिचौलिए ने रखा और बाकी रकम कलेक्टर कार्यालय के दूसरे अधिकारियों में बांटी गई, जिसमें रेजिडेंट एडिशनल कलेक्टर, एक मामलतदार और एक क्लर्क शामिल थे। अदालत ने पटेल को 7 जनवरी तक ईडी की हिरासत में भेज दिया।

**20 साल की सजा काट रहा गुरमीत**

# डेरा सच्चा सौदा प्रमुख राम रहीम को 40 दिन की पैरोल

एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़

अपनी दो शिष्याओं से बलात्कार के मामले में 20 साल की जेल की सजा काट रहे और हरियाणा के रोहतक स्थित सुनारिया जेल में बंद डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह को रविवार को फिर से 40 दिन की पैरोल मिल गई। सिंह को इससे पूर्व पिछले साल अगस्त में 40 दिन की पैरोल मिली थी। सिंह को अपनी दो शिष्याओं से बलात्कार के मामले में 2017 में 20 साल की जेल की सजा सुनाई गई थी।



डेरा प्रमुख और तीन अन्य लोगों को 16 साल से अधिक समय पहले एक पत्रकार की हत्या के मामले में 2019 में दोषी ठहराया गया था। सिंह को पिछले साल अगस्त में पैरोल के अलावा अप्रैल में 21 दिन की फरलो और पांच फरवरी को दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले जनवरी में 30 दिन की पैरोल भी दी गई थी। इसी तरह, सिंह को अक्टूबर, 2024 को 20 दिन की पैरोल दी गई थी जो कि पांच अक्टूबर को हरियाणा विधानसभा चुनाव से कुछ दिन पहले दी गई थी। अगस्त 2024 में सिंह को 21 दिन की फरलो मिली थी और उसे सात फरवरी, 2022 से भी तीन सप्ताह की फरलो की अनुमति मिली थी जो कि पंजाब विधानसभा चुनाव से महज दो सप्ताह पहले दी गई थी।

### कई बार पैरोल पर आया बाहर

इस हालिया पैरोल से पहले, सिंह 2017 में दोषी ठहराए जाने के बाद से कुल 14 बार जेल से बाहर आ चुका है। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति जैसी सिख संगठनों ने सिंह को राहत दिए जाने की आलोचना की है। पिछले 13 अवसरों में जब सिंह जेल से बाहर रहा उनमें से कई बार वह उत्तर प्रदेश के बागपत जिले स्थित डेरा के आश्रम में रहा। सिरसा मुख्यालय वाले डेरा सच्चा सौदा के हरियाणा, पंजाब, राजस्थान और अन्य राज्यों में कई अनुयायी हैं। हरियाणा में डेरा के अनुयायियों की संख्या कई जिलों में काफी है, जिनमें सिरसा, फतेहाबाद, कुरुक्षेत्र, कैथल और हिसार शामिल हैं।

# जेईसीआरसी विवि ने डॉ.अच्युत सामंत को 70वीं मानद डॉक्टरेट की उपाधि से किया सम्मानित

**हरिभूमि न्यूज, भुवनेश्वर।** शिक्षा, समाजसेवा और मानव सेवा के क्षेत्र में उनके अथक प्रयास और योगदान के लिए कीट -कीस एवं कीम्स के संस्थापक प्रोफेसर डॉ.अच्युत सामंत को जेईसीआरसी विश्वविद्यालय, जयपुर (राजस्थान) द्वारा मानद डॉक्टर ऑफ साइंस की उपाधि दी गयी । यह सम्मान विश्वविद्यालय के 9वें वार्षिक दीक्षांत समारोह के अवसर पर प्रदान किया गया। जेईसीआरसी विश्वविद्यालय के चेयरमैन ओपी अग्रवाल ने अन्य विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में प्रोफेसर डॉ. समंत को यह मानद उपाधि प्रदान की। इस अवसर पर डॉ. सामंत ने मुख्य अतिथि के रूप में दीक्षांत भाषण भी




दिया। 25 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में सक्रिय जेईसीआरसी फाउंडेशन एक द्वि-शाखीय शैक्षणिक संस्थान है जिसमें 25,000 से अधिक छात्र अध्ययनरत हैं। यह प्रतिष्ठित सम्मान डॉ. अच्युत सामंत को देश-विदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों द्वारा प्रदान की गई 70वीं मानद डॉक्टरेट है, जो शिक्षा के माध्यम से वंचित वर्गों के सशक्तीकरण में उनके अतुलनीय योगदान को पुनः रेखांकित करता है। प्रोफेसर डॉ. अच्युत सामंत ने इस सम्मान के लिए जेईसीआरसी विश्वविद्यालय के प्रति आभार व्यक्त किया और इसे समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ करने की प्रेरणा बताया।

# मस्क ने 'एक्स' से हटाए अश्लील कंटेंट कहा- उल्लंघन करने वालों पर लगेगा बैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

एलन मस्क के स्वामित्व वाली सोशल मीडिया साइट 'एक्स' अवैध सामग्री को हटाएगी और ऐसी सामग्री अपलोड करने वाले खातों को स्थायी रूप से निलंबित करेगी। एक्स ने रविवार को बताया कि वह जरूरत के अनुसार स्थानीय सरकारों के साथ काम करेगी। कंपनी के वैश्विक सरकारी मामलों के खाते से यह बयान जारी किया गया। इससे पहले उसने कहा था कि मंच की एआई सेवा 'ग्रोक' का उपयोग करके अवैध सामग्री बनाने वालों पर भी वैसी ही कार्यवाही होगी, जैसी अवैध सामग्री अपलोड करने वालों पर की जाती है।

**सरकार का एक्शन, बैकफुट पर एलन**




**क्या है मामला:** नए साल की शुरुआत के साथ ही एक्स पर एक ट्रेंड वायरल होने लगा। कई यूजर्स ने ग्रोक एआई के इमेज एडिटिंग फीचर का गलत इस्तेमाल करते हुए महिलाओं, बॉलीवुड अभिनेत्रियों और सार्वजनिक हस्तियों की तस्वीरों को अनड्रेस करने या उन्हें बिकिनी में दिखाने के लिए एआई को कमांड दिए।

**भारत सरकार ने दिया था 72 घंटे का अल्टीमेटम:** भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय ने एक्स को एक बेहद सख्त नोटिस जारी किया है। सरकार ने एक्स को 72 घंटे का समय देते हुए प्लेटफॉर्म से सभी आपत्तिजनक कंटेंट को हटाने का आदेश दिया है। सरकार ने साफ कहा है कि अगर एक्स ने इन अश्लील तस्वीरों और इन्हें बनाने वाले अकाउंट्स पर लगाम नहीं लगाई, तो वह अपनी सेफ हार्बर सुरक्षा खो देगा।

## दुर्लभ कैंसर के कारण सांस लेने में थी तकलीफ, डाक्टरों ने बचाई मरीज की जान



**रायपुर।** दुर्लभ कैंसर की वजह से युवक को सांस लेने में तकलीफ थी, एम्स में इलाज की लंबी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आंबेडकर अस्पताल पहुंचे मरीज का ऑपरेशन कर ट्यूमर बाहर निकालकर उसकी जान बचा ली गई। युवक को मेडियास्टाइनल जर्म सेल नामक ट्यूमर था। लगभग चार घंटे चली लंबी सर्जरी के बाद कैंसर के साथ कार्डियक सर्जरी के डाक्टरों की टीम ने गांठ को बाहर निकाला। पूर्व में मरीज का उपचार एम्स के कैंसर विभाग में चल रहा था, जहां बायोप्सी जांच में मेडियास्टाइनल जर्म सेल ट्यूमर की पुष्टि हुई। प्रारंभिक जांच में छाती के बीच स्थित गांठ पायी गयी, जो हृदय के समीप बड़ी रक्त नलियों से चिपकी हुई थी। उच्च जोखिम को देखते हुए एम्स रायपुर के चिकित्सकों ने पहले कीमोथैरेपी दी। इससे गांठ का आकार छोटा हो गया, तो मरीज को आगे के इलाज के लिए आंबेडकर अस्पताल के कैंसर विभाग भेजा गया था। कैंसर सर्जरी विभागाध्यक्ष डा. आशुतोष गुप्ता ने जांच रिपोर्टों का गहन परीक्षण करने के बाद सर्जरी का निर्णय लिया। गांठ की संवेदनशील स्थिति को देखते हुए हृदय सर्जरी विभागाध्यक्ष से परामर्श लिया गया तथा निश्चेतना विभाग से सर्जरी की फिटनेस प्राप्त की गई। लगभग 3 से 4 घंटे तक चली इस जटिल सर्जरी में गांठ को बाएं फेफड़े के एक हिस्से सहित अत्यंत निपुणता से निकाला गया।

# बेटे की भरमार बंदूक से हत्या करने वाले पिता ने भी चुन ली मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मोहला

पारिवारिक विवाद पर अंबागढ़ चौकी थाना क्षेत्र के कुवारदल्ली गांव में 22 वर्षीय बेटे के ऊपर शुक्रवार रात को भरमार बंदूक से गोली दाग कर हत्या और पत्नी को घायल करने वाले आरोपी पिता ने अंतत फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। निरीक्षक अश्वनी राठौर ने पुष्टि करते हुए बताया कि हत्याकांड को अंजाम देकर बंदूक सहित फरार आरोपी का शव घटनास्थल से कुछ दूर डूमर के पेड़ पर फांसी पर लटका मिला है। इस तरह नशा और अति क्रोध में एक परिवार का अंत हो गया।

उल्लेखनीय है कि अंबागढ़ चौकी थाना क्षेत्र के ग्राम कुवारदल्ली में घरेलू विवाद ने खौफनाक रूप ले लिया। शुक्रवार रात लगभग 8 बजे संत कुमार उम्र 48 साल गांव के बाहर जंगल किनारे ईंट बना रहा था। रात को किसी बात को लेकर उसकी पत्नी शांति बाई के साथ विवाद हो गया। विवाद के बीच शांति बाई ने पति द्वारा झगड़ा तकरार करने की जानकारी फोन पर अपने बेटे शेखर उईके को दी। जिसके बाद तत्काल शेखर ईट भट्ठा में पहुंचकर अपने पिता को मां के साथ हो रहे वाद-विवाद पर समझाइश दे रहा था। नशे की हालत में अतिक्रोध में आकर पिता ने भरमार से बेटे के ऊपर गोली दाग दी।



सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाइड) में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** – मन में नकारात्मक विचारों से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। माता का सानिध्य मिलेगा।

**वृष** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। संगीत में रुचि हो सकती है।

**मिथुन** – भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनियोजित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**कर्क** – क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह** – नौकरी में तरक्की के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। यात्रा पर जाना हो सकता है। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**कन्या** – धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार का विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**तुला** – व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। धन की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** – क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**धनु** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** – आलस्य की अधिकता रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बहन-भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ** – कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बातचीत में संयत रहें।

**मीन** – शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा, परन्तु शैक्षिक कार्यों में कठिनाई भी आ सकती है। जीवनसाथी से मतभेद बढ़ सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा।

**भारतीय विमानन नियामक ने जारी किए नए दिशा-निर्देश**

# अब विमान में नहीं ले जा सकेंगे पॉवर बैंक!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

हवाई यात्रा करने वालों के लिए बड़ी खबर है। दरअसल अब फ्लाइट में पावर बैंक को चार्ज करना या फिर उसका इस्तेमाल करना पूरी तरह से बैन कर दिया गया है। दरअसल भारतीय विमानन नियामक (डीजीसीए) ने यह कदम लिथियम बैटरी में आग लगने की कुछ घटनाओं के मध्य नजर उठाया है। गौरतलब है कि अक्टूबर में दिल्ली एयरपोर्ट पर इंडिगो की फ्लाइट में एक यात्री के पावर बैंक में आग लग गई थी। हालांकि इस घटना में कोई चोटिल नहीं हुआ था लेकिन डीजीसीए ने इसके बाद कुछ सख्त कदम उठाए हैं। डीजीसीए ने फ्लाइट के



### लिथियम बैटरी में क्या है समस्या?

लिथियम बैटरी की एक बड़ी समस्या है कि अगर उसमे आग लग जाए, तो वह बहुत तेजी से फैलती है और डिवाइस को बम की तरह उड़ा भी सकती है। इसके अलावा ओवरचार्जिंग, पुरानी बैटरी, खराब मैन्युफैक्चरिंग या डिवाइस के गिरने से भी लिथियम बैटरी में आग लग सकती है। इसके अलावा लिथियम बैटरी में लगी आग को बुझाना भी काफी मुश्किल होता है क्योंकि यह खुद ही जलती रहती है।

### पावर बैंक खरीदते समय बरतें ये सावधानियां

डीजीसीए के कड़े रुख के बाद हमारी भी जिम्मेदारी बनती है कि पावर बैंक खरीदते हुए कुछ बेसिक सावधानियों का ध्यान रखा जाए। सबसे पहले तो फ्लाइट में तय क्षमता से ज्यादा का पावर बैंक लेकर सफर न करें। इसके अलावा अगर पावरबैंक थोड़ा फी फूला हुआ है, तो उसे इस्तेमाल न करें और हवाई यात्रा में तो साथ बिलकुल न लेकर जाएं। गौर करें कि पावरबैंक ओवरहीट प्रोटेक्शन और ऑटो कट-ऑफ जैसे सेफ्टी फीचर्स के साथ आता हो। पावरबैंक अगर इस्तेमाल के दौरान गर्म हो जाता हो, तो उसका इस्तेमाल न करें और साथ लेकर बिलकुल भी यात्रा न करें।

### जान लें क्या है नियम

- हैंड लगेज में किसी भी तरह की नुकीली चीजें ले जाने की अनुमति नहीं है। चाकू, कैंची, रेजर ब्लेड, कीलें जैसे चीजें केवल चेक-इन बैगेज में ले जा सकते हैं। इसलिए आप भूलकर भी नुकीली चीज हैंड लगेज में न रखें।
- हैंड लगेज में 100एमएल से ज्यादा लिक्विड भी ले जाने की अनुमति नहीं है। परफ्यूम, शैम्पू या क्रीम या अन्य कोई लिक्विड चीज आप चेक-इन बैगेज में ही लेकर जाएं। इसके अलावा, किसी भी स्प्रे बोतल को भी हैंड लगेज में ले जाना सख्त मना है।
- हैंड लगेज के साथ-साथ चेक-इन बैगेज में भी सूखा नारियल ले जाने पर प्रतिबंध हैं ।

## शब्द पहेली - 6100



**बाएँ से दाएँ**
1.आदत से मजबूर-4
5.एक वाद्य यंत्र (अंग्रेजी-4)
8.हवा,समीर-3
9.रुष्ट,गुस्सा होना-2
11.सफेद,श्वेत-3
12.हमेशा,सदैव-4
14.मस्तूल, नाव पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
15.सिर्फ,महज-3
17.अनाज का कण-2
19.आधुनिक,नया-5
22.एक प्रकार का मसाला, अजमोदा-5
25.सदैव-2
26.ध्वजा-3
27.अधिकार-2
28.असमकक्ष-4
30.चिलमन,नकाब-3
31.वायु रोग-2
33.नल,टोंटी-3
35.आवश्यकता-4
36.शमशीर-4

**ऊपर से नीचे**
2.राजनीतिक पार्टी-2
3.नीच,अपराधी-4
4.बिजली कौंधना-5
5.बंदर,मर्कट-3
6.जूं का अंडा-2
7.दक्षता,होशियारी-4
10.उपकार,दया भार-4
13.कुचलना,दबाना-3
16.आमदनी-3
17.मूल्य,कीमत-2
18.वाद्य यंत्र-2
20.बहादुरी-3
21.इस पर रोटी सेंकते हैं-2
22.नाज,नखरा-2
23.उत्तराधिकारी-3
24.आधुनिकता-4
25.झिझकना-5
26.हौसला, ताकत-4
28.शत्रुता,दुश्मनी-4
29.हूर,परी,अप्सरा (उर्दू-3)
32.पेड़,दरख्त-2
34.औषधि-2

**शब्द पहेली- 6099 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | सो | नि | या | गां | धी | ■ | म | हा | न | ता |
| खा | ना | ■ | प | ■ | र | क्ष | क | ■ | म | ल |
| ना | ■ | म | न | सि | ज | ■ | र | ग | ■ | मे |
| ब | ला | त | ■ | ■ | वा | दा | ■ | म | ह | ल |
| दो | ■ | दा | ■ | क | ला | ■ | आ | ■ | व | ■ |
| श | य | न | क | क्ष | ■ | दि | शा | ही | न | ता |
| ■ | म | ■ | प | ■ | ह | ल | ■ | न | ■ | क |
| का | ज | ल | ■ | शा | म | ■ | ■ | त | ह | त |
| म | ■ | त | य | ■ | व | फा | दा | र | ■ | व |
| चो | र | ■ | की | म | त | ■ | म | ■ | का | र |
| र | म | जा | न | ■ | न | य | न | ज | ल | ■ |

## सूडोकू नवताल - 6110

★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | 1 | 5 | |
| 2 | | | | | 1 | 8 | | |
| 3 | | | 4 | | 6 | 7 | | 9 |
| 5 | | | | | 9 | | | |
| | 9 | | 2 | 3 | 4 | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| 4 | | 7 | 6 | | 5 | | | 1 |
| | | 6 | 7 | | | | | 4 |
| | 5 | 3 | | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नवताल - 6109 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 |

# डेजर्ट वाइपर्स ने पहली बार जीता आईएलटी20 का खिताब, सैम करन ने खेली धुआंधार पारी

एजेंसी ▶▶| दुबई

डेजर्ट वाइपर्स ने तीसरी कोशिश में फाइनल की बाधा को आखरिकार पार कर लिया और दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में एमआई एमिरेट्स को 46 रनों से हराकर अपना पहला आईएलटी20 खिताब जीत लिया है।

वाइपर्स की इस ऐतिहासिक जीत के हीरो कप्तान सैम करन रहे, जो फाइनल के प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे। उन्होंने फाइनल में 51 गेंदों में नॉटआउट 74 रन बनाए। इस पूरे टूर्नामेंट में उन्होंने कुल 397 रन बनाए और कुल सात विकेट लिए। मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर के लिए करन को रेड बेल्ट और बेस्ट बैटर के लिए ग्रीन बेल्ट दोनों मिले।

### पिछले दो फाइनल में रही रनर-अप

पिछले दो आईएलटी20 फाइनल में रनर-अप रहने के बाद वाइपर्स तीसरी बार में खिताब जीतने में कामयाब रही। इस पूरे सीजन करन की टीम ने कमाल का प्रदर्शन किया। लीग स्टेज में सिर्फ़ दो मैच हारने के बाद उन्होंने उसी मोमेंटम को प्लेऑफ में भी बनाए रखा। पहले क्वालिफायर में एमआई एमिरेट्स को आसानी से हराया और फिर फाइनल में एक बार पोलार्ड की टीम को हार का स्वाद चखाया।

### फाइनल में पोलार्ड की एमआई को 46 रन से पीटा, डेजर्ट वाइपर्स ने तीसरी कोशिश में जीता खिताब




### सैम ने खेली 74 रन की पारी

फाइनल में पहले बैटिंग करते हुए डेजर्ट वाइपर्स ने 4 विकेट पर 182 रन का स्कोर बनाया, जिसमें सैम करन ने नाबाद 74 रन की पारी का अहम योगदान था। उन्होंने आठ चौके और दो छक्के लगाकर बीच के ओवरों में वाइपर्स की पारी को संभाला और फिर आखिर में तेजी से रन बनाए। उन्हें मैक्स होल्डन का अच्छा साथ मिला, जिन्होंने 32 गेंदों में 41 रन बनाए, जबकि फखर जमां ने शुरुआत में तेजी दी। डैन लॉरेंस ने एक तेज कैमियो के साथ पारी का शानदार अंत किया, जबकि एमिरेट्स ने आठ गेंदबाजों का इस्तेमाल किया, जिनमें फजलहक फारूकी सबसे सफल रहे। उन्हें दो सफलता मिली।

### वाइपर्स के गेंदबाजों का कमाल

इसके बाद वाइपर्स के गेंदबाजों ने एमआई को 182 रन का लक्ष्य हासिल करने नहीं दिया। नसीम शाह ने पावरप्ले में दो विकेट लिए, जबकि खुजैमा तनवीर और उस्मान तारिक ने बीच के ओवरों में रन नहीं बनने दिए। शाकिब अल हसन और पोलार्ड के बीच थोड़ी देर की साझेदारी ने कुछ टक्कर दी, लेकिन जैसे ही डेविड पायने ने निचले क्रम के बल्लेबाजों को आउट किया, एमआई की टीम 18.3 ओवर में 136 रन पर ऑल आउट हो गई।

## खबर संक्षेप



### स्क्वाश : अनाहत की सेमीफाइनल में एंट्री

**बर्मिंघम।** भारत की उभरती हुई खिलाड़ी अनाहत सिंह ने ब्रिटिश जूनियर अंडर-19 ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट के महिला सेमीफाइनल में जगह बना ली है। बर्मिंघम विश्वविद्यालय में खेले गए क्वार्टरफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त इस किशोरी भारतीय खिलाड़ी ने मिस्त्र की बार्ब समेह को 11-4, 10-12, 11-9, 11-3 से हराया। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला मिस्त्र की ही एक अन्य खिलाड़ी मलिका एल करास्की से होगा। दिल्ली की इस खिलाड़ी ने शुरुआती दौर में बाई मिलने के बाद दूसरे दौर में हांगकांग की विंग काई ग्लैडिस हो को 11-1, 11-3, 11-3 से हराया था। उन्होंने अंतिम 16 मुकाबले में मिस्त्र की मलाक एलमाराघी को 11-3, 11-3, 11-6 से हराया। भारत के दूसरी वरीयता प्राप्त आर्यवीर दीवान ने पांच गेम के क्वार्टरफाइनल में मिस्त्र के यासीन कौरीतम को 9-11, 11-3, 10-12, 11-9, 12-10 से हराकर लड़कों के अंडर-17 वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

### डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडर: आद्या और बिश्वास ने जीता खिताब



**वडोदरा।** आद्या बहेती और राजदीप बिश्वास ने आसान जीत के साथ डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडर में क्रमशः लड़कियों और लड़कों के अंडर-11 एकल वर्ग का खिताब जीता। लड़कियों के अंडर-11 फाइनल में आद्या ने साक्ष्य संतोष को 15-13, 11-8, 12-10 से हराया जबकि बिश्वास ने लड़कों के फाइनल में शर्विल करामबेल्कर को 11-8, 11-6, 11-13, 11-4 से शिकस्त दी। लड़कों के अंडर-15 फाइनल में विवान दवे ने रिशान चट्टोपाध्याय को 9-11, 11-9, 11-6, 11-3 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। वह अगले दौर में रुद्र जेना से भिड़ेंगे जिन्होंने अंडर-13 लड़कों के वर्ग के चैंपियन देव प्रणव भट्ट को 11-4, 11-8, 11-5 से हराया। लड़कियों के अंडर-15 वर्ग में शीर्ष वरीय एंकोलिका चक्रवर्ती, दूसरी वरीय नैशा रेवास्कर और उभरती हुई खिलाड़ी तनिष्का कालभैरव अंतिम आठ में जगह बनाने में सफल रहे।

### विश्व कप हर क्रिकेटर के जीवन में अहम : रजा

**केपटाउन।** जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा का मानना है कि खराब दौर से जूझ रही जिम्बाब्वे टीम आगामी टी20 विश्व कप में दमदार प्रदर्शन के जरिए विश्व क्रिकेट में फिर अपनी उपस्थिति दर्ज करा सकती है।



जिम्बाब्वे को सात फरवरी से शुरू हो रहे टूर्नामेंट में ग्रुप बी में पूर्व चैंपियन आस्ट्रेलिया और श्रीलंका के साथ रखा गया है जबकि आयरलैंड और ओमान भी इसी ग्रुप में हैं। रजा ने कहा,' विश्व कप हर क्रिकेटर के जीवन में अहम है। मेरा हमेशा से मानना रहा है कि जिम्बाब्वे को विश्व क्रिकेट में और सम्मान पाना है तो विश्व कप की भूमिका अहम होगी।'

### एशेज: ऑस्ट्रेलिया के पहली पारी में 166 रन, हेड शतक के करीब

# रूट का शतक, इंग्लैंड 384 रन पर मजबूत, हेड की आक्रामक पारी से ऑस्ट्रेलिया का पलटवार

एजेंसी ▶▶| सिडनी

जो रूट के मौजूदा एशेज श्रृंखला के दूसरे शतक से इंग्लैंड ने पांचवें टेस्ट मैच के दूसरे दिन बड़ा स्कोर बनाया लेकिन ट्रेविस हेड की आक्रामक बल्लेबाजी से ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में शानदार शुरुआत की। रूट की 160 रन की पारी के बदौलत इंग्लैंड की पहली पारी चाय के विश्राम से पहले 384 रन पर सिमटी गई। यह ऑस्ट्रेलिया में रूट का सर्वश्रेष्ठ टेस्ट स्कोर है। दिन का खेल खत्म होने तक ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में दो विकेट पर 166 रन बना लिए थे। हेड 87 गेंद में 91 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद है। वह पांच मैचों की श्रृंखला में अपने तीसरे शतक से नौ रन दूर हैं। बेन स्टोक्स ने दिन के आखिरी सत्र में जैक वेदरल्ड (21) और शानदार बल्लेबाजी कर रहे मार्नस लाबुशेन (48) को आउट कर दो सफलता हासिल की। रूट ने 242 गेंद में 160 रन बनाए और वह माइकल नेसेर को रिटर्न कैच देकर लौटे। नेसेर ने 60 रन देकर चार विकेट चटकाए। रूट ने अपनी पारी में 15 चौके जड़े।

### ऑस्ट्रेलिया की तेज शुरुआत

हेड और वेदरल्ड ने इसके बाद ऑस्ट्रेलिया को तेज शुरुआत दिलाई। दोनों से महज 10 ओवर के अंदर टीम के स्कोर को 50 रन तक पहुंचा दिया। इसके बाद गेंदबाजी के लिए आए स्टोक्स ने वेदरल्ड को पगबाधा कर ऑस्ट्रेलिया को पहला झटका दिया। हेड ने आक्रमक पारी जारी रखते हुए 55 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने इस दौरान श्रृंखला में 500 रन के आंकड़े को भी पार किया। हेड और लाबुशेन ने 105 रन की साझेदारी के साथ इंग्लैंड की मुश्किलें बढ़ा दी लेकिन स्टोक्स ने दिन के आखिरी ओवरों में लाबुशेन को गली में कैच कराके टीम को बड़ी सफलता दिलाई। हेड के साथ रात्रि प्रहरी नासेर (एक रन) क्रीज पर मौजूद हैं।




### ट्रैवस का बड़ा कारनामा

पांचवे टेस्ट की पहली पारी में हेड ने अपनी रनों की रफ्तार को बनाए रखा और 63 रन के स्कोर पर पहुंचते ही एशेज 2025-26 में अपने 500 रन पूरे कर लिए। ऐसा करने वाले वह पहले खिलाड़ी बन गए। मौजूदा एशेज सीरीज में हेड 500 रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज हैं। उनके आसपास भी कोई नहीं हैं। हेड ने एशेज में 500 रन का आंकड़ा छूते ही बड़ा कमाल कर दिया है। दरअसल, ट्रैविस हेड 21वीं सदी में एशेज सीरीज में 500 से ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे ऑस्ट्रेलियाई ओपनर बन गए हैं। इससे पहले डेविड वॉर्नर ने एशेज 2013-14 में 500 से ज्यादा रन बनाने का कारनामा किया था।

### स्टोक्स ने की बड़े कीर्तिमान की बराबरी

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच की पहली पारी में बेन स्टोक्स ने अभी तक दो विकेट हासिल किए हैं। इसी के साथ वह टेस्ट में इंग्लैंड के लिए संयुक्त रूप से ज्यादा विकेट लेने वाले कप्तान बन गए। उन्होंने इंग्लैंड के बॉब विलिस की बराबरी कर ली है। इन दोनों प्लेयर्स ने इंग्लैंड के लिए टेस्ट कप्तान के तौर पर कुल 77-77 विकेट हासिल किए हैं। अभी पांचवें टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया के पहली पारी में 8 विकेट गिरने और बाकी हैं। इसके अलावा दूसरी पारी भी बची हुई है। अगर इसमें बेन स्टोक्स एक और विकेट ले लेते हैं, तो वह इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले कप्तान बन जाएंगे और बॉब विलिस का रिकॉर्ड तोड़ देंगे।


### स्टोक्स-लाबुशेन के बीच तीखी बहस

एशेज के पांचवें मुकाबले के दूसरे दिन मैदान पर माहौल गर्मा गया। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स और ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन के बीच तीखी बहस देखी गई। ट्रेविस हेड ने इंग्लैंड के कप्तान की गेंदों पर लगातार बाउंड्री लगाकर 29वां ओवर खत्म किया, जिसने स्टोक्स को गुस्सा दिला दिया था। जब स्टोक्स ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों के पास से गुजरे, तो उन्होंने लाबुशेन से कुछ कहा और उनकी ओर इशारा किया, जिसके बाद टकराव बढ़ गया। इसके बाद स्टोक्स मुड़े और ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी के पास गए। उन्होंने ट्रैविस हेड के कंधे पर हाथ रखा। दोनों के बीच कुछ बातचीत हुई। इस बीच अंपायर को दखल देना पड़ा।

### पोंटिंग की बराबरी पर पहुंचे रूट

इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जो रूट ने टेस्ट शतकों के मामले में ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग की बराबरी कर ली है। रूट ने ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध एशेज सीरीज के पांचवें मैच की पहली पारी में 160 रन की पारी खेली। यह उनका 41वां टेस्ट शतक रहा। टेस्ट करियर में पोंन्टिंग ने 168 टेस्ट मैच खेले और 41 शतक लगाए। सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर चल रहा टेस्ट रूट का इंग्लैंड के लिए 163वां टेस्ट है। टेस्ट इतिहास में सर्वाधिक शतकों के मामले में सचिन तेंदुलकर शीर्ष पर हैं, जिन्होंने 200 मुकाबलों की 329 पारियों में 51 शतक लगाए हैं। वहीं, साउथ अफ्रीकी बल्लेबाज जैक कैलिस ने 166 टेस्ट मुकाबलों में 45 शतक अपने नाम किए।

## जेएसडब्ल्यू स्पोर्टर्स से अलग हुए चोपड़ा, एक दशक पुराना नाता तोड़ा



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दो बार के ओलंपिक पदक विजेता भालाफेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने जेएसडब्ल्यू स्पोटर्स के साथ एक दशक पुराना रिश्ता तोड़ दिया है और अब वह अपनी खिलाड़ी प्रबंधन फर्म वेल स्पोटर्स शुरू करेंगे। चोपड़ा 2016 में जेएसडब्ल्यू स्पोटर्स से जुड़े थे। चोपड़ा ने कहा,' पिछले एक दशक से हमारा सफर विकास, विश्वास और उपलब्धियों से भरा रहा है। मेरे कैरियर में जेएसडब्ल्यू स्पोटर्स की अहम भूमिका रही है और उनके सहयोग और दृष्टिकोण के लिए मैं हमेशा आभारी रहूंगा।' उन्होंने कहा,' इस अध्याय को खत्म करने के साथ मैं उन्हीं मूल्यों को अपने सफर के अगले चरण में लेकर जा रहा हूं।' जेएसडब्ल्यू स्पोटर्स के सीईओ दिव्यांशु सिंह ने कहा,' नीरज के साथ काम करना हम सभी के लिए शानदार अनुभव रहा। उनकी सफलता की कहानी श्रेष्ठता और लक्ष्य के प्रति हमारे साझे फलसफे को दर्शाती है। हमने मिलकर जो भी उपलब्धियां अर्जित की हैं, उस पर हमें गर्व है और हम उन्हें भविष्य के लिये शुभकामना देते हैं।'

### मलेशिया ओपन

# नए सत्र की मजबूत शुरुआत पर सेन और सिंधू की नजर



एजेंसी ▶▶| कुआलालंपुर

लक्ष्य सेन और पीवी सिंधू समेत भारतीय खिलाड़ी मंगलवार 6 जनवरी से शुरू हो रहे सत्र के शुरुआती 1450000 डॉलर ईनामी राशि वाले मलेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में उतरेंगे तो उनकी नजरें मजबूती से शुरुआत करने पर लगी होंगी।

भारतीय खिलाड़ियों के लिए 2025 अच्छा नहीं रहा, जिसमें शीर्ष खिलाड़ी चोटों और खराब फॉर्म से जूझते रहे। अब फोकस शुरू ही से अच्छा प्रदर्शन करके अगले सप्ताह दिल्ली में होने वाले इंडिया ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट की तैयारी पुख्ता करने पर होगा।

पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने के बाद लगातार खराब फॉर्म से जूझ रहे लक्ष्य सेन ने आस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500 जीतकर लय हासिल की। अलमोड़ा के 24 वर्ष के लक्ष्य हांगकांग ओपन के फाइनल में भी पहुंचे थे। वह सिंगापुर के जिया हेंग जेसन तेह के खिलाफ पहले मैच में उसी लय को कायम रखना चाहेंगे।

### शेट्टी का सामना मलेशिया के खिलाड़ी से

आयुष शेट्टी का सामना पहले दौर में पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता मलेशिया के ली जी जिया से होगा। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू के लिए पिछला साल निराशाजनक रहा। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू पैर की चोट के कारण अक्टूबर के बाद से खेल नहीं सकी हैं। वह पहले दौर में चीनी ताइपै की सुंग शुओ युन से खेलेंगी। दूसरी बार ओडिशा ओपन खिताब जीतने वाली उन्नति हुड्डा का सामना तोक्यो ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता और चौथी वरीयता प्राप्त चीन की चेन यू फेइ से होगा। बाए घुटने की चोट के कारण छह महीने बाद लौट रही मालविका बंसोड की टक्कर पूर्व विश्व चैम्पियन थाईलैंड की रेचानोक इंतानोन से होगी।

## नाडा ने जारी की आरटीपी सूची, स्मृति और जेमिमा का नाम शामिल

**नई दिल्ली।** स्टार भारतीय महिला क्रिकेटर स्मृति मंधाना और जेमिमा रोड्रिग्ज राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) की 2026 की पहली तिमाही के लिए पंजीकृत परीक्षण पूल (आरटीपी) में शामिल की गईं महत्वपूर्ण खिलाड़ी हैं जबकि 347 सदस्यीय सूची में 118 खिलाड़ियों के साथ सबसे अधिक एथलीट को जगह मिली है। पिछली आरटीपी सूची में 227 खिलाड़ी शामिल थे और इस बार इसमें 120 नाम और जोड़े गए हैं। खिलाड़ियों की सूची में यह इजाफा इस साल होने वाले राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों तथा भारत द्वारा अधिक आक्रामक परीक्षण पर जोर देने की वजह से हुआ है। आरटीपी में शामिल खिलाड़ियों को डोपिंग रोधी एजेंसी के साथ अपना रहने का स्थान साझा करना पड़ता है और प्रत्येक दिन एक तय समय में परीक्षण के लिए उपलब्ध रहना होता है। अपनी उपलब्धता का स्थान बताने में तीन बार नाकाम रहने को डोपिंग उल्लंघन माना जाता है। पिछली आरटीपी में भी सर्वाधिक 68 नाम एथलेटिक्स से जुड़े खिलाड़ियों के थे। नई आरटीपी सूची में भी इनकी संख्या काफी अधिक जिसमें स्टीपलचेज खिलाड़ी अविनाश साबले, बाधा दौड़ की खिलाड़ी ज्योति याराजी, डेकाथलन के तेजस्विन शंकर और फर्राटा धावक अनिमेष कुजूर जैसे बड़े नाम शामिल हैं।



## अंडर-19 क्रिकेट : वैभव की आतिशी पारी, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 19 गेंदों पर ठोका अर्धशतक

### 24 गेंद में ठोके 10 छक्के के साथ 283 की स्ट्राइक रेट से बनाए 68 रन

एजेंसी ▶▶| बेनोनी

इंडिया अंडर 19 टीम के कप्तान वैभव सूर्यवंशी ने साउथ अफ्रीका अंडर 19 क्रिकेट टीम के खिलाफ दूसरे वनडे मैच में मैदान पर उतरते ही धमाका करना शुरू कर दिया और उन्होंने अपना अर्धशतक सिर्फ 19 गेंदों पर पूरा किया। वैभव ने अपना अर्धशतक जब वो 46 रन पर थे तब छक्का लगाकर पूरा किया।

वैभव ने 24 गेंद में 68 रन की आतिशी पारी खेली। इसमें 10 छक्के और एक चौका शामिल रहा। उन्होंने 283.33 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए। वैभव सूर्यवंशी ने कुल 24 गेंद खेली जिनमें से 11 पर चौके छक्के लगाए और इनसे कुल 64 रन बने। बाकी के चार रन ही सिंगल-डबल से आए। यह साउथ अफ्रीका की धरती पर सूर्यवंशी का पहला अर्धशतक रहा। सूर्यवंशी एक समय पर 10 गेंद में 37 रन बनाकर खेल रहे थे और इनमें से 36 रन सिर्फ छक्कों से आए थे. उनका पहला चौका 22वीं गेंद पर आया। सूर्यवंशी तीन मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में नाकाम रहे थे। तब वह 11 रन बनाकर आउट हो गए थे। मगर सूर्यवंशी ने दूसरे वनडे में धांसू आगाज किया और भारतीय टीम को जोरदार शुरुआत दी. एरॉन जॉर्ज (20) के साथ पहले विकेट के लिए उन्होंने छह ओवर में 67 रन जोड़ दिए. इनमें से केवल 20 रन जॉर्ज के बल्ले से आए थे।



### छक्के से खोला खाता

सूर्यवंशी ने छक्के के साथ खाता खोला। फिर एक रन लिया। उन्होंने तीसरी गेंद पर फिर से छक्के लगाया। इसके बाद उन्होंने सिर्फ छक्के लगाकर रन बटोरे। इस दौरान कुल छह सिक्स उड़ाए।

### चेक गणराज्य के जैकब सिंगल्स जीतने वाले बने दूसरे सबसे युवा

# मेन्सिक ने यूनाइटेड कप में जीत के साथ किया आगाज

एजेंसी ▶▶| सिडनी

यूनाइटेड कप में चेक गणराज्य के 20 साल जैकब मेन्सिक ने नॉर्वे के कैस्पर रूड के खिलाफ 7-5, 7-6(6) से जीत दर्ज की। जैकब मेन्सिक ने दोनों सेटों में आखिर तक संयम बनाए रखा। उन्होंने पहले सेट में 5-5 पर एक महत्वपूर्ण ब्रेक हासिल किया। इसके साथ एक सेट की बढ़त के लिए सर्व किया। दूसरे सेट में 5-4 पर मैच खत्म करने में नाकाम रहने के बाद जैकब मेन्सिक ने शानदार वापसी की।

वह दूसरे सेट के टाई-ब्रेक में 3/5 से पीछे थे, लेकिन अगले छह में से पांच प्वाइंट जीते। पिछले साल मियामी में एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट के विजेता मेन्सिक ने दूसरे सेट के टाई-ब्रेक में 5/6 पर सेट प्वाइंट का सामना करते हुए क्रॉस-कोर्ट फोरहैंड पास मारा। 20 साल के मेन्सिक यूनाइटेड कप के इतिहास में सिंगल्स मैच जीतने वाले दूसरे सबसे कम उम्र के खिलाड़ी हैं। उनसे पहले स्टेफानोस सकेलारिडिस ने 18 साल की उम्र में जीत दर्ज करते हुए इतिहास रचा था। यह कारनामा उन्होंने साल 2023 में किया था। यूनाइटेड कप में पदार्पण करते हुए और सीजन का अपना पहला मैच खेलते हुए मेंसिक ने जीत दर्ज की।





### मैं बहुत खुश हूं : बारबोरा

*क्रेज्सिकोवा ने कहा, मैंने लंबे समय तक नहीं खेला। मुझे जो चोट लगी थी वह सच में बहुत दुर्भाग्यपूर्ण थी। मैं बहुत खुश हूं कि मैं यहां हूं। मैं खेल सकती हूं। मैं इसका आनंद ले सकती हूं। मैं मुकाबला कर सकती हूं। मैं बहुत खुश हूं कि आखिरकार एक मैच खत्म कर पाई।*




घने कोहरे के बीच गलन भरी ठण्ड

# बर्फीली हवाओं की दम पर रंग दिखा रही ठण्ड



**जबलपुर।** घने कोहरे के साथ ठण्डी हवाओं ने बुधवार की सुबह लोगों को कंपकंपाने पर मजबूर कर दिया। इतना घना कोहरा था कि 20 फुट दूर का अक्स साफ दिखाई नहीं दे रहा था। कोहरे की वजह से पिछले तीन दिन बाद सोमवार को सूर्यदेव के दर्शन हुए। दिन का तापमान औसत से 3 डिग्री नीचे रहने के कारण धूप भी कुनकुनी लगती रही। धूप का प्रभाव तेज नहीं रहा। आज से रात के तापमान में गिरावट आने की संभावना है। गलन भरी ठंड को देखते हुए जिला कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने 5 और 6 जनवरी तक पहली से आठवीं तक की स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया है। मौसम विभाग के मुताबिक ग्वालियर चंबल के ऊपर सक्रिय चक्रवाती हवाओं के असर से कोहरा छाया और हवा में नमी बढ़ने की वजह से जाड़े ने अपनी रंगत दिखाई। कोहरे और हल्के बादलों की वजह से तापमान में अधिक गिरावट तो नहीं देखी जा रही, लेकिन जाड़े की अकड़ में कोई कमी नहीं आई। खुले आसमान के नीचे ऐसा लग रहा है जैसे कि बर्फ गिर रही हो।

इन दिनों शहर में कड़ाके की ठण्ड का दौर चल रहा है। सुबह शाम गलाव भरी ठण्ड और दोपहर में शीतलहर ने जनजीवन को प्रभावित कर रखा है। चौबीसों घंटे लोग गर्म वस्त्रों से लदे नजर आ रहे हैं। रात को सड़के जल्दी वीरान हो जाती हैं। ठण्ड से बचने लोग जल्दी घरों में दुबक जाते हैं। वहीं दूसरी ओर सुबह दिनचर्या देर से शुरू होती है। कंपकंपाने वाली ठण्ड का एहसास किया जा रहा है। मौसम कार्यालय के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 20.4 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 3 डिग्री कम दर्ज किया गया, वहीं न्यूनतम तापमान 09.0 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री कम दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातःकाल 95 प्रतिशत और सायंकाल 63 प्रतिशत दर्ज की गई। सूर्योदय सुबह 6.53 बजे और सूर्यास्त शाम 5.39 बजे हुआ। उत्तरी पश्चिमी हवायें 4 से 5 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं। प्रदेश में सबसे ठण्डा जिला कल्याणपुर शहडोल जहां 3.8 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। अगले 24 घंटों के दौरान कोहरा छाने और गलन भरी ठंड बढ़ने की संभावना है।

## कोहरे का सितम: रेल यातायात ध्वस्त

### श्रीधाम 4.30 और दानापुर स्पेशल 13 घंटे लेट

**जबलपुर।** उत्तर भारत सहित पूरे प्रदेश में पड़ रही कड़ाके की ठंड और घने कोहरे ने रेल पहियों की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया है। 4 जनवरी को कोहरे के कारण विजिबिलिटी बेहद कम रही, जिसका सबसे ज्यादा असर जबलपुर आने वाली लंबी दूरी की ट्रेनों पर पड़ा। रेलवे स्टेशन पर यात्री कंपकंपाती ठंड में घंटों अपनी ट्रेनों का इंतजार करने को मजबूर दिखे।

### -प्रमुख ट्रेनें जो घंटों देरी से चल रहीं



जबलपुर रेल मंडल से प्राप्त जानकारी के अनुसार, आज कई महत्वपूर्ण गाड़ियां अपने निर्धारित समय से काफी विलंब से पहुंची।
12191 श्रीधाम एक्सप्रेसः हजरत निजामुद्दीन से जबलपुर आने वाली यह ट्रेन 4 घंटा 30 मिनट की देरी से पहुंची।
03246 बेंगलुरु-दानापुर स्पेशलः इस ट्रेन ने यात्रियों को सबसे ज्यादा परेशान किया, जो अपने निर्धारित समय से 13 घंटा 20 मिनट पीछे चल रही है।
11274 प्रयागराज छिवकी-इटारसी एक्सप्रेसः यह ट्रेन भी 5 घंटे के विलंब से ट्रैक पर दौड़ रही है।
03679 धनबाद-कोयम्बटूरः यह गाड़ी 3 घंटे लेट रही।
अन्य गाड़ियांः शहडोल-नागपुर एक्सप्रेस (1.15 घंटा), नैनपुर-जबलपुर पैसेंजर (1.30 घंटा) और इटारसी-कटनी मेमू (1.15 घंटा) भी देरी का शिकार हुईं।

### यात्रियों की बढ़ी मुश्किलें

कोहरे के कारण उत्तर प्रदेश और बिहार की ओर से आने वाली लगभग सभी गाड़ियां प्रभावित हुई हैं। कई ट्रेनें जो रात में या तड़के सुबह पहुंचने वाली थीं, वे 1 से 2 घंटे की देरी से स्टेशन पहुंचीं। स्टेशन पर यात्रियों के लिए सर्दी से बचने के इंतजाम भी नाकाफी साबित हो रहे हैं। विशेषकर बुजुर्गों और बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे घर से निकलने से पहले 'नेशनल ट्रेन इंक्वायरी सिस्टम' या हेल्पलाइन नंबर 139 के माध्यम से अपनी ट्रेन की वर्तमान स्थिति जरूर जांच लें, ताकि स्टेशन पर अनावश्यक इंतजार से बचा जा सके।



# निरीक्षण : सूरजताल तालाब का होगा कायाकल्प

### एक माह में निखरेगी तालाब की सूरत

**जबलपुर।** शहर की ऐतिहासिक धरोहर और जल स्त्रोतों के संरक्षण की दिशा में नगर निगम द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। इन्ही प्रयासों में एक और कड़ी जोड़ते हुए गढ़ा के सूरजताल तालाब का कायाकल्प करने की भी योजना निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने बनाई है। जिसके लिए निगमायुक्त ने सोमवार को अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, उपयंत्री वीरेन्द्र पाण्डेय, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अर्जुन यादव के साथ तालाब सफाई अभियान के अन्य सदस्यों के साथ सूरजताल तालाब का सघन निरीक्षण किया और आगामी एक माह के भीतर तालाब की सूरत बदलने का संकल्प लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को कल से ही युद्धस्तर पर सफाई अभियान शुरू करने के कड़े निर्देश भी दिए हैं। इस दौरान निगमायुक्त ने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया है कि जिस प्रकार से सीता सरोवर तालाब की सफाई हुई है उसी प्रकार से सूरजताल तालाब की सफाई कराएं। उन्होंने यह भी बताया कि 26 जनवरी को तालाबों की सफाई करने वाले सभी सफाई मित्रों को प्रशस्ती प्रमाण पत्र भेंट कर पुरस्कृत किया जायेगा।

### कल से शुरू होगा काम

निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने स्वास्थ्य और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि तालाब के भीतर की जलकुंभी और अन्य घास एवं कचरे को हटाना और किनारों की सफाई उनकी प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नगर निगम में उपलब्ध सभी संसाधनों को लगाकर तालाब की सफाई का कार्य पूर्ण कराएं।

### स्थानीय लोगों से संवाद

निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने केवल अधिकारियों को निर्देश ही नहीं दिए, बल्कि तालाब के आस-पास बसे स्थानीय लोगों से भी सीधे संवाद भी किया और तालाब के सफाई अभियान में सहयोग प्रदान करने की समझाईश दी। निगमायुक्त श्री अहिरवार ने निरीक्षण के अवसर पर वहां खेल रहे बच्चों को देखकर निगमायुक्त खुद को रोक नहीं पाए। उन्होंने बच्चों से आत्मीय बातचीत की और उनसे पढ़ाई लिखाई के साथ खेलकूद के विषय में भी चर्चा की। सभी बच्चों ने उत्साह के साथ निगमायुक्त से बातचीत की। बच्चों के उत्साह को देख निगमायुक्त ने उनका हौसला बढ़ाया।

# स्वच्छता बनाए रखने रेलवे ने काटे 6733 चालान



**जबलपुर।** जबलपुर रेल मंडल द्वारा स्वच्छता के प्रति यात्रियों में जागरूकता लाने एवं रेलवे परिसरों को स्वच्छ बनाए रखने के उद्देश्य से निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। मंडल के अंतर्गत सभी प्रमुख स्टेशनों एवं ट्रेनों में नियमित रूप से साफ-सफाई की जा रही है। स्वच्छता के नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध रेलवे अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। अप्रैल 2025 से दिसंबर 2025 की अवधि में जबलपुर मंडल में कुल 6,733 मामलों में कार्रवाई की गई, जिससे रेलवे को रुपए 13 लाख 47 हजार 945 से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ। केवल दिसंबर माह में ही 607 यात्रियों को ट्रेनों या स्टेशनों पर गंदगी फैलाने के लिए पकड़ा गया, जिन पर आर्थिक दंड लगाकर रेलवे को रुपए 1 लाख 21 हजार से अधिक का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त हुआ।

# तेज रफ्तार कार ने युवक को कुचला, मौत

### हादसा : अंधेरे का फायदा उठाकर भागा कार चालक

**जबलपुर।** बरेला थाना क्षेत्र के अंतर्गत गौर रोड पर रविवार की रात एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा सामने आया है। यहाँ एक बेलगाम कार ने बाइक सवार युवक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद आरोपी चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया।

### काम से घर लौट रहा था युवक

प्राप्त जानकारी के अनुसार, हिनौतिया निवासी 28 वर्षीय अजय पटेल तिलहरी स्थित एक फार्म हाउस में सेंटिंग का काम करता था। बीती रात वह अपना काम खत्म कर घर लौट रहा था। जैसे ही वह गौर पुलिस चौकी के पास पहुँचा, पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार क्रमांक एमपी 21 एमसी



1563 ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि अजय सड़क से काफी दूर जा गिरा और उसके सिर, हाथ व पैरों में गंभीर चोटें आईं।

### प्रत्यक्षदर्शियों ने नोट किया नंबर

चश्मदीदों के मुताबिक, कार की रफ्तार बहुत अधिक थी और चालक बड़ी लापरवाही से वाहन चला रहा था। दुर्घटना के बाद चालक ने रुकने की जहमत नहीं उठाई और अंधेरे का फायदा उठाकर वाहन सहित भाग निकला। हालांकि, मौके पर मौजूद सजग नागरिकों ने तत्काल वाहन का नंबर नोट कर लिया और पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलते ही गौर पुलिस मौके पर पहुँची और लहूलुहान अजय को अस्पताल पहुँचाया। डॉक्टरों ने उसे बचाने की काफी कोशिश की, लेकिन घाव गहरे होने के कारण उसने दम तोड़ दिया। सोमवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। युवक की मौत की खबर मिलते ही हिनौतिया क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बरेला पुलिस ने वाहन नंबर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी वाहन चालक के खिलाफ उचित धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है। क्षेत्र के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। वाहन नंबर के जरिए आरोपी की पहचान कर ली गई है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# मुख्य मार्गों की सड़क पर भरे जा रहे यात्री

### बस ऑपरेटरों की मनमानी से बन गए अघोषित बस स्टेंड

**जबलपुर।** शहर में अंतर्राष्ट्रीय बस टर्मिनल (आई.एस.बी.टी.) की सुविधा मुहैया कराये जाने के बावजूद बस संचालकों की मनमानी थमने का नाम नहीं ले रही है। हालात यह है कि शहर के अनेक स्थानों पर अघोषित बस स्टेंड बन गये हैं। मुख्य मार्गों पर सड़क किनारे सवारियों भरने का काम बेधड़क हो रहा है। जिसमें सड़क पर जाम और हादसों का खतरा मंडराता रहता है। बस आपरेटरों की मनमानी के सामने प्रशासन नतमस्तक हो गया है। अपरेटर यात्रियों को आई.एस.बी.टी से भरने की बजाय पुराना बस स्टेंड, शास्त्री ब्रिज, मदनमहल, दमोहनाका, एम्पायर तिराहा व तिलहरी पुल से सीधे भर रहे हैं। इन स्थानों पर नागपुर जाने वाली बसें खड़ी रहती हैं। जो राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बन रही है। एम्पायर तिराहा व तिलहरी पुल आदि स्थानों पर सुबह से ही बसों की आवाजाही शुरू हो जाती है। इस रूट पर मंडला, डिंडौरी व रायपुर जाने वाली बसें दिन भर चलती हैं। आईएसबीटी से चलने वाली मंडला, रायपुर रूट की बसें शहर के अंदर से निकल रही है। जिसके कारण एम्पायर मार्ग व पेंटीनाका चौक पर रोज जाम लग रहा है। शहर से बसों का प्रवेश प्रतिबंधित होने के बावजूद इन पर कार्रवाई नहीं हो रही है।

## खारी विसर्जन के दौरान डूबे युवक का एक हफ्ते बाद मिला शव

**जबलपुर।** भेड़ाघाट थाना अतंर्गत लम्हेटाघाट में खारी विसर्जन में आए एक युवक की नहाते समय पैर फिसलने के कारण पानी में डूबने से मौत हो गई। जिसका शव एक हफ्ते बाद पानी में उतराता मिला। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव को पानी से बाहर निकाला और मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। भेड़ाघाट पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बनियाखेड़ा माढ़ोताल निवासी 26 वर्षीय संदीप कोल गत 28 दिसंबर को अपनी बहन के ससुर की खारी विसर्जन में नर्मदा नदी गया था। दोपहर लगभग 1.30 बजे नर्मदा नदी में नहाते समय पैर फिसलने से नर्मदा नदी के बहाव के कारण नर्मदा नदी में डूब गया है। जिसका शव एक हफ्ते बाद पानी में उतराता मिला। पुलिस ने गोताखोरों की सहायता से शव को बाहर निकलवाते हुये पंचनामा कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर जांच में लिया गया।

# सहजपुर हत्याकांड के 7 आरोपी गिरफ्तार

**जबलपुर।** भेड़ाघाट थाना अतंर्गत सहजपुर में गत शनिवार 3 जनवरी को स्कार्पियो सवार युवक की हत्या करने वालें आरोपियों को पुलिस ने दबोच लिया। घटना की वजह तात्कालिक विवाद होना बताया जा रहा है। इस अंधे हत्याकांड का राजफाश करते हुए भेड़ाघाट पुलिस और क्राईम ब्रांच की टीम ने इस मामलें में 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक क्राईम जितेंद्र सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपी में एक नाबालिग भी शामिल है। उन्होंने बताया कि विवेचना के दौरान सीसीटीव्ही फुटेज खंगाले गए तथा घटना स्थल के आसपास उपस्थित व्यक्तियों से पूछताछ कर पतासाजी के आधार पर चिन्हित करते हुए संदेहियों नकुल कोल उम्र 19 वर्ष, नितिन उर्फ ग्ज्जू बर्मन उम्र 20 वर्ष शहपुरा, दुर्गेश बर्मन उम्र 32 वर्ष निवासी



### विवाद पर वारदात आरोपियों में नाबालिग भी शामिल

शहपुरा, दीपक बर्मन उम्र 20 वर्ष शहपुरा, सौरभ ठाकुर उर्फ कालू उम्र 19 वर्ष सहजपुर थाना भेडाघाट, अनिकेत उर्फ नंदी कोल उम्र 23 वर्ष सहजपुर थाना भेडाघाट व एक 16 वर्षिय नाबालिग को अभिरक्षा मे लेकर पूछताछ करने पर ज्ञात हुआ कि महेन्द्र उर्फ अभिषेक साहू का विवाद 3 जनवरी को सौरभ ठाकुर उर्फ गोलू से हो गया था। जिस पर उनके द्वारा दो गाडी दो पहिया बिना नम्बर की पल्सर एवं हीरो डिलक्स क्रमांक एमपी 20 एनई 9469 से तीन तीन व्यक्ति सवार होकर सहजपुर ब्रिज के पास सर्विस रोड पहुँचे जहॉ महेन्द्र उर्फ अभिशेक साहू की नकुल कोल तथा नितिन उर्फ गज्जू बर्मन के द्वारा चाकुओ से हमला कर हत्या कर दी गई। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त वाहन पल्सर एवं हीरो डिलक्स क्र. एमपी 20 एनई 9469 तथा घटना के वक्त पहने हुए कपडे तथा दो बटनदार चाकू जप्त किए हैं। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है।



# यूपी के डकैतों ने की थी पनागर में लूट

### 2 गिरफ्तार, बाकी की तलाश, 30 लाख का माल बरामद

**जबलपुर।** शहर से 15 किलोमीटर दूर पनागर थाना क्षेत्र के व्यस्त व्यावसायिक क्षेत्र कमानिया में भूरा ज्वैलर्स के संचालक के साथ हुई 30 लाख की लूट के मामले में घटना के लगभग 20 दिन बाद पुलिस ने यूपी निवासी दो आरोपियों को गिरफ्तार किया हैं। यह अंतर्राज्जीय चोर गिरोह के सदस्य बताए जा रहे हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से 30 लाख के जेवर व घटना में प्रयुक्त दो दोपहिया वाहन व एक मोबाइल जब्त किया हैं। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही हैं।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री पल्लवी शुक्ला ने बताया कि पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों और अन्य तकनीकी मदद से उक्त वारदात के एक आरोपी 39 वर्षीय दीपक त्रिपाठी और 32 वर्षीय गोविंद पांडे उर्फ कान्हा निवासी प्रयागराज को कपिलनगर नागपुर से पकड़ा गया है। पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ के बाद 152 ग्राम सोने के आभूषण, 3010 ग्राम चांदी के आभूषण, 1 लाख नगद कुल 30 लाख रुपए का माल बरामद किया हैं। यहां ज्ञातव्य है कि गत16 दिसम्बर को पनागर कमानिया में रोजाना की तरह भूरा ज्वेलर्स के संचालक सुनील सोनी और उनका पुत्र संभव सोनी मेन रोड के समीप दुकान बंद कर बेटा संभव सोनी के साथ सोने और चांदी के आभूषण के 3 बैग लेकर घर की ओर जाने की तैयारी कर रहे थे कि इसी बीच अज्ञात नकाबपोश बदामाशों ने बाप बेटे को कट्टा दिखाकर बैग छीनने का प्रयास किया। जब दुकान संचालक सुनील सोनी ने विरोध किया तो एक नकाबपोश ने गोली चला दी, जो कि संचालक की कमर मे लगी और वह गिर पड़े। संभव के चिल्लाने पर एक अन्य नकाबपोश ने उसके पिता सुनील को चाकू से वार कर घायल कर दिया। इसके बाद सभी लुटेरे जेवरों से भरे तीन बैग छीनकर भाग गए थे। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि प्रतापगढ़ निवासी वीरेंद्र यादव, प्रयागराज निवासी दीपक त्रिपाठी और उनके सहयोगी गोविंद पांडे, रवि पासी, रंजीत यादव, सत्यम तिवारी ने मिलकर वारदात की थी। शेष आरोपियों की अभी तलाश की जा रही हैं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240

### सुप्रीम कोर्ट ने न्यायिक अधिकारी की बर्खास्तगी अनुचित पाकर की निरस्त

## सिर्फ फैसले में गलती के लिए जज के विरुद्ध कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई सही नहीं

### मप्र सहित देश के सभी हाई कोर्ट को दी ऐसा न करने के निर्देश दिए

जबलपुर। सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की खंडपीठ ने सोमवार को मध्य प्रदेश के एक न्यायिक अधिकारी की बर्खास्तगी को इस टिप्पणी के साथ निरस्त कर दिया कि जिला न्यायपालिका के सदस्यों के विरुद्ध कथित तौर पर गलत या त्रुटिपूर्ण न्यायिक आदेश पारित करने के लिए अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू नहीं की जा सकती। सुप्रीम कोर्ट ने निर्भय सिंह सुलिया की अपील को मंजूरी दे दी, जिन्हें 2014 में भ्रष्टाचार के आरोपों और एक्साइज एक्ट के तहत बेल एप्लीकेशन पर फैसला करने में दोहरा मापदंड अपनाने के आरोप में एडिशनल डिस्ट्रिक्ट और सेशंस जज के पद से हटा दिया गया था।

यह कार्रवाई हाईकोर्ट द्वारा शुरू की गई एक डिपार्टमेंटल जांच के बाद की गई, जिसमें उन पर आरोप था कि उन्होंने मध्य प्रदेश एक्साइज एक्ट की धारा 34 (2) के तहत दर्ज मामलों में जमानत याचिकाओं पर फैसला करते समय दोहरा मापदंड अपनाया था। आरोप था कि उन्होंने कुछ मामलों में 50 बल्क लीटर से ज़्यादा शराब ज़ब्त होने के बावजूद जमानत दे दी, जबकि कई दूसरे ऐसे ही मामलों में यह कहते हुए जमानत निरस्त कर दी कि जब्त की गई मात्रा 50 बल्क लीटर से ज़्यादा होने के कारण जमानत नहीं दी जा सकती। सुप्रीम कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि हाई कोर्ट को न्यायिक अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू



करते समय बहुत सावधानी बरतनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सिर्फ इसलिए कि कोई आदेश गलत है, या फैसले में कोई गलती है, किसी न्यायिक अधिकारी को बिना किसी और वजह के विभागीय कार्यवाही की मुश्किल से नहीं गुजारा जाना चाहिए।

हाई कोर्ट को अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू करते समय सावधानी बरतनी चाहिए। यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि सिर्फ इसलिए कि कोई आदेश गलत है या फैसले में कोई गलती है, बिना किसी और वजह के न्यायिक अधिकारी को ऐसी कार्यवाही की मुश्किलों से न गुजारा जाए। कोर्ट ने इस बात पर ज़ोर दिया कि ऐसी कार्यवाही का ज़िला न्यायपालिका की स्वतंत्रता पर बुरा असर पड़ता है और अक्सर यह ट्रायल कोर्ट के जजों को विवेक का इस्तेमाल करने से हतोत्साहित करती है, खासकर जमानत के मामलों में। प्रशासनिक कार्रवाई के डर के कारण ट्रायल कोर्ट के जज सही मामलों में भी जमानत देने से हिचकिचा रहे हैं, जिससे हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में जमानत अर्जियों की संख्या बहुत ज़्यादा बढ़ गई है। हाई कोर्ट, जिसके पास सुपरवाइजरी कंट्रोल है, उसे यह ध्यान रखना चाहिए कि जिला न्यायपालिका के न्यायिक अधिकारी ज़्यादातर तनाव भरे माहौल में काम करते हैं। सिर्फ़ एक गलत आदेश या जमानत देने में विवेक का गलत इस्तेमाल, अपने आप में, बिना किसी और बात के, विभागीय कार्रवाई शुरू करने का आधार नहीं हो सकता। सुप्रीम कोर्ट ने कहा ऐसा नहीं होना चाहिए कि ट्रायल कोर्ट के जज के मन में किसी एडमिनिस्ट्रेटिव कार्रवाई के डर की वजह से, कानून के सिद्धांतों के अंदर आने वाले सही मामलों में भी बेल रिजेक्ट कर दी जाए। यही एक कारण है कि हाई कोर्ट में बेल एप्लीकेशन की बाढ़ आ जाती है। सुप्रीम कोर्ट में भी यही हाल है।

#### झूठी शिकायतें और बार की जवाबदेही

सुप्रीम कोर्ट ज्यूडिशियल अधिकारियों के खिलाफ झूठी और बेकार शिकायतों पर रोक लगाने के लिए भी कड़े निर्देश जारी किए। इसने कहा कि ऐसी शिकायतें करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की जानी चाहिए। जिसमें, उचित मामलों में, कोर्ट की अवमानना की कार्यवाही भी शामिल है। अगर शिकायत करने वाला बार का कोई ज़िद्दी सदस्य है, तो कोर्ट ने कहा कि अवमानना की कार्रवाई के अलावा, अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए बार काउंसिल को मामला भेजा जाना चाहिए, और ऐसे मामलों का जल्द से जल्द निपटारा करने का निर्देश दिया जाना चाहिए। साथ ही, कोर्ट ने यह भी साफ़ किया कि अगर किसी न्यायिक अधिकारी के खिलाफ़ दुर्व्यवहार की शिकायत पहली नजर में सच पाई जाती है, तो तुरंत अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की जानी चाहिए और अगर आरोप साबित होते हैं तो कोई नरमी नहीं दिखानी चाहिए। उचित मामलों में, हाई कोर्ट को कार्रवाई शुरू करने में हिचकिचाना नहीं चाहिए। न्यायिक अधिकारियों के खिलाफ क्रिमिनल केस चलाना न्यायपालिका का नाम खराब करने वाले काले लोगों को बाहर निकालना है।

## जीएसटी असिस्टेंट कमिश्नर विवेक वर्मा के मामले की पेश करो स्टेट्स रिपोर्ट

जबलपुर। रिश्वत लेने के आरोपी केंद्रीय जीएसटी असिस्टेंट कमीश्नर विवेक वर्मा ने अधीनस्थ अदालत से जमानत अर्जी निरस्त होने के बाद हाईकोर्ट की शरण ली है। मामले पर प्रारंभिक सुनवाई के बाद हाईकोर्ट के जस्टिस बीपी शर्मा की सिंगल बेंच ने सीबीआई को मामले की स्टेटस रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं। मामले पर अगली सुनवाई 12 जनवरी को होगी।उल्लेखनीय है कि जबलपुर निवासी होटल कारोबारी विवेक त्रिपाठी के विरुद्ध सीजीएसटी ने एक करोड़ रूपये की रिकवरी नोटिस जारी किया था। सीजीएसटी के असिस्टेंट कमिश्नर विवेक वर्मा, कार्यालय अधीक्षक मुकेश वर्मन व इंस्पेक्टर सचिन खरे ने मामले के निराकरण के लिए रिश्वत के रूप में 10 लाख रूपये मांगे थे। जिसकी शिकायत होटल कारोबारी ने सीबीआई से की थी। जांच में होटल कारोबारी की शिकायत सही पाई गई थी। रिश्वत की पहली किश्त चार लाख रूपये इंस्पेक्टर सचिन खरे को दिए गए थे। तभी सीबीआई की टीम ने दबिश देकर उसे रंगे हाथ पकड़ लिया। इसके बाद इंस्पेक्टर ने रिश्वत की रकम मिलने की जानकारी असिस्टेंट कमिश्नर विवेक वर्मा को दी गई। उसने रिश्वत की रकम लेकर कार्यालय आने के निर्देश इंस्पेक्टर को दिए थे। इंस्पेक्टर ने जैसे ही रिश्वत की रकम असिस्टेंट कमिश्नर को दी सीबीआई ने उसे भी गिरफ्तार कर लिया। तीसरा आरोपी कार्यालय अधीक्षक मुकेश बर्मन कार्यालय में मौजूद नहीं था। सीबीआई ने तीनों के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया था। वर्मा की ओर से सीबीआई कोर्ट में जमानत आवेदन पेश किया गया था। सीबीआई कोर्ट ने 22 दिसंबर को जमानत अर्जी खारिज करते हुए आरोपी को जेल भेज दिया था।

**हाईकोर्ट ने सीबीआई को दिया निर्देश**

## महाधिवक्ता कार्यालय में सरकारी वकीलों की नियुक्तियों को चुनौती

### हाईकोर्ट में याचिका दायर

जबलपुर। महाधिवक्ता कार्यालय में सरकारी वकीलों की नियुक्तियों को नियमविरुद्ध बताते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर कर की गई है। मप्र हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के संयुक्त सचिव योगेश सोनी ने बताया कि महाधिवक्ता कार्यालय में कुल 157 लॉ ऑफिसर्स की नियुक्ति को लेकर 25 दिसंबर को सूची जारी की गई है। उन्होंने याचिका में आरोप लगाया गया है कि नियुक्ति प्रक्रिया पूरी तरह मनमानी और पक्षपातपूर्ण है। सूची में पारदर्शिता का अभाव है। इस याचिका पर हाई कोर्ट में जल्द सुनवाई होगी।

याचिका में कहा गया है कि वर्ष 2013 की राजपत्र अधिसूचना में सरकारी वकीलों की नियुक्ति के लिए स्पष्ट और निर्धारित प्रक्रिया तय की गई है, लेकिन महाधिवक्ता कार्यालय ने उसका स्पष्ट उल्लंघन किया। अधिसूचना में कहा गया था कि सरकारी अधिवक्ता की नियुक्ति के लिए न्यूनतम 10 वर्ष की प्रेक्टिस की योग्यता निर्धारित है। इसके उलट कई शासकीय अधिवक्ता ऐसे हैं जिनकी प्रेक्टस 10 साल से बहुत कम है।

#### फॉर्म का क्या किया

अधिवक्ता योगेश सोनी ने दलील दी कि इस बार महाधिवक्ता कार्यालय में लॉ ऑफीसर बनने के लिए सैकड़ों वकीलों ने आवेदन किया था। आवेदन निर्धारित फॉर्म में आमंत्रित तो किए गए, लेकिन यह कहीं भी सार्वजनिक नहीं किया गया कि इन आवेदनों की जांच, मूल्यांकन और शॉर्टलिस्टिंग किस आधार पर की गई। यह भी कहा गया है कि न तो कोई मापदंड जारी किया गया, न अंक प्रणाली, न ही चयन या अस्वीकृति के कारण बताए गए। इससे पूरी प्रक्रिया पर गंभीर संदेह उत्पन्न होता है।

## दो वर्ष पूर्व जिला अदालतों में 1255 पदों पर की गई भर्ती के खिलाफ याचिका दायर

जबलपुर। हाईकोर्ट में एक याचिका दायर कर करीब दो वर्ष पूर्व हाईकोर्ट द्वारा जिला अदालतों में 1255 पदों पर की गई भर्ती को चुनौती दी गई है। याचिका में कहा गया है कि इसमें ओबीसी वर्ग के करीब तीन सैकड़ा अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा से बाहर कर दिया गया था। एडवोकेट यूनियन फॉर डेमोक्रेसी एण्ड सोशल जस्टिस की ओर से पुनरीक्षण याचिका हाईकोर्ट में दायर की गई है। याचिका में कहा गया है कि उक्त भर्ती में अनारक्षित पदों को प्रारंभिक व मुख्य परीक्षा में केवल सामान्य के लिए आरक्षित मानकर रिजल्ट जारी किया गया था। इसमें आरक्षित वर्ग के कट-ऑफ अंक अनारक्षित से 10 अंक ज्यादा निर्धारित किए गए थे। प्रारंभिक परीक्षा हेतु असिस्टेंट ग्रेड पद के लिए सामान्य वर्ग का कट-ऑफ 78 अंक और ओबीसी के लिए 88 अंक निर्धारित किए गए थे। इससे सैकड़ों उम्मीदवार मुख्य परीक्षा से बाहर हो गए थे। वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर व विनायक प्रसाद शाह ने दलील दी कि हाल ही में राजस्थान हाईकोर्ट व सुप्रीम कोर्ट ने यह निर्धारित किया है कि अनारक्षित वर्ग के पद चयन के प्रत्येक स्तर (प्रारंभिक व मुख्य) पर प्रतिभावान छात्रों से ही भरे जाएंगे, चाहे वो किसी भी वर्ग के हों बशर्ते उन्होंने आयुसीमा की छूट न ली हो। इन्हीं फैसलों को आधार बनाते हुए उक्त याचिका दायर की गई है।

## रंजिश पर हत्या के दो आरोपियों को उम्रकैद

जबलपुर। अपर सत्र न्यायाधीश राजेश कुमार यादव की अदालत ने हत्या के आरोपित जबलपुर निवासी रवि यादव व शिब्बू उर्फ शिवम का दोष सिद्ध पाया। इसी के साथ दोनों को आजीवन कारावास की सजा सुना दी। साथ ही ढ़ाई-ढ़ाई हजार रुपये जुर्माना भी लगाया। अभियोजन की ओर से लोक अभियोजक लहर दीक्षित ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि 20 अगस्त, 2022 को आरोपियों ने गढ़ा क्षेत्रातंर्गत बजरंग बली मंदिर के पास पुरानी रंजिश को लेकर रिब्बू उर्फ रामसिंह पटेल व उसके साथी श्रीकांत पर धारदार हथियार से हमला किया था। जिसमें रामसिंह गंभीर रूप से घायल हो गया था। वहीं श्रीकांत की मौत हो गई थी। शिकायत पर पुलिस ने हत्या सहित अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर अदालत के समक्ष चालान पेश किया था। विचारण दौरान पेश किगए गए गवाह व साक्ष्यों के मद्देनजर अदालत ने दोनों आरोपितों को दोषी करार देते हुए उक्त सजा सुनाई।

## स्वच्छ पेयजल आपूर्ति करने के लिए नगर निगम प्रतिबद्ध: महापौर

#### संभाग स्तर पर कई स्थानों से लिये गए सैम्पल

जबलपुर। शहर के नागरिकों के स्वास्थ्य और सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर निगम प्रशासन पूरी तरह सजग और सक्रिय है। महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' ने बताया कि नगर निगम शहर के हर घर तक स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में, पेयजल की शुद्धता सुनिश्चित करने और नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए नगर निगम का पूरा अमला इन दिनों युद्ध स्तर पर मैदान में उतरा हुआ है। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार शुद्ध जलापूर्ति के संकल्प को धरातल पर उतारने के लिए सभी संभागीय कार्यालयों में विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान क्षेत्रीय पार्षदगणों, संभागीय अधिकारियों और जल विभाग के उपयंत्रियों ने मिलकर विभिन्न क्षेत्रों का सघन निरीक्षण किया। शहर के विभिन्न हिस्सों और अंतिम छोर पर स्थित घरों से पानी के नमूने लिए गए। जल शोधन संयंत्रों से लेकर वितरण पाइप लाइनों तक पानी की शुद्धता की बारीकी से जाँच की गई। संभागीय कार्यालयों से प्राप्त जानकारी के अनुसार संभाग क्रमांक 7 के अन्तर्गत सुभाष चंद्र बोस वार्ड निर्भय नगर में जल वितरण लाईन सुधार कार्य किया गया। कोल माइंस जे.डी.ए. नाला की पुलिया के नीचे लगभग 20 पाइप लाइन गई है जिसके नीचे की सफाई पदाधिकारी विजय तिवारी, संभागीय अधिकारी पवन श्रीवास्तव, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अनिल बारी एवं मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक वैभव तिवारी और अमन चौरसिया तथा आम नागरिकों की उपस्थिति में कराई गयी। इसी प्रकार संभाग क्रमांक 11 अंतर्गत वार्ड 43 डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड में वार्ड पार्षद के साथ नालियों में जल आपूर्ति पाइप लाइन के लीकेज की स्थिति की जांच की गई। संभाग क्रमांक 10 से प्राप्त जानकारी के अनुसार एम.आई.सी. सदस्य दामोदर सोनी, वार्ड पार्षद श्रीमती सावित्री, निशांत झरिया, श्रीमती संतोषी ठाकुर संभागीय अधिकारी नरेश शर्मा सहायक स्वास्थ्य अधिकारी पोला राव मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक अनिल कुमार मिश्रा वार्ड सुपरवाइजर राजेश चौधरी मदन चौधरी के साथ पाइप लाइन लीकेज की स्थिति की जाँच की गयी, सभी स्थानों पर स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति पाई गयी। जाँच के दौरान पार्षद संजय साहू, संभागीय अधिकारी कुलदीप तिवारी, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र राज आदि भी उपस्थित रहे।

## अतिक्रमण मुक्त सड़कों से राहगीरों को मिली राहत



जबलपुर। शहर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर नगर निगम द्वारा व्यापक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अभियान के तहत नेताजी सुभाष चंद्र बोस प्रतिमा से जोन कार्यालय एवं रामपुर चौक तक मुख्य मार्ग के दोनों ओर से अस्थायी अतिक्रमण हटाए गए, जिससे सड़क चौड़ी हुई और यातायात सुगम हुआ। सगड़ा क्षेत्र में खुले में मांस विक्रय करने वाली दुकानों को हटाकर स्वच्छता सुनिश्चित की गई। वहीं सुपर मार्केट और हनुमानताल जैसे व्यस्त क्षेत्रों में की गई कार्रवाई से बाजारों में आवागमन आसान हुआ। अभियान के दौरान सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज 20 शिकायतों का भी संतोषजनक निराकरण किया गया। अतिक्रमण के दौरान अवैध टपरियां, गैस टंकियां एवं अन्य सामग्री जब्त की गई। नगर निगम ने नागरिकों से अपील की है कि वे अतिक्रमण न करें और शहर को व्यवस्थित रखने में सहयोग दें।

## चाचा ने भतीजे से की मारपीट

जबलपुर। पाटन थानांतर्गत गुरू मोहल्ला पाटन में कल सुबह चाचा ने मोबाइल चुराने की बात पर चाचा ने भतीजे से मारपीट कर चोटें पहुंचाई। पाटन पुलिस ने बताया कि गूरू मोहल्ला पाटन निवासी सौरभ पटेल के चाचा सालिगराम पटेल उर्फ सल्लू पटेल का मोबाइल फोन दो दिन पहले चोरी चला गया था। सल्लू पटेल ने अपने भतीजे सौरभ पटेल से पूछा कि तूने मेरा मोबाइल देखा है। इसी बात पर चाचा ने गालीगलौज कर भतीजे सौरभ पटेल के साथ मारपीट कर चोटें पहुंचा दी।

## क्षेत्र के समग्र विकास हेतु निरंतर प्रयास किए जाते रहेंगे : आशीष दुबे

### बरगी विधानसभा में सांसद का दौरा



जबलपुर। बरगी विधानसभा अंतर्गत बेलखेड़ा मंडल में सांसद आशीष दुबे ने ग्राम पंचायत स्तर पर व्यापक प्रवास कार्यक्रम के तहत क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने उमरिया, करहैया कला, इमलिया अठारह, चरगवां नवीन, कुसली, मनकेड़ी, सुनाचर, सालीवाड़ा, गुंदरई एवं बेलखेड़ा ग्राम पंचायतों में पहुंचकर नागरिकों से सीधा संवाद किया। सांसद श्री दुबे ने सांसद निधि सहित विभिन्न विकास योजनाओं के अंतर्गत संचालित एवं प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा करते हुए ग्रामीणों से उनकी आवश्यकताओं और सुझावों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर आमजन से संवाद ही क्षेत्र के समग्र और सतत विकास की मजबूत नींव है। इस अवसर पर पूर्व विधायक प्रतिभा सिंह, विधायक नीरज सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष आशा मुकेश गोंटिया सहित जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

## समाधान योजना में लापरवाही पर ट्रांसफर नहीं डिमोशन होगा: ऊर्जा मंत्री

जबलपुर। समाधान योजना में निर्धारित लक्ष्य के अनुसार उपलब्धि नहीं प्राप्त होने तथा कार्य में लापरवाही पर अधिकारियों का ट्रांसफर नहीं डिमोशन किया जाएगा। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने यह बात समाधान योजना की प्रगति की ऑनलाइन समीक्षा के दौरान कही। उन्होंने कहा कि रबी सीजन में किसानों को हर हॉल में 10 घंटे की विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करें। श्री तोमर ने सर्किलवार योजना की प्रगति की समीक्षा की।

समाधान योजना में नम्बर एक आने पर मिलेंगे 50 हजार-ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि समाधान योजना में जो सर्किल सबसे अच्छी उपलब्धि अर्जित करेगा, उसके अधीक्षण यंत्री को 50 हजार रूपये का इनाम दिया जाएगा। कंपनी क्षेत्रान्र्तगत प्रथम सर्किल को 25 हजार और सर्वश्रेष्ठ सहायक यंत्री को 11 हजार का पुरस्कार दिया जाएगा। संबंधित अभियंता की गोपनीय चरित्रावली में भी इसकी इंट्री की जाएगी।

2 लाख से अधिक के वकायादारों से सीई,एसई बात करें-ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि जिन उपभोक्ताओं के 2 लाख रूपए से अधिक के बिजली बिल बकाया हैं, उनसे मुख्य अभियंता और अधीक्षण अभियंता स्वयं बात करें। इसका डिटेल मंत्री कार्यालय को भी दें। उन्होंने कहा कि प्रथमतः बड़े बकायादारों से सख्ती से वसूली करें। कंपनी की आर्थिक स्थिति ठीक करने के लिए यह कार्य जरूरी है। वरिष्ठ अधिकारी लगातार फील्ड का भ्रमण करें।

अभी तक जमा हुये 578 करोड़ रूपए-समाधान योजना में अभी तक 578 करोड़ 22 लाख रूपए जमा हुए हैं। बिजली उपभोक्ताओं के 264 करोड़ 17 लाख रूपए के सरचार्ज माफ किए गए हैं। सर्वाधिक 382 करोड़ 72 लाख रूपए मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के क्षेत्र में जमा हुए हैं। योजना का प्रथम चरण 31 जानकारी तक चलेगा।

ऊर्जा सचिव विशेष गढ़पाले ने कहा कि लंबित बिजली बिल जमा नहीं करने वालों के बिजली कनेक्शन काटे जाएं। उन्होंने कहा कि लक्ष्य के अनुसार वसूली जरूरी है। इस दौरान एम.डी. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी अनय द्विवेदी, एम.डी. पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी अनूप सिंह सहित सभी अधिकारी बैठक में ऑनलाइन शामिल हुए।

## बाईकों की भिड़ंत में दो घायल

जबलपुर। कुंडम थानान्तर्गत कल ग्राम पडरिया में पोलट्री फार्म के समीप दो मोटर साइकिलों की भिड़ंत में दो लोग घायल हो गये। घायलों को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कुंडम पुलिस ने बताया कि सेठी नगर गोरखपुर निवासी सुनील विश्वकर्मा के जीजा अनिल विश्वकर्मा कल शाम लगभग 4.30 बजे पिकनिक मनाने अपने साथी मोंटी श्रीवास्तव के साथ मोटर साइकिल से छीता खुदरी डेम जा रहे थे तभी पड़रिया पोल्ट्री फार्म के पास मोटर साइकिल क्रमांक एमपी 20 जेड डी 7270 के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए अनिल की मोटर साइकिल में पीछे से टक्कर मार दी घटना में घायलों को जबलपुर के कोठारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## पीड़ित मानवता की सेवा के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित



**रक्तदाताओं ने थैलेसीमिया, सिकिलसेल और अन्य बीमारियों से पीड़ितों के लिए किया रक्तदान**

#### पीड़ितों की हुई निःशुल्क जांच, दवा का भी किया गया वितरण

जबलपुर। पीड़ित मानवता की सेवा के संकल्प के साथ हम हैं न फाउंडेशन द्वारा अधारताल तिराहा स्थित अमृतसरी नान रेस्टोरेंट एवं होटल उत्सव इन में वृहद निःशुल्क स्वास्थ्य, जांच एवं दवा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर सेठ गोविंददास जिला चिकित्सालय विक्टोरिया, शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय ग्वारीघाट, पूर्णायु आयुर्वेद चिकित्सालय एवं अनुसंधान विद्यापीठ तिलवाराघाट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। जिसमें में करीब 1500 मरीजों ने लाभ अर्जित किया। इस मौके पर 7 रक्तदाताओं ने थैलेसीमिया, सिकिलसेल और अन्य बीमारियों से पीड़ितों के रक्तदान किया। रक्त संग्रहण का कार्य जिला अस्पताल विक्टोरिया की ब्लड बैंक की टीम ने किया।

शिविर में दादा वीरेंद्रपुरी जी नेत्र संस्था देवजी नेत्रालय के सहयोग से विशाल निःशुल्क नेत्र जांच शिविर भी लगाया गया, जिसमें मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु रोगियों का चयन किया गया। साथ ही कांचियाबिंद, आँखों की सूजन, रेटीना एवं अन्य नेत्र रोगों की निःशुल्क जांच की गई।

स्वास्थ्य शिविर में शहर के विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दीं। इनमें हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. पुष्पराज पटेल, मधुमेह रोग विशेषज्ञ डॉ विशाल काश्तवार, इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. राहुल दारनुले, छाती, दमा एवं फेफड़ा रोग विशेषज्ञ डॉ. स्पंदन विश्वास एवं डॉ. हर्षित श्रीवास्तव, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अलका अग्रवाल एवं डॉ. शालिनी अग्रवाल, त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. सागर जायसवाल, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. मोहसिन अंसारी, आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. पंकज मिश्रा, डॉ. वेदांत गुप्ता, डॉ. शुभम जैन सहित होम्योपैथी चिकित्सक डॉ. रीता शर्मा एवं चिकित्सकों की टीम शामिल रही। शिविर में आने वाले मरीजों को निःशुल्क परामर्श, जांच, उपचार एवं दवाइयां प्रदान की गईं। इसके अतिरिक्त बीपी, शुगर, लिपिड प्रोफाइल, ईसीजी जैसी आवश्यक जांचें भी निःशुल्क की गईं। बड़ी संख्या में नागरिकों ने शिविर का लाभ उठाया। हम हैं न फाउंडेशन द्वारा अधिक से अधिक लोगों से इस प्रकार के सेवा शिविरों का लाभ उठाने की अपील की गई, ताकि समाज के जरूरतमंद वर्ग को समय पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

## प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता से करें : कलेक्टर

#### समीक्षा बैठकः खाद को वितरण ई-टोकन माध्यम से ही हो

जबलपुर। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। फील्ड स्तर के अधिकारी भी वीसी के माध्यम से इस बैठक में जुड़े थे। कलेक्टर श्री सिंह ने लंबित पत्रों व सीएम हेल्पलाईन के विभागवार समीक्षा कर कहा कि प्रकरणों का निराकरण समय सीमा में करना सुनिश्चित करें। इसके अलावा उन्होंने जैविक और प्राकृतिक खेती के संबंध में चर्चा करते हुए पराली प्रबंधन अंतर्गत दर्ज एफआईआर और कार्यवाहियों के संबंध में जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिये। पशुपालन, मत्स्य विभाग की योजनाओं के साथ स्वरोजगार योजनाएं और निर्माण



कार्यों की प्रगति की समीक्षा भी की गई। बैठक में उन्होंने 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठजनों के आयुष्मान कार्ड बनाने, गर्भवती महिलाओं एवं शिशुओं की पहचान कर उनके स्वास्थ्य की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिये। साथ ही कहा कि एनसी पंजीयन पर विशेष ध्यान दें। बैठक में एसआईआर अंतर्गत नोटिस जारी करने की समीक्षा भी की गई। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि खाद को वितरण ई-टोकन माध्यम से ही हो, आफलाइन न हो। उद्यानिकी की योजनाओं की समीक्षा के दौरान कहा कि धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थानों के आसपास फूलों की खेती प्रारंभ करने की कार्ययोजना बनायें। इसके अलावा खाद्य सुरक्षा, उपार्जन व तौल कांटे का सत्यापन, आरोग्य संवर्धन कार्यक्रम, ओडीओपी के लिये कामन फेसिलिटेशन सेंटर, नल-जल, पीएम जनमन, ब्लैक स्पॉट को दूर करने, सड़कों के गडढों के सुधार करने, सीवरेज लाइन ठीक करने, अपात्र लोगों को बीपीएल सूची से हटाने, गौशालाओं के संचालन के संबंध में भी चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि लाडली बहनों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना और प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा बीमा योजना जैसे सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से लिंक करें। इस दौरान नगर निगम कमिश्नर रामप्रकाश अहिरवार, सीईओ जिला पंचायत अभिषेक गहलोत, अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड सहित सभी जिला अधिकारी मौजूद थे।

# मनोरंजन क्षेत्र की एक्सेल एंटरटेनमेंट में 30% हिस्सेदारी खरीदेगी यूनिवर्सल म्यूजिक इंडिया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

यूनिवर्सल म्यूजिक इंडिया ने फिल्म एवं डिजिटल कंटेंट स्टूडियो एक्सेल एंटरटेनमेंट में 30 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने की सोमवार को घोषणा की। इससे रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर द्वारा स्थापित इस कंपनी का मूल्यांकन 2,400 करोड़ रुपये आंका गया है। संगीत-मनोरंजन के क्षेत्र में विश्व की अग्रणी कंपनी यूनिवर्सल म्यूजिक ग्रुप (यूएमजी) की इकाई यूनिवर्सल म्यूजिक इंडिया (यूएमआई) ने कहा कि उसने प्रस्तावित लेनदेन के लिए एक्सेल एंटरटेनमेंट के साथ एक पक्के समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यूएमआई ने बयान में कहा, '' समझौते के तहत एक्सेल का मूल्य 2,400 करोड़ रुपये (25.7 करोड़ यूरो) आंका गया है जिसके तहत यूएमआई एक्सेल में 30 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ एक महत्वपूर्ण अल्पांश शेयरधारक बन जाएगी।''


## नई रणनीतिक साझेदारी की नींव रखी जाएगी

इस समझौते से यूएमआई और एक्सेल के बीच एक नई रणनीतिक साझेदारी की नींव रखी जाएगी। इससे एक्सेल की वृद्धि में तेजी आएगी और महत्वपूर्ण भारतीय बाजार में यूएमआई की स्थिति और मजबूत होगी। इस समझौते के तहत, यूनिवर्सल म्यूजिक भारत तथा दक्षिण एशिया के चेयरमैन एवं सीईओ तथा अफ्रीका, पश्चिम एशिया तथा एशिया के रणनीति विभाग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवराज सान्याल एक्सेल एंटरटेनमेंट के निदेशक मंडल में शामिल होंगे।

## एक्सेल एकदम सही भागीदार

*सान्याल ने कहा, '' भारतीय फिल्म जगत संगीत एवं उससे जुड़े मनोरंजन व्यवसाय के लिए एक बेहद रोमांचक अवसर प्रस्तुत करता है और भविष्य में काम करने के लिए एक्सेल एकदम सही भागीदार है।'' बयान में कहा गया कि एक्सेल के संस्थापक रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर रचनात्मक दिशा एवं विषयवस्तु संबंधी निर्णयों में अपना योगदान देना जारी रखेंगे।*

## खबर संक्षेप



### अवांसे ने राइट्स इश्यू से जुटाए 1200 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** गैर-वित्तीय वित्तीय कंपनी (एनबीसी) अवांसे फाइनेंशियल सर्विसेज ने राइट्स इश्यू के जरिये मौजूदा शेयरधारकों वारबर्ग पिंकस, केदारा कैपिटल और अल्फा इन्वेस्टमेंट कंपनी एलएलसी से 1200 करोड़ रुपये जुटाए हैं। कंपनी ने सोमवार को बयान में कहा कि पूंजी जुटाने का यह कदम शेयरधारकों के मजबूत विश्वास एवं विविध वित्तपोषण आधार बनाने के लिए अवांसे के अनुशासित दृष्टिकोण को दर्शाता है जो पूंजी जुटाने की उसकी रणनीति के अनुरूप है।

### बीओएम का तिमाही ऋण 20 प्रतिशत बढ़ा


**नई दिल्ली।** बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) का अक्टूबर-दिसंबर 2025 में कुल ऋण सालाना आधार पर 19.61 प्रतिशत बढ़कर 2.73 लाख करोड़ रुपये हो गया।




बीओएम ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि 2024 की इसी तीसरी तिमाही के अंत में बकाया ऋण 2.29 लाख करोड़ रुपये था। कुल ऋण में 1.02 लाख करोड़ रुपये का कॉरपोरेट ऋण और 1.71 लाख करोड़ रुपये के आरएएम (खुदरा, कृषि एवं एमएसएमई) अग्रिम शामिल हैं। इसके परिणामस्वरूप, बैंक के कुल कारोबार (कुल ऋण व जमा) में 17.24 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई और यह 31 दिसंबर 2024 के अंत में 5.08 लाख करोड़ रुपये की तुलना में बढ़कर 5.95 लाख करोड़ रुपये हो गया।

### रुपया आठ पैसे गिरकर 90.28 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** रुपये में सोमवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट आई और यह आठ पैसे टूटकर 90.28 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। मजबूत अमेरिकी मुद्रा और घरेलू शेयर बाजारों में सुस्ती से रुपये पर दबाव पड़ा।



विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि वेनेजुएला में अमेरिकी सैन्य हस्तक्षेप के बाद उत्पन्न हुई भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं ने विश्व स्तर पर डॉलर की मांग को बढ़ावा दिया। हालांकि कच्चे तेल की गिरती कीमतों ने भारतीय मुद्रा को निचले स्तर पर थोड़ा समर्थन दिया।

### नेटवर्क18 व सीएनएन ने करार वर्ष 2035 तक के लिए बढ़ाया

**नई दिल्ली।** मीडिया कंपनी नेटवर्क18 ने अपने प्रमुख अंग्रेजी समाचार चैनल सीएनएन-न्यूज18 के लिए सीएनएन इंटरनेशनल के साथ अपनी साझेदारी को अगले 10 वर्ष के लिए बढ़ाया है।




संयुक्त बयान के अनुसार, ब्रांड और सामग्री लाइसेंसिंग समझौते को एक और दशक के लिए 31 दिसंबर 2035 तक बढ़ा दिया है। नेटवर्क18 और सीएनएन इंटरनेशनल के बीच पहली बार 2005 में साझेदारी की गई थी जिसे 2015 में बढ़ाया गया और अब इसे 2035 तक के लिए बढ़ा दिया गया है।

### आईईएक्स का कारोबार 11% बढ़कर 34 अरब यूनिट पार

**नई दिल्ली।** बिजली खरीद-बिक्री बाजार इंडियन एनर्जी एक्सचेंज (आईईएक्स) का अक्टूबर-दिसंबर में कुल कारोबार 11.9 प्रतिशत बढ़कर 34.08 अरब यूनिट रहा।



आईईएक्स ने बयान में कहा कि समीक्षाधीन तिमाही में एक्सचेंज ने 18.63 लाख नवीकरणीय ऊर्जा प्रमाणपत्रों (आरईसी) का कारोबार किया जो पिछले वर्ष की तुलना में 29.8 प्रतिशत की गिरावट है। बयान में कहा गया कि आरईसी के कारोबार सत्र 10 दिसंबर और 25 दिसंबर को आयोजित किए गए जिनमें 'क्लियरिंग' मूल्य क्रमशः 359 रुपये प्रति आरईसी और 345 रुपये प्रति आरईसी था।

# मदरसन को पीएलआई योजना के तहत प्रोत्साहन




**नई दिल्ली।** मोटर वाहन कलपुर्जे बनाने वाली कंपनी समवर्धन मदरसन इंटरनेशनल लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी मदरसन इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट्स प्राइवेट लिमिटेड को सरकार की उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत प्रोत्साहन राशि मिली है। संवर्धन मदरसन इंटरनेशनल लिमिटेड (एसएएमआईएल) ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि नवीनतम स्वीकृतियों के तहत, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग के लिए आवरणों के उत्पादन हेतु इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा घोषित इलेक्ट्रॉनिक्स घटक विनिर्माण योजना (ईसीएमएस) के लाभार्थियों में मदरसन इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट्स प्राइवेट लिमिटेड को शामिल किया गया है।

# ट्रंप की नई चेतावनी से शेयर बाजार सतर्क

एजेंसी ▶▶| मुंबई

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भारतीय उत्पादों पर शुल्क और बढ़ाने की ताजा चेतावनी के बीच सोमवार को घरेलू शेयर बाजार गिरकर बंद हुए। सेंसेक्स 322 अंक के नुकसान में रहा जबकि निफ्टी में 78 अंक की गिरावट रही। विश्लेषकों ने कहा कि वेनेजुएला पर अमेरिकी हमले के बाद ट्रंप की भारत पर शुल्क बढ़ाने की ताजा चेतावनी से कारोबारी धारणा प्रभावित हुई और बैंक, आईटी एवं रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसे दिग्गज शेयरों में बिकवाली से बाजार पर दबाव रहा।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 322.39 अंक यानी 0.38 प्रतिशत गिरकर 85,439.62 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 446.68 अंक फिसलकर 85,315.33 अंक के निचले स्तर पर आ गया था। बीएसई पर सूचीबद्ध 2,545 शेयर नुकसान के साथ बंद हुए जबकि 1,723 शेयरों में तेजी रही और 203 अन्य अपरिवर्तित रहे। वहीं निफ्टी 26,373.20 अंक के रिकॉर्ड स्तर तक पहुंचने के बाद अपनी बढ़त गंवा बैठा। बाजार विशेषज्ञों के मुताबिक, निफ्टी के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने के बाद बाजार में मुनाफावसूली हावी हो गई, जिससे सूचकांक 26,200 के समर्थन स्तर के आसपास आ गया। आशिका इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज ने कहा, "अमेरिका द्वारा वेनेजुएला पर हमले के बाद बढ़े भू-राजनीतिक तनाव और ट्रंप की ओर से भारत पर सीमा-शुल्क बढ़ाने की टिप्पणियों से निवेशकों की धारणा सतर्क बनी रही।" अमेरिकी प्रशासन ने पिछले साल अगस्त में भारतीय उत्पादों पर शुल्क को बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया था।

# सैमसंग अपने सभी उत्पादों को एआई से करेगी लैस

एजेंसी ▶▶| लास वेगास (अमेरिका)

उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्र की अग्रणी कंपनी सैमसंग अपने प्रत्येक उत्पाद एवं श्रेणी में कृत्रिम मेधा (एआई) को शामिल करेगी। कंपनी मोबाइल फोन, घरेलू उपकरण और डिस्प्ले सहित कई श्रेणियों में प्रति वर्ष लगभग 50 करोड़ उपकरण का निर्यात करती है। सैमसंग के सह-सीईओ (मुख्य कार्यपालक अधिकारी) टीएम रोह ने लास वेगास में सैमसंग के 'फर्स्ट लुक' कार्यक्रम में कहा कि कंपनी '' निर्बाध एकीकृत एआई अनुभव'' प्रदान करेगी। उन्होंने कहा, '' हम एक सहज एकीकृत एआई अनुभव प्रदान करने के लिए हर श्रेणी, हर उत्पाद और हर सेवा में एआई को समाहित करेंगे और हर जगह अधिक से अधिक लोगों तक नवाचार की शक्ति पहुंचाने में अग्रणी भूमिका निभाएंगे।'' रोह ने कहा कि सैमसंग अपने वैश्विक संपर्क परिवेश के साथ और विभिन्न श्रेणियों में एआई को एकीकृत करके, रोजमर्रा के अधिक सार्थक एआई अनुभव प्रदान करने में अग्रणी भूमिका निभा रही है। रोह को पिछले साल नवंबर में 'डिवाइस एक्सपीरियंस' (डीएक्स) खंड का प्रमुख नामित किया गया था और सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स का सह-सीईओ बनाया गया था। रोह ने कहा, '' हम उपकरण पर आधारित एआई गोपनीयता, वैयक्तिकरण, 'रीयल-टाइम प्रोसेसिंग' और जटिल 'प्रोसेसिंग' के लिए क्लाउड एआई के शक्तिशाली संयोजन को भी सक्षम बना रहे हैं। साथ मिलकर, यह उच्च प्रदर्शन प्रदान करता है और निर्बाध 'मल्टी-डिवाइस इंटेलिजेंस' के लिए एक मजबूत आधार बनता है।''

## 130 इंच का माइक्रो आरजीबी टीवी पेश

दक्षिण कोरिया की इस अग्रणी प्रौद्योगिकी कंपनी ने अपने 'फर्स्ट लुक' कार्यक्रम में अगली पीढ़ी के एआई-संचालित उपकरणों और अनुभवों का अनावरण किया। इसने 130 इंच का माइक्रो आरजीबी टीवी पेश किया। साथ ही ओडिसी गेमिंग मॉनिटर लाइनअप का भी अनावरण किया। इसमें पांच नए मॉडल पेश किए गए हैं जो रिज़ॉल्यूशन, रिफ्रेश रेट और इमर्सिव विजुअल परफॉर्मेंस की सीमाओं को आगे बढ़ाते हैं।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**आवेदन जमा करने की तिथि का विस्तार**

**अधिसूचना क्र.: पी/एनएजी/आरसीटी/2024/10 दिनांक: 02.01.2026**

अधिसूचना संख्या: पी/एनएजी/आरसीटी/2024/10 दिनांक: 11.11.2025 के अनुसार, पॉली-क्लीनिक / मोतीबाग / नागपुर में 01 (एक) रिक्त के विरुद्ध, एक वर्ष के लिए, विशुद्ध रूप से वार्षिक अनुबंध के आधार पर, पूर्णकालिक संविदा चिकित्सा प्रैक्टिशनर (फिजिशियन-जनरल मेडिसीन) स्पेशलिस्ट को नियुक्त करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए है।
आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 30.12.2025 की गई थी, जिसे **दोबारा बढ़ाकर 19.01.2026 कर दिया गया है।** ऑनलाइन साक्षात्कार की तिथि बाद में सूचित की जाएगी।
अधिक जानकारी व अन्य विवरण वेबसाइट https://secr.indianrailways.gov.in. पर हैं। पथ निम्नानुसार है: Recruitment / News / Press Release → Recruitment → Nagpur Division → Fresh engagement of CMPs (Physician-General Medicine)

सहायक कार्मिक अधिकारी-II,
दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर

AIM/58-263
swacch bharat - keepindiaclean



**कार्यालय नगर पंचायत मगरलोड-भैंसमुण्डी, जिला-धमतरी (छ.ग.)**

Phone No. 07705-296600, E-mail- cmo_magarlod@rediffmail.com, panchayat.magarlode.cg@nic.in

क्रमांक/1221/न.पं./ लो.नि.वि./ 2025-26 मगरलोड, दिनांक 02/01/2026

**// द्वितीय (2nd) ई-निविदा आमंत्रण सूचना //**

कार्यालय नगर पंचायत मगरलोड-भैंसमुण्डी द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली तहत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्म / ठेकेदारों से निम्न कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण इस प्रकार है :-

| क्रं. | सिस्टम टेंडर नम्बर | कार्य का नाम | निविदा लागत राशि (लाख रु. में) | अमानत राशि (लाख रू. मे) | बिड सबमिशन शुल्क (रूपयें में) | निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय | पंजीकृत डाक के माध्यम से फीजिकल दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 182986 | Design, Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) Work Including 05 Years of Operation and Maintenance of The Entire System in Nagar Panchayat, Magarlod under SBM 2.0 | 184.39 | 1.50 | 10000.00 | 22.01.2026 05:00 PM | 27.01.2026 05:00 PM |

उपरोक्त निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय के तकनीकी शाखा से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in, अथवा विभागीय वेबसाइट https://www.uad.cg.gov.in से देखी व डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत मगरलोड-भैंसमुण्डी, जिला-धमतरी (छ.ग.)



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**JAWAHARLAL NEHRU KRISHI VISHWA VIDYALAYA, JABALPUR**

**SHORT E-TENDER NOTICE**

No. E.E./Tender /2026/1820 **Second Call** Dated 05/01/2026

Online E-Tender are invited from reputed Contractor/ Firm for Dismantling Work and Sale of Disposed/Dismantled Material of old damaged Netaji Subhash Chandra Bose Boys Hostel at C.O.A., J.N.K.V.V., Jabalpur. The detailed of items and tender document can be seen and purchase on mptenders.gov.in website by payment of Rs. 2000/-. The Purchase Start date 06/01/2026 10:30 AM to 12/01/2026 06:00 PM, Bid submission end date 12/01/2026 06:00 PM, last date of submission of tender document (Hard copy) 15/01/2026 05:00 PM, Date of opening of the tender 16/01/2026.

IPRO/EE/2026/01 **Executive Engineer**



**कार्यालय मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग जबलपुर परिक्षेत्र जबलपुर**
AN ISO 9001: 2015 CERTIFIED OFFICE
इंदिरा गांधी मार्ग,साउथ सिविल लाईन, जबलपुर (म. प्र.) पिन-482001 Phone No. 0761-2621541 E-mail:- cepwdcentral@nic.in

निविदा सूचना क्रमांक - 18/सा/2025-26 **निविदा आमंत्रण सूचना** जबलपुर, दिनांक 01.01.2026

निम्नलिखित कार्यो हेतु ई-टेण्डरिंग के द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है। यह निविदा वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है ।

| स. क्र. | टेण्डर आई. डी. | जिला/ लो.नि.वि. संभाग | कार्य का नाम | आमंत्रण | ठेके की अनुमानित राशि रू. ( लाख में) | अमानत राशि रू. | निविदा प्रपत्र राशि रू. | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 01 | 2025_PW DRB_4726 07_1 | कटनी | स्लीमनाबाद से विलायतकलां प्रथम मार्ग लंबाई 38.18 कि.मी. का विशेष मजबूतीकरण कार्य । | प्रथम | 907.10 लाख | 9,07,100/- | 20,000/- | 06 माह वर्षाऋतु सहित |
| 02 | 2025_PW DRB_4726 08_1 | छिंदवाड़ा | सौंसर राजना मार्ग लंबाई 20.20 कि.मी. का विशेष मजबूतीकरण कार्य। | प्रथम | 671.10 लाख | 6,71,100/- | 20,000/- | 05 माह वर्षाऋतु सहित |

टीप :- निविदा का विस्तृत विवरण म.प्र. शासन की निविदा पोर्टल http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान करने पर प्राप्त हो सकेंगे। निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने की अंतिम तिथि 15.01.2026 समय 5 :30 PM तक है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त बेवसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा ।

मुख्य अभियंता, लो.नि.वि.
जबलपुर परिक्षेत्र जबलपुर

G-23975/25 "पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार"



**कार्यालय मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग जबलपुर परिक्षेत्र जबलपुर**
AN ISO 9001: 2015 CERTIFIED OFFICE
इंदिरा गांधी मार्ग,साउथ सिविल लाईन, जबलपुर (म. प्र.) पिन-482001 Phone No. 0761-2621541 E-mail:- cepwdcentral@nic.in

निविदा सूचना क्रमांक - 17/सा/2025-26 **निविदा आमंत्रण सूचना** जबलपुर, दिनांक 01.01.2026

जबलपुर परिक्षेत्र अंतर्गत निम्नलिखित मार्गो के उन्नयन हेतु व्यवहार्यता अध्ययन / विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने हेतु पात्र कंसलटेंट से ई-टेण्डरिंग के द्वारा प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते है। यह निविदा वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

| स. क्र. | टेण्डर आई. डी. | जिला/ लो.नि.वि. संभाग | कार्य का नाम | आमंत्रण | अमानत राशि रू. | निविदा प्रपत्र राशि रू. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | 2025_PW DRB_471 902_1 | जबलपुर | महगवां चरगवां शहपुरा पाटन पोडी कटंगी मझौली मार्ग लं. 104.74 कि.मी. | प्रथम | 10,00,000/- | 50,000,- |
| | | जबलपुर | पनागर सिंगलद्वीप मझौली अभाना बचैया रानीताल रूपनाथ बहोरीबंद मार्ग लं. 99.40 कि.मी. | | | |
| | | जबलपुर | बरगी नगर भेड़ाघाट उडना सकरा मार्ग लं. 73.70 कि. मी. | | | |
| | | कटनी | बहोरीबंद अमगवां मवई चरगवां मतवारी पड़ुआ पिपरौंध निवार देवरी हटाई बड़वारा बसाड़ी बसाडी अमाडी विजयराघवगढ कैमोर मार्ग लं. 116.40 कि.मी. | | | |
| | | नरसिंहपुर | सरसला नरसिंहपुर लिंगा पुरगुवा मार्ग लं. 75.00 कि.मी. | | | |
| | | डिण्डौरी | करंजिया-चौरादादर - गोपालपुर -चाडा-गौराकन्हारी-हल्दी करेली-मौहारी से एस.एच. 43 तक मार्ग लं. 157. 00 कि.मी. | | | |
| | | बालाघाट | रजेगांव किरनापुर लांजी आमगांव मार्ग लं. 57.40 कि. मी. | | | |
| | | | कुल लं. 683.64 कि.मी. | | | |

टीप :- निविदा का विस्तृत विवरण, आमंत्रण पत्र (LOI) एवं संदर्भ की शर्ते (ToR), जिसमें RFP भी सम्मिलित है, म.प्र. शासन की निविदा पोर्टल http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है । निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान करने पर प्राप्त हो सकेंगे। निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने की अंतिम तिथि 19.01.2026 समय 5 :30 PM तक है । निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त बेवसाईट पर ही किया जावेगा । पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा ।

मुख्य अभियंता, लो.नि.वि.
जबलपुर परिक्षेत्र जबलपुर

G-23965/25 "पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार"



**कार्यालय, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग डिण्डौरी, जिला डिण्डौरी (म.प्र.)**

नि.आ.सू. क्रमांक/14/व.ले.लि./2025-26 डिण्डौरी दिनांक 02.01.2026

**ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा केन्द्रीयकृत लो.नि.वि. में पंजीकृत समस्त निविदाकारों को सूचित किया जाता है कि लो.नि.वि. संभाग डिण्डौरी जिला डिण्डौरी के अंतर्गत निम्नलिखित कार्यो की ऑन लाईन निविदा पोर्टल https://www.mptenders.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की गई है। कार्यो का विस्तृत विवरण बेबसाईट पर देखा जा सकता है :-

| ई-टेंडर नम्बर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि (रुपए में) | निविदा प्रपत्र (रुपए में) | कार्य पूर्ण करने की समयावधि | निविदा खोले जाने का स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2026_ PWDRB _472682 | राई-मालपुर-डुंगरिया मार्ग के किमी. 8/4 में स्लेब कलवर्ट का निर्माण कार्य । | 69.23 | 70000.00 | 10000.00 | 04 माह वर्षा ऋतु सहित | कार्यालय मुख्य अभियंता लो.नि.वि. परिक्षेत्र जबलपुर |
| 2026_ PWDRB _472683 | पडरिया कला से अनूपपुर जिला सीमा मार्ग में 01 नग स्लेब कलवर्ट का निर्माण कार्य । | 90.84 | 90850.00 | 10000.00 | 04 माह वर्षा ऋतु सहित | कार्यालय मुख्य अभियंता लो.नि.वि. परिक्षेत्र जबलपुर |

**निविदा की तिथि एवं शर्ते:-** (1) ऑनलाईन निविदा प्रपत्र खरीदने की तिथि 02.01.2026 से 16.01.2026 सायं 5 :30 बजे तक है ।(2) ऑनलाईन बिड सबमिट करने की अंतिम तिथि 16.01.2026 सायं 5 :30 बजे तक है ।(3) टेण्डर डाक्यूमेंट, (e-EMD) तथा अन्य आवश्यक दस्तावेज केवल ऑनलाईन ही सबमिट किये जायेंगे ।निविदा दिनांक 19.01.2026 से खोली जावेगी ।(4) संशोधन या शुद्धिपत्र सिर्फ वेबसाईट में अपलोड किये जावेंगे ।(5) निविदा प्रपत्र वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर भुगतान उपरांत प्राप्त हो सकेंगे । अतिरिक्त जानकारी वेबसाईट पर टेण्डर डाक्यूमेंट में देखी जा सकती है।

(मोहपत सिंह धुर्वे)
कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. संभाग- डिण्डौरी

G-23942/25 "स्वच्छता ही सेवा"



**महर्षि पतञ्जलि संस्कृत संस्थान**
"संस्कृत भवनम्"
**गेट वे ऑफ एक्सीलेंस फॉर संस्कृत**
प्रदेश के विद्यार्थियों के लिये संस्कृत भाषा एवं साहित्य के साथ आधुनिक विषयों की उच्च गुणवत्तापूर्ण निःशुल्क तथा आवासीय शिक्षा

**शासकीय आदर्श कन्या आवासीय संस्कृत विद्यालय भोपाल**
**कक्षा 6ठी में 60 सीट पर प्रवेश हेतु**

- कक्षा 6ठी से 12वीं तक संस्कृत भाषा एवं साहित्य की निःशुल्क शिक्षा।
- परिपूर्ण सुविधायुक्त आवासीय छात्रावास।
- निःशुल्क भोजन की व्यवस्था।
- खेल/योग/स्काउट-गाइड (भोपाल)/एन.सी.सी. (भोपाल)/संगीत/नाट्यशास्त्र की पाठ्येत्तर गतिविधियाँ।
- सभी कक्षाओं में अंग्रेजी भाषा का शिक्षण भी।
- विशेष प्रोजेक्ट/कार्यशालाओं के अंतर्गत छात्रों हेतु सॉफ्ट स्किल डेवलपमेंट प्लान।
- छात्रों में अन्तर्निहित क्षमता के विकास हेतु पृथक-पृथक गतिविधियां।
- परम्परागत संस्कृत के साथ कक्षा 6ठी से 12वीं तक NCERT पाठ्यक्रम आधारित उच्च गुणवत्तायुक्त आधुनिक विषयों गणित, विज्ञान, सामाजिक अध्ययन में शिक्षण।

विस्तृत जानकारी हमारी वेबसाइट https://www.mpssbhopal.org पर देखें। आवेदन एम.पी. ऑनलाइन www.mponline.gov.in अथवा हमारी वेबसाइट https://www.mpssbhopal.org पर कर सकते हैं।

आवेदन शुल्क रु. 200/- निर्धारित है जो एम.पी ऑनलाइन कियोस्क पर देना होगा, इसमें कियोस्क शुल्क भी सम्मिलित है, इसके अतिरिक्त अन्य कोई भी राशि नहीं देनी होगी। कक्षा 6ठी में प्रवेश हेतु कक्षा 5वीं में उत्तीर्ण अथवा 5वीं में अध्ययनरत विद्यार्थी प्रवेश परीक्षा में भाग लेने हेतु पात्र हैं।

- **परीक्षा तिथि** : 08 फरवरी 2026 (रविवार)
- **परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि** - 16 जनवरी 2026
- **परीक्षा केन्द्र** : जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय

**नोट** - परीक्षा के प्रवेश पत्र हमारी वेबसाइट https://www.mpssbhopal.org अथवा www.mpsos.nic.in से डाउनलोड कर सकेंगे। प्रवेश पत्र पर परीक्षा केन्द्र आदि की जानकारी अंकित होगी।

परीक्षा आयोजन संस्था - मध्यप्रदेश राज्य स्कूल शिक्षा बोर्ड भोपाल

म.प्र. माध्यम/123829/2026



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. संधारण संभाग क्रमांक 2, भोपाल**

निविदा सूचना 31 वर्ष 2025-26 भोपाल, दिनांक 31/12/2025

निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | ठेके की अनु. राशि (रू.लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 2025_ PWDRB _472053_ 1 | चार इमली सेक्शन क्रमांक 1 में स्थित डी एक्स-ए, डी एक्स-बी, डी एक्स-सी, डी एक्स-डी, डी एक्स-ई, टाईप आवासों में विभिन्न अनुरक्षण संधारण एवं विशेष मरम्मत का कार्य। | प्रथम | 60.00 |
| 2 | 2025_ PWDRB _472054_ 1 | चार इमली सेक्शन क्रमांक 1 में स्थित डी-टाईप आवासों में विभिन्न अनुरक्षण संधारण एवं विशेष मरम्मत का कार्य। | प्रथम | 60.00 |
| 3 | 2025_ PWDRB _472055_ 1 | चार इमली सेक्शन क्रमांक 1 में स्थित ई-टाईप आवासों में विभिन्न अनुरक्षण संधारण एवं विशेष मरम्मत का कार्य। | प्रथम | 60.00 |
| 4 | 2025_ PWDRB _472056_ 1 | चार इमली सेक्शन क्रमांक 1 में स्थित ई एफ, ई जी, ई एच, ई के-टाईप आवासों में विभिन्न अनुरक्षण संधारण एवं विशेष मरम्मत का कार्य। | प्रथम | 60.00 |
| 5 | 2025_ PWDRB _472057_ 1 | चार इमली स्थित सेक्शन क्रमांक 1 में स्थित डी-21 से डी-40, (सीबीआई) एवं डी-7/1 से डी-7/4 टाईप आवासों में विभिन्न अनुरक्षण संधारण एवं विशेष मरम्मत का कार्य। | प्रथम | 60.00 |
| 6 | 2025_ PWDRB _472058_1 | चार इमली स्थित सेक्शन क्रमांक 1 में स्थित ई-11/1 से ई-11/12, टाईप आवासों में विभिन्न अनुरक्षण संधारण एवं विशेष मरम्मत का कार्य। | प्रथम | 60.00 |
| 7 | 2025_ PWDRB _472060_ 1 | चार इमली स्थित सेक्शन क्रमांक 1, के आवासों डी एवं ई टाईप में विभिन्न अनुरक्षण संधारण एवं विशेष मरम्मत का कार्य एवं जल-अवरोधक का कार्य। | प्रथम | 40.00 |
| 8 | 2025_PWDRB _472062_1 | चार इमली सेक्शन क्रमांक 1 में स्थित डी टाईप बंगलों में विभिन्न अनुरक्षण संधारण एवं विशेष मरम्मत का कार्य एवं अन्दर, बाहर पुताई पेंन्ट कार्य। | प्रथम | 60.00 |
| 9 | 2025_ PWDRB _472063_ 1 | चार इमली सेक्शन क्रमांक 1 में स्थित ई टाईप बंगलों में विभिन्न अनुरक्षण संधारण एवं विशेष मरम्मत का कार्य एवं अन्दर, बाहर पुताई एव पेंन्ट कार्य। | प्रथम | 60.00 |
| 10 | 2025_ PWDRB _472064_ 1 | चार इमली स्थित सेक्शन क्रमांक 2 में स्थित बी-1, से बी-6, टाईप आवासों में विभिन्न अनुरक्षण संधारण एवं विशेष मरम्मत का कार्य। | प्रथम | 60.00 |
| 11 | 2025_ PWDRB _472065_ 1 | चार इमली स्थित सेक्शन क्रमांक 2 में स्थित बी-7 से बी-12, टाईप आवासों में विभिन्न अनुरक्षण संधारण एवं विशेष मरम्मत का कार्य। | प्रथम | 60.00 |
| 12 | 2025_ PWDRB _472066_ 1 | चार इमली स्थित सेक्शन क्रमांक 2, के आवासों सी-2/1 से सी-2/12, टाईप आवासों में विभिन्न अनुरक्षण संधारण एवं विशेष मरम्मत का कार्य। | प्रथम | 60.00 |
| 13 | 2025_PWDRB _472067_1 | चार इमली स्थित सेक्शन क्रमांक 2. के आवासों सी-2/13 से सी-2/25, टाईप आवासों में विभिन्न अनुरक्षण संधारण एवं विशेष मरम्मत का कार्य। | प्रथम | 60.00 |
| 14 | 2025_ PWDRB _472068_ 1 | चार इमली सेक्शन क्रमांक 2 में स्थित डी-3/1 से डी-3/21, एवं डी-4/21, डी-4/17, तक, टाईप आवासों में विभिन्न अनुरक्षण संधारण एवं विशेष मरम्मत का कार्य। | प्रथम | 60.00 |
| 15 | 2025_PWDRB _472070_1 | चार इमली स्थित सेक्शन क्रमांक 2. के आवासों बी, सी, डी एवं ई टाईप में विभिन्न अनुरक्षण संधारण एवं विशेष मरम्मत का कार्य एवं जल-अवरोधक का कार्य। | प्रथम | 40.00 |
| 16 | 2025_PWDRB _472072_1 | चार इमली सेक्शन क्रमांक 2 में स्थित बी टाईप बंगलों में विभिन्न अनुरक्षण संधारण एवं विशेष मरम्मत का कार्य एवं अन्दर, बाहर पुताई एव पेंन्ट कार्य। | प्रथम | 60.00 |
| 17 | 2025_PWDRB _472073_1 | चार इमली सेक्शन क्रमांक 2 में स्थित सी एवं डी टाईप बंगलों में विभिन्न अनुरक्षण संधारण एवं विशेष मरम्मत का कार्य एवं अन्दर, बाहर पुताई, पेंन्ट कार्य। | प्रथम | 60.00 |
| 18 | 2025_ PWDRB _472095_1 | चार इमली सेक्शन क्रमांक 3 में स्थित बी 12 से बी-23 तक टाईप आवासों में विभिन्न अनुरक्षण संधारण एवं विशेष मरम्मत का कार्य। | प्रथम | 60.00 |
| 19 | 2025_PWDRB _472100_ 1 | चार इमली सेक्शन क्रमांक 3 में स्थित डी टाईप आवासों में विभिन्न अनुरक्षण संधारण एवं विशेष मरम्मत का कार्य। | प्रथम | 60.00 |
| 20 | 2025_ PWDRB _ 472106_1 | चार इमली सेक्शन क्रमांक 3 में स्थित ई एन-1/1, से ई एन-1/27 एवं ई एन-2/1, से ई एन-2/30, तक टाईप आवासों में विभिन्न अनुरक्षण संधारण एवं विशेष मरम्मत का कार्य। | प्रथम | 60.00 |
| 21 | 2025_ PWDRB _ 472114_ 1 | श्यामला हिल्स स्थित सेक्शन क्रमांक 3 में स्थित बी-7, एव 'बी-8, तक टाईप लोकायुक्त एवं उपलोकायुक्त आवासों में विभिन्न अनुरक्षण संधारण एवं विशेष मरम्मत का कार्य। | प्रथम | 60.00 |
| 22 | 2025_PWDRB _472120_1 | चार इमली स्थित सेक्शन क्रमांक 3, के आवासों बी, सी, डी एवं ईएन, टाईप में विभिन्न अनुरक्षण संधारण एवं विशेष मरम्मत का कार्य एवं जल-अवरोधक का कार्य। | प्रथम | 40.00 |
| 23 | 2025_ PWDRB _472123_1 | चार इमली सेक्शन क्रमांक 3 में स्थित सी टाईप बंगलों में विभिन्न अनुरक्षण संधारण एवं विशेष मरम्मत का कार्य एवं अन्दर, बाहर पुताई एव पेंन्ट कार्य। | प्रथम | 60.00 |
| 24 | 2025_PWDRB _472127_ 1 | चार इमली सेक्शन क्रमांक 3 में स्थित डी टाईप बंगलों में विभिन्न अनुरक्षण संधारण एवं विशेष मरम्मत का कार्य एवं अन्दर, बाहर पुताई एवं पेंन्ट कार्य । | प्रथम | 60.00 |
| 25 | 2025_PWDRB _ 472129_ 1 | चार इमली सेक्शन क्रमांक 4 में स्थित एफ-5, एवं एफ-6 टाईप आवासों में विभिन्न अनुरक्षण संधारण एवं विशेष मरम्मत का कार्य। | प्रथम | 60.00 |
| 26 | 2025_PWDRB _ 472132_1 | चार इमली सेक्शन क्रमांक 4 में स्थित एफ-8, एवं एफ-9, टाईप आवासों में विभिन्न अनुरक्षण संधारण एवं विशेष मरम्मत का कार्य। | प्रथम | 60.00 |
| 27 | 2025_ PWDRB _ 472136_ 1 | चार इमली सेक्शन क्रमांक 4 में स्थित ई-7, एवं ई-6ए से ई-6सी तक टाईप आवासों में विभिन्न अनुरक्षण संघारण एवं विशेष मरम्मत का कार्य। | प्रथम | 60.00 |
| 28 | 2025_ PWDRB _ 472140_1 | चार इमली स्थित सेक्शन क्रमांक 4, के आवासों ई, एवं एफ टाईप में विभिन्न अनुरक्षण संधारण एवं विशेष मरम्मत का कार्य एवं जल-अवरोधक का कार्य। | प्रथम | 40.00 |
| 29 | 2025_ PWDRB _ 472144_ 1 | चार इमली सेक्शन क्रमांक 4 में स्थित ई-7, एवं ई-6ए से ई-6सी तक टाईप बंगलों में विभिन्न अनुरक्षण संधारण एवं विशेष मरम्मत का कार्य एवं अन्दर, बाहर पुताई एव पेंन्ट कार्य। | प्रथम | 60.00 |
| 30 | 2025_ PWDRB _ 472148_1 | चार इमली सेक्शन क्रमांक 4 में स्थित एफ-5, एवं एफ-6 टाईप बंगलों में विभिन्न अनुरक्षण संधारण एवं विशेष मरम्मत का कार्य एवं अन्दर, बाहर पुताई एव पेंन्ट कार्य। | प्रथम | 60.00 |

उपरोक्त वेबसाइट आनेंलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय एवं जमा करने की अंतिम तिथि 16/01/2026 जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि. संधारण संभाग
क्रमांक 2, भोपाल

जी-23964/25 स्वच्छता ही सेवा

## चिंतन

# बहकावे में आकर देशविरोधी साजिश रचना गंभीर मसला

आखिरकार सुप्रीम कोर्ट ने भी दिल्ली दंगा मामले में आरोपित उमर खालिद और शरजील इमाम को जमानत नहीं देकर दिल्ली पुलिस की मजबूत चार्जशीट और सरकार की आतंक विरोधी नीति पर अपनी मुहर लगा दी। यह फैसला आतंकवाद और हिंसा के खिलाफ सरकार की नीति को और मजबूत करता है। अदालत ने कहा कि आतंकी कृत्यों को केवल हिंसा तक सीमित नहीं किया जा सकता, बल्कि इसमें आवश्यक सेवाओं में व्यवधान और अर्थव्यवस्था के लिए खतरा भी शामिल है। यह फैसला दर्शाता है कि किसी के बहकावे में आकर देशविरोधी गतिविधियां चलाने और साजिश रचने के कितने गंभीर परिणाम हो सकते हैं। 'आतंकवादी कृत्य' केवल अंतिम परिणाम नहीं है, बल्कि इसमें साजिश और उकसावे की पूरी प्रक्रिया भी शामिल होती है। इससे आर्थिक असुरक्षा और नागरिक जीवन में अस्थिरता पैदा होती है, भले ही इस प्रक्रिया में हिंसा न की गई हो। शीर्ष कोर्ट ने दिल्ली दंगों 'बड़े षड्यंत्र' मामले में आरोपियों द्वारा दायर जमानत याचिकाओं पर अपने फैसले में, 1967 अधिनियम की धारा 15(1) (ए) का उल्लेख करते हुए किसी अन्य माध्यम से वाक्यांश के अवशिष्ट अर्थ को रेखांकित किया और बम, डायनामाइट, विस्फोटक पदार्थों, ज्वलनशील पदार्थों, आग्नेयास्त्रों, अन्य घातक हथियारों, जहरीली, हानिकारक गैसों, अन्य रसायनों या किसी अन्य पदार्थ (चाहे जैविक, रेडियोधर्मी, परमाणु या अन्यथा) के उपयोग से किए गए आतंकी कृत्यों को परिभाषित किया है। हालांकि अदालत ने पांच अन्य आरोपितों को 12 शर्तों के साथ जमानत भी दी है। इनमें गुलफिशा फातिमा, मीरान हैदर, शिफा उर रहमान, मोहम्मद सलीम खान और शादाब अहमद शामिल हैं। उमर और शरजील मामले में कोर्ट ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा, सभी आरोपितों के साथ एक जैसा व्यवहार नहीं किया जा सकता। दोनों एक साल तक इस मामले में जमानत याचिका भी दाखिल नहीं कर पाएंगे। यह फैसला दिल्ली दंगों से जुड़े बड़े साजिश के मामले में आया है, जिसमें दोनों पर यूएपीए के तहत मामला दर्ज है। कोर्ट ने कहा, उमर खालिद और शरजील इमाम की भूमिका अन्य आरोपियों से अलग और अधिक गंभीर प्रकृति की है। उनके खिलाफ प्रथम दृष्टया आरोप स्थापित होते हैं। लंबे समय तक हिरासत में रहना अपने आप में जमानत का आधार नहीं बन सकता। यह फैसला कई मायनों में महत्वपूर्ण है। पहला, यह यूएपीए के तहत दर्ज मामलों में जमानत के मानकों को स्पष्ट करता है। यूएपीए की धारा 43डी(5) जमानत देने के सामान्य प्रावधानों से अलग है। इसमें न्यायिक जांच की आवश्यकता होती है। दूसरा, यह फैसला आतंकवाद और हिंसा के खिलाफ सरकार की नीति को मजबूत करता है। आतंकी कृत्यों को केवल हिंसा तक सीमित नहीं किया जा सकता, बल्कि इसमें आवश्यक सेवाओं में व्यवधान व अर्थव्यवस्था के लिए खतरा भी शामिल है। हालांकि, यह फैसला कई सवाल भी खड़े करता है। क्या खालिद व शरजील को जमानत नहीं मिलने से उनके मानवाधिकारों का उल्लंघन हो रहा है? क्या यूएपीए का इस्तेमाल सरकार द्वारा विरोधियों को चुप कराने के लिए किया जा रहा है? इन सवालों का जवाब देना हालांकि मुश्किल है, लेकिन यह स्पष्ट है कि यह फैसला कई मायनों में महत्वपूर्ण है। बहकावे में आकर देशविरोधी साजिश रचना एक गंभीर मसला है। देश की सुरक्षा और एकता को खतरा पहुंचाने वाली किसी भी गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

# अचंभित दुनिया, बेलगाम ट्रंप



**वेनेजुएला घटनाक्रम**
डॉ घनश्याम बादल

> जिस तरह ट्रंप ने अमेरिका में बैठकर कोलंबिया और मेक्सिको के राष्ट्रपतियों को भी धमकी दी वह और भी ज्यादा चिंताजनक परिस्थितियों की ओर संकेत करता है। ट्रंप का यह अभियान उसी 'रूल्स-बेस्ड ऑर्डर' का शव परीक्षण है, जिसकी दुहाई पश्चिम दशकों से देता आया है। भले ही ट्रंप मादुरो पर ड्रग तस्करी एवं आतंक को बढ़ावा देने का आरोप लगा रहे हैं, लेकिन सच कुछ और ही है। यदि ऐसे आरोप के आधार पर अमेरिका यह कार्रवाई करता है तो फिर उसका पहला टारगेट पाकिस्तान होना चाहिए था, लेकिन आतंकिस्तान का नाम पा चुके इस देश को वह गोद में बैठाकर रखता है। वहां के सेना अध्यक्ष को लोकतांत्रिक सरकार को एक तरफ करते हुए लंच पर बुलाता है। ऐसे में वह दोहरी नीति क्यों अपनाता है।

लोकतंत्र के स्वयं भू ठेकेदार और दुनियाभर में थानेदारी करने वाले अमेरिका ने जिस तरीके से वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को उनकी पत्नी सिलविया फ्लोरेस के साथ बेडरूम से घसीट कर, बंधक बनाकर हाथों में हथकड़ियां और पैरों में बेड़ियां डालकर डिटेंशन सेंटर में रखा है वह एक तानाशाह, वैध या अवैध राष्ट्रपति का अपहरण मात्र नहीं बल्कि वेनेजुएला के प्रतीक रूप में दुनिया भर के लोकतंत्र की आत्मा का अपहरण एवं प्रताड़ना है। इसके अलावा वेनेजुएला की अंतरिम राष्ट्रपति को धमकी देना और समर्थन करने वाले राष्ट्रों को धमकाना भी ट्रंप की तानाशाही को दर्शाता है। बेलगाम ट्रंप के इन कदमों से पूरी दुनिया अचंभित है।

जब किसी संप्रभु देश का राष्ट्रपति खुले तौर पर यह कहता है कि उसने दूसरे संप्रभु देश में सैन्य या अर्धसैन्य अभियान चलाकर वहां के राष्ट्राध्यक्ष को बंधक बनाया, तो यह केवल एक देश की कार्रवाई नहीं अपितु अंतरराष्ट्रीय कानून, संयुक्त राष्ट्र चार्टर और वैश्विक व्यवस्था की सामूहिक अवहेलना बन जाती है। यह वही अमेरिका है जो दुनिया को लोकतंत्र, मानवाधिकार और कानून का पाठ पढ़ाता रहा है। वैसे यह पहली बार नहीं हुआ है। इससे पहले भी अमेरिका का ताकत प्रदर्शन का यह चेहरा पहले भी कई बार सामने आ चुका है। चिली, पनामा, ग्वाटेमाला, अफगानिस्तान, वियतनाम, ईरान व इराक जैसे कितने ही देश में अमेरिका ने मनमाने आरोप लगाकर वहां के शासकों को सत्ता से बेदखल किया।

एब्सोल्यूट रेजोल्यूशन नाम के इस अभियान के बाद जिस तरह ट्रंप ने अमेरिका में बैठकर कोलंबिया और मेक्सिको की राष्ट्रपतियों को भी धमकी दी वह और भी ज्यादा चिंताजनक परिस्थितियों की ओर संकेत करता है। ट्रंप का यह अभियान उसी 'रूल्स-बेस्ड ऑर्डर' का शव परीक्षण है, जिसकी दुहाई पश्चिम दशकों से देता आया है। भले ही डोनाल्ड ट्रंप मादूरो पर ड्रग तस्करी एवं आतंकवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगा रहे हैं, लेकिन सच कुछ और ही है। यदि ऐसे आरोप के आधार पर अमेरिका यह कार्रवाई करता है तो फिर उसका पहला टारगेट पाकिस्तान होना चाहिए था, लेकिन आतंकिस्तान का नाम पा चुके इस देश को वह गोद में बैठाकर रखता है। वहां के सेना अध्यक्ष को एक तरफ करते हुए लंच पर बुलाता है। अमेरिका की कथनी करनी में यह फर्क कोई पहली बार परिलक्षित नहीं हुआ है यह उसकी बहुत पुरानी फितरत रही है। यदि गहराई में जाया जाए तो इस अभियान का मूल राजनीतिक कारण है अपनी मनमाफिक सत्ता-परिवर्तन की ज़िद। और साथ ही साथ पेट्रोलियम, सोने एवं हीरे जैसे बहुमूल्य खनिजों की संपदा से मालामाल इस देश पर कब्जा करने की उसकी गिद्ध दृष्टि है।

वैसे वेनेजुएला के साथ अमेरिका का संघर्ष कोई एक दिन का नहीं है। ह्यूगो चावेज़ के समय से ही वाशिंगटन की असहजता जगज़ाहिर रही है। निकोलस मादुरो उस असहजता की निरंतरता हैं। अमेरिका को समस्या केवल मादुरो से नहीं, बल्कि उस राजनीतिक मॉडल से है जो अमेरिकी प्रभाव से बाहर निकलकर संसाधनों पर राष्ट्रीय नियंत्रण और सामाजिक राज्य की बात करता है।



ट्रंप के कृत्य से साफ है कि लोकतंत्र का सवाल केवल एक औज़ार था, असली लक्ष्य सत्ता-परिवर्तन। जब चुनाव, प्रतिबंध और कूटनीति काम नहीं आए, तो सीधा हस्तक्षेप ही अमेरिकी राजनीति का नंगा सच है।


इस घटनाका आर्थिक पक्ष तेल, डॉलर और सत्ता पर नियंत्रण है। वेनेजुएला दुनिया के सबसे बड़े प्रमाणित तेल भंडारों में से एक है। यह तथ्य इस पूरे घटनाक्रम की चाबी है। अमेरिकी अर्थव्यवस्था और उसकी वैश्विक हैसियत तेल, डॉलर और नियंत्रण के त्रिकोण पर टिकी है। वेनेजुएला का अपने तेल संसाधनों पर संप्रभु नियंत्रण और चीन-रूस जैसे देशों से बढ़ता सहयोग, अमेरिका के लिए रणनीतिक चुनौती था। ट्रंप का अभियान दुनिया भर के देशों को खुला धमकी भरा संदेश है कि ऊर्जा संसाधनों पर स्वतंत्र नीति अपनाने की कीमत चुकानी पड़ती है। यह संदेश केवल वेनेजुएला के लिए नहीं, बल्कि उन तमाम देशों के लिए है जो वैश्विक आर्थिक ढांचे में अपनी शर्तों पर जीना चाहते हैं। अमेरिकी हस्तक्षेप के पीछे केवल राजनीति और अर्थशास्त्र नहीं, एक गहरी सांस्कृतिक मानसिकता भी है। उसके पीछे की धारणा है कि अमेरिका को जो उचित लगे, वही वैश्विक नैतिकता है और जो उसे चुनौती दे उसे नेस्तनाबूद करना उसके लिए अनैतिक नहीं है। लैटिन अमेरिका का इतिहास इस मानसिकता का शिकार रहा है चिली, ग्वाटेमाला, पनामा, निकारागुआ और अब वेनेज़ुएला। हो सकता है इसके बाद कोलंबिया और मैक्सिको की भी बारी आए। जिसकी झलक ट्रंप के उस अभियान भरे बयान के बाद मिल रही है, जिसमें उन्होंने मेक्सिको के राष्ट्रपति को अपनी जान की परवाह करने की खुली धमकी दी है। ख़ैर कल जो होगा सो होगा। अभी तो वेनेजुएला के घटनाक्रम का विश्व पर क्या प्रभाव पड़ेगा है इसका आकलन करना ज़रूरी है

राष्ट्रपति को बंधक बनाना केवल एक व्यक्ति का अपहरण नहीं, पूरे राष्ट्र की संप्रभुता का अपहरण है। इससे वेनेजुएला के भीतर राजनीतिक अस्थिरता बढ़ेगी, सामाजिक ध्रुवीकरण गहराएगा और हिंसा की आशंका प्रबल होगी। वहां का आम नागरिक जो पहले ही प्रतिबंधों, महंगाई और अभावों से जूझ रहा है अब और असुरक्षित महसूस करेगा। लोकतंत्र का दावा करने वाली ताक़तों ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि आम जनता उनके एजेंडे में सबसे आख़िर में आती है। भले ही तात्कालिक रूप से रूस चीन ब्रिटेन व यूरोपीय यूनियन के देश ने इस घटनाक्रम की आलोचना की है, लेकिन सच यह भी है कि यह आलोचना केवल शाब्दिक निंदा तक ही सीमित रहने वाली है। इस घटनाक्रम ने भारत के सामने भी गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं। भारत परंपरागत रूप से संप्रभुता, गैर-हस्तक्षेप और बहुध्रुवीय विश्व का पक्षधर रहा है। वेनेजुएला के साथ भारत के ऊर्जा संबंध भी रहे हैं। नैतिकता की दृष्टि से भारत के लिए चुप रहना आसान नहीं होगा, लेकिन किसी पक्ष का अंध समर्थन भी भारत की गुटनिरपेक्ष रणनीति के ख़िलाफ़ होगा, लेकिन यह सोचकर कि वेनेजुएला हमसे बहुत दूर का देश है इस मुद्दे पर चुप्पी खींच लेने से भारत की इमर्जिंग वर्ल्ड पावर की छवि पर भी एक बड़ा निशान खड़ा होगा। अमेरिका के इस दबंग कृत्य से संयुक्त राष्ट्र, अंतरराष्ट्रीय कानून और कूटनीति सब हाशिये पर जाते दिखाई दे रहे हैं। इसमें दो राय नहीं कि वेनेजुएला की घटना केवल एक देश की त्रासदी नहीं, वैश्विक लोकतंत्र की परीक्षा की घड़ी है। जब सेना हथियार और आर्थिक ताक़त को नीति और अपहरण को कूटनीति बना दिया जाए, तो दुनिया अराजकता की ओर बढ़ती है। आज वेनेजुएला है, कल कोई और होगा। सवाल यह नहीं कि अगला कौन, सवाल यह है कि क्या दुनिया इसे रोकने का साहस दिखाएगी?

( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## इंदौर की चेतावनी
सुनील कुमार महला




# प्रदूषित जल से जन-जीवन पर गहराता जा रहा संकट

कहा गया है कि 'जल ही जीवन है।' लेकिन जल किसी की जान ले लें तो यह बहुत दुःखद ही कहा जाएगा। हाल ही में देश के सबसे साफ शहर माने जाने वाले इंदौर में गंदा पानी पीने से अब तक करीब 17 लोगों की मौत हो चुकी है। मीडिया में उपलब्ध जानकारी के अनुसार फिलहाल शहर के 41 अस्पतालों में कुल 203 मरीजों का इलाज चल रहा है और इनमें से 34 लोगों को आईसीयू में रखा गया है। अच्छी बात यह है कि गंदे पानी पीने से उल्टी-दस्त फैलने के बाद प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग लगातार हालात पर नजर बनाए हुए है और मरीजों को जरूरी मेडिकल सुविधा दी जा रही है। हालांकि, लोकल लोगों का दावा है कि गंदे पानी से छह महीने के एक बच्चे समेत कुल 17 लोगों की जान गई है। यह घटना मुख्यतः शहर के कुछ इलाकों में हुई, जहां सीवर लाइन और जलापूर्ति पाइपलाइन में लीकेज/क्रॉस-कनेक्शन के कारण दूषित पानी घरों तक पहुंचा। इस पानी के सेवन से लोगों को तेज दस्त, उल्टी, बुखार और डिहाइड्रेशन जैसी गंभीर समस्याएं हुईं तथा जांच में पानी में हानिकारक बैक्टीरिया (जैसे ई-कोलाई) पाए गए, जो मानव मल से फैलते हैं। भारत ही नहीं, आज विश्व स्तर पर दूषित जल एक गंभीर मानव-स्वास्थ्य और विकास समस्या बना हुआ है। बहरहाल, यहां पाठकों को बताता चलूं कि विश्व तथा भारत-दोनों स्तरों पर दूषित जल (वाटर पोल्यूशन) के कारण लगभग समान हैं, हालांकि जनसंख्या घनत्व, औद्योगिकीकरण और प्रबंधन की कमी के कारण भारत में इनका प्रभाव अधिक गंभीर रूप में दिखाई देता है। प्रमुख कारणों में प्रमुख रूप से औद्योगिक अपशिष्टों, घरेलू सीवेज और मलजल,कृषि रसायनों का अत्यधिक उपयोग,ठोस कचरा और प्लास्टिक प्रदूषण,धार्मिक और सामाजिक गतिविधियां, खनन और निर्माण गतिविधियां तथा भूजल का प्राकृतिक व मानवजनित प्रदूषण आदि को शामिल किया जा सकता। यह बहुत ही दुखद है कि आज विभिन्न कल-कारखानों से निकलने वाला रासायनिक कचरा, भारी धातुएं (सीसा, पारा, आर्सेनिक), रंग, एसिड और विषैले तत्व बिना पर्याप्त शोधन के नदियों, झीलों और भूजल में छोड़ दिए जाते हैं। इससे जल न केवल पीने योग्य नहीं रहता, बल्कि जलीय जीवन भी नष्ट होता है।

जल प्रदूषण का एक सबसे बड़ा और गंभीर कारण प्लास्टिक माना जा रहा है। आधुनिक जीवनशैली में प्लास्टिक का अत्यधिक उपयोग किया जा रहा है जैसे पॉलीथिन बैग, बोतलें, पैकेजिंग सामग्री और डिस्पोज़ेबल वस्तुएं आदि। जिसके परिणामस्वरूप आज हमारी नदियों, झीलों और समुद्रों में बड़ी मात्रा में प्लास्टिक पहुंच रहा है। पाठक जानते हैं कि प्लास्टिक जैव-अपघटित नहीं होता, बल्कि सैकड़ों वर्षों तक जल में बना रहता है। धीरे-धीरे माइक्रोप्लास्टिक में बदल जाता है। ये सूक्ष्म कण जलीय जीवों द्वारा निगल लिए जाते हैं, जिससे उनकी मृत्यु होती है और अंततः यही विषैले कण खाद्य श्रृंखला के माध्यम से मानव शरीर तक पहुंचते हैं। इसके अलावा प्लास्टिक जल प्रवाह को बाधित करता है, नालों को जाम करता है और जल स्त्रोतों की प्राकृतिक शुद्धता को नष्ट करता है। इसलिए प्लास्टिक प्रदूषण न केवल पर्यावरण बल्कि मानव स्वास्थ्य के लिए भी एक गंभीर खतरा बन चुका है। आज दूषित जल की समस्या वैश्विक है, लेकिन भारत में कचरा प्रबंधन की कमजोरी इसे और गंभीर बनाती है। हमारा देश एक धार्मिक देश है और हमारे यहां नदियों, झीलों, पानी के विभिन्न स्त्रोतों आदि में मूर्तियों का विसर्जन, पूजा सामग्री, अस्थि विसर्जन और सामूहिक स्नान जैसी गतिविधियां जल में रसायन, रंग और जैविक कचरा बढ़ाती हैं, जिससे जल की गुणवत्ता प्रभावित होती है। निष्कर्षतः, हम यहां यह बात कही सकते हैं कि आज विश्व और भारत दोनों में दूषित जल की समस्या मानव गतिविधियों का ही परिणाम है। यदि समय रहते प्रभावी जल प्रबंधन, अपशिष्ट शोधन और जन-जागरूकता नहीं बढ़ाई गई, तो यह समस्या भविष्य में और भी भयावह रूप ले सकती है। यदि हम यहां जल से संबंधित आंकड़ों की बात करें तो विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और यूनिसेफ के अनुसार आज भी दुनिया में लगभग 2.2 अरब लोग सुरक्षित रूप से प्रबंधित पेयजल सेवा से वंचित हैं, यानी उन्हें ऐसा पानी नहीं मिल पाता जो घर पर उपलब्ध, निरंतर और दूषण-मुक्त हो। इनमें से करीब 1.7 अरब लोग ऐसे जल स्त्रोतों का उपयोग करते हैं, जिनमें मल-जनित प्रदूषण का जोखिम रहता है, जबकि लगभग 115 मिलियन लोग सीधे नदियों, तालाबों और झीलों जैसे सतही जल पर निर्भर हैं। आंकड़े बताते हैं कि दूषित पानी के सेवन से हर वर्ष लगभग 5 लाख से अधिक लोगों की मौत होती है, जो एक गंभीर समस्या है।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# मन को स्थिर रखना ही जीवन का सूत्र



संकलित
**दर्शन**

काम, क्रोध, लोभ और मोह की स्वाभाविक वृत्तियों से घिरा हुआ मनुष्य जब अपनी असत दृष्टि से इनमें आनंद का अनुभव करने लगता है, तो उसे यह संसार खुशनुमा लगने लगता है। काम अर्थात इच्छा। जब भी किसी व्यक्ति के मन में उठी इच्छा की पूर्ति होती है, तो वह परम आनंद को प्राप्त होता है, पर वह यह भूल जाता है कि उसकी यह इच्छापूर्ति उसी तरह से उसके मन में एक और इच्छा जागृत करके उसके चित्त को अव्यवस्थित कर देगी, जिस तरह से जलती हुई अग्नि पूरी मात्र में घी पाने पर भी बुझती नहीं है, अपितु और वेग से जलने लगती है। इसी भांति से यदि अन्य किसी व्यक्ति के साथ विचार भिन्नता होती है तो वे दोनों ही पक्ष एक-दूसरे की हानि करने के लिए तत्पर हो जाते हैं और अपने चित्त की सहज शांति खो बैठते हैं। इस स्थिति में जिसकी हानि होती है वह तो दुखी होता ही है, जो लाभ में रहता है वह भी हारे हुए पक्ष की ओर से आने वाली संभावित प्रतिक्रिया से हर दम चिंता में डूबा रहता है। और इस तरह से क्रोध भी व्यक्तियों को पीड़ित करने का कारण ही बनता है। वहीं लोभ और मोह की असीमित शक्ति का तो यह हाल है कि हम अपना पूरा का पूरा जीवन इसमें लगा देते हैं कि हमारे पास इतनी अथाह संपत्ति हो, जिसकी बराबरी धरती का कोई भी दूसरा व्यक्ति कभी न कर सके और हमारी अपनी संतान भी ऐसी हो, जिसकी सुंदरता और बुद्धिमत्ता का कोई मुकाबला न हो सके। रावण से लेकर कंस आदि के उदाहरण हमारे सामने हैं, जो अपने जीवन में अपनी ऐसी ही मानसिक विकृतियों से कभी भी पार नहीं पा सके।

# कोयल अपनी वाणी को मधुर बना लेना



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार वसंत ऋतु में एक कोयल वृक्ष पर बैठी कूक रही थी। आते-जाते लोग उसकी कूक को सुनते और उसकी सुरीली आवाज का आनंद लेते हुए उसकी तारीफ के पुल बांधते। कुछ देर बाद कोयल के सामने एक कौआ तेज गति से आया। कोयल ने उससे पूछाः इतनी तेज गति से कहां जा रहे हो? कुछ देर बैठो, बातें करते हैं। कौए ने उत्तर दियाः कि वह जरा जल्दी में है और देश को छोड़कर परदेस जा रहा है। कोयल ने इसका कारण पूछा तो कौआ बोलाः यहां के लोग बहुत खराब हैं। सब तुम्हें ही चाहते हैं। सभी लोग सिर्फ तुम्हारा आदर करते हैं। वह यही चाहते हैं कि तुम हमेशा की तरह इसी प्रकार से उनके क्षेत्र में गाती रहो। वहीं जहां तक मेरी बात है तो मुझे कोई देखना तक नहीं चाहता। यहां तक कि मैं किसी की मुंडेर पर बैठता हूं तो मुझे कंकड़ मारकर वहां से भगा दिया जाता है। मेरी आवाज भी कोई नहीं सुनना चाहता। जहां मेरा अपमान हो, मैं ऐसे स्थान पर एक क्षण भी नहीं रहना चाहता। ज्ञानियों ने भी हमें यही शिक्षा दी है कि अपमान की जगह पर नहीं रहना चाहिए। यह सुनकर कोयल बोली, परदेस जाना चाहते हो तो बड़े शौक से जाओ। यह पूरी तरह से तुम्हारी इच्छा पर निर्भर है। लेकिन एक बात का सदैव ध्यान रखना कि वहां जाने से पहले अपनी आवाज को बदल लेना। अपनी वाणी को मधुर बना लेना। यदि तुम्हारी वाणी ठीक वैसी ही कठोर रही, जैसी यहां पर है तो परदेस में भी लोग तुम्हारे साथ वही व्यवहार करेंगे जो अभी हो रहा है। संसार जो है, जैसा भी है, उसे बदला नहीं जा सकता।

## सटाका




## आज की पाती

### पानी में भी भ्रष्टाचार का जहर तो नहीं मिल गया?

प्राणी जाति के लिए साफ-सथुरा पानी अमृत है तो दूषित पानी जहर होता है, इसका सेवन करने से बचें। अक्सर देश के विभिन्न राज्यों में दूषित पानी लोगों की सेहत का दुश्मन बन जाता है। आजकल वो शहर इंदौर जिसे स्वच्छ भारत अभियान में नंबर वन का खिताब मिला है, वहां दूषित पानी से लोगों की मौत सुर्खियां बनी हुई हैं। अगर सबसे स्वच्छ स्थान का ही यही हाल बेहाल है तो बाकी राज्यों का क्या हाल होगा? लेकिन सवाल तो यह है कि आखिर पानी दूषित कैसे हो जाता है? क्या पानी की सप्लाई के लिए जो व्यवस्था है, उसकी समय-समय पर जांच नहीं की जाती? या फिर संबंधित विभाग के बाबुओं को मोटी सैलरी से ही मतलब है? कहीं इसमें भी भ्रष्टाचार तो नहीं हो रहा है? *- विवेक पटनायक, रायगढ़*

## ट्रेंड

### हमारी महान संस्कृति



हमारी महान संस्कृति और आध्यात्मिक विरासत अनगिनत हमलों की भी साक्षी रही है। यह देशवासियों की सामूहिक शक्ति ही है, जिसने हमारी सांस्कृतिक धरोहर को हमेशा अक्षुण्ण रखा है।
वनानि दहतो वह्नेः सखा भवति मारुतः।
स एव दीपनाशाय कृशे कस्यास्ति सौहृदम।।
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### समुद्र सुरक्षित



एक सुरक्षित और स्वच्छ समुद्र ही सुरक्षित व्यापार, सुरक्षित जीवन और सुरक्षित पर्यावरण की गारंटी देता है। ऐसे में 'समुद्र प्रताप' जैसे प्लेटफॉर्म समुद्री सुरक्षा को प्रभावी रूप से सुनिश्चित करते हैं।
**-राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

### जनता की पैरवी करूंगी



चुनाव आयोग व्हाट्सएप पर चलाया जा रहा है। जब से एसआईआर शुरू हुई है, डर के मारे 70 लोगों की मौत हो चुकी है। जरूरत पड़ने पर मैं सुप्रीम कोर्ट जाऊंगी और जनता के लिए पैरवी करूंगी। जनता की आवाज उठाउंगी।
**-ममता बेनर्जी, सीएम पश्चिम बंगाल**

### यह हमारा निजी मामला



धर्मेंद्र के निधन के बाद मेरे परिवार द्वारा दो अलग-अलग प्रार्थना सभाएं आयोजित करने का निर्णय निजी मामला था। हमने आपस में बात की थी। मैंने अपने घर पर एक प्रार्थना सभा रखी, क्योंकि मेरे करीबी लोग अलग हैं और उनके अलग।
**-हेमा मालिनी, अभिनेत्री व सांसद**

## करंट अफेयर


# इमरान से जुड़ा गाना गाने पर गायक के खिलाफ मामला दर्ज



पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में पुलिस ने एक कार्यक्रम के दौरान जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान से जुड़ा गाना गाने के आरोप में एक पेशेवर गायक और उसकी टीम के खिलाफ मामला दर्ज किया। पंजाब पुलिस के एक प्रवक्ता ने सोमवार को बताया, 'शनिवार रात लाहौर के शालीमार गार्डन में सरकार द्वारा प्रायोजित एक सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान 'कैदी नंबर 804' गाना गाने के आरोप में जाने-माने कव्वाल फराज अमजद खान और उनकी टीम के सदस्यों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।' उन्होंने बताया कि गायक और उनकी टीम ने सरकार द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम को राजनीतिक रंग देकर 'जनता को भड़काने' की कोशिश की क्योंकि यह गाना जेल में बंद पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के संस्थापक इमरान खान से जुड़ा है। प्राथमिकी के मुताबिक, "विवादित गीत से अशांति और हिंसा भड़कने का खतरा था। संगीत और सांस्कृतिक संध्या 'चांदनी रातें' का आयोजन लाहौर प्राधिकरण द्वारा किया गया था। दूसरी ओर, गायक फराज अमजद खान ने पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज से उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने का अनुरोध किया और कहा कि उन्हें इस 'इमरान समर्थक गीत' को गाने के लिए धमकाया गया था।

## ऑफ बीट

# कई ग्लुटेन मुक्त उत्पादों में कैलोरी-शर्करा अधिक



अमेरिकी उपभोक्ता अक्सर ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों के लिए अधिक भुगतान करते हैं, फिर भी ये उत्पाद आमतौर पर ग्लुटेन युक्त विकल्पों की तुलना में कम प्रोटीन और अधिक शर्करा एवं कैलोरी प्रदान करने वाले होते हैं। वर्तमान में कई ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों में फाइबर, प्रोटीन और आवश्यक पोषक तत्वों की कमी होती है। इसके अलावा, ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों में आमतौर पर ग्लुटेन युक्त अन्य उत्पादों की तुलना में अधिक शर्करा पाई जाती है। ग्लुटेन-मुक्त आहार के लंबे समय तक सेवन का संबंध 'बॉडी मास इंडेक्स' (बीएमआई) में वृद्धि और पोषण संबंधी कमियों से है। ग्लुटेन-मुक्त उत्पाद को अमेरिका में ऐसे उत्पाद के रूप में परिभाषित किया जाता है जिनमें ग्लुटेन प्रति 10 लाख में 20 भाग से कम या उसके बराबर होता है। लेकिन ग्लुटेन-मुक्त उत्पाद में बड़े पैमाने पर गेहूं, राई, जौ और कभी-कभी जई की कमी होती है, जबकि ये सभी 'रबीनॉक्सिलन' के समृद्ध स्रोत हैं जो एक महत्वपूर्ण स्टार्च रहित पॉलीसेकेराइड है। अरबीनॉक्सिलन कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है, जिसमें लाभकारी आंत बैक्टीरिया को बढ़ावा देना, पाचन को बढ़ाना, रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करना और संतुलित आंत माइक्रोबायोटा का समर्थन करना शामिल है।

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

**अब तक का सबसे बड़ा पोत है समुद्री प्रताप, देश का गौरव है**

# तटरक्षक बल के बेड़े में शामिल हुआ स्वदेशी प्रदूषण नियंत्रण पोत समुद्र प्रताप, दुनिया की बड़ी से बड़ी चुनौती से निपटना होगा आसान

एजेंसी नई दिल्ली

भारत ने आत्मनिर्भरता की दिशा में एक और बड़ी सफलता हासिल कर ली है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को भारतीय तटरक्षक बल के बेड़े में 60 प्रतिशत से ज्यादा स्वदेशी सामग्री से बना प्रदूषण नियंत्रण पोत ‘ समुद्र प्रताप ’ को शामिल किया। आपको बता दें कि वैसे तो समुद्र प्रताप को प्रदूषण कंट्रोल के लिए डिजाइन किया गया है। लेकिन यह सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन में भी उतना ही सक्षम है, तटीय गश्त में भी उतना ही प्रभावी है, और समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने में भी उतना ही महत्वपूर्ण है। इस शिप में एक ही प्लेटफार्म पर कई क्षमताओं को इंटीग्रेट किया गया है। रक्षामंत्री के अनुसार यही आधुनिक अप्रोच आज की समुद्री चुनौतियों की मांग है, जहां लचीलापन और तैयारी दोनों एक समान महत्वपूर्ण हैं। ‘समुद्र प्रताप’ का निर्माण गोवा शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा किया गया है। प्रदूषण नियंत्रण पोत ‘समुद्र प्रताप’ 115 मीटर लंबा और लगभग 4,200 टन वजनी है। यह शक्तिशाली पोत 60 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी तकनीक से बनाया गया है।

समुद्र प्रताप की गति 22 नॉट से अधिक है। ये क्षमताएं इसे लंबी दूरी के परिचालन के लिए बेहद सक्षम बनाती हैं। रक्षामंत्री ने कहा कि इस शिप की एक और खास बात है कि इसमें 60 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री का उपयोग हुआ है। यह अपने आप में आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बढ़ता हुआ एक मजबूत कदम है।

आत्म निर्भर भारतः 60 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री से निर्मित

बड़े से बड़े संकट का कर सकता है मुकाबला, ज्यादा वक्त नहीं लगेगा

खास
लंबाई
115
वजन
4,200


समुद्री प्रताप

## मेच्योर हो चुका डिफेंस इंडस्ट्रियल ईकोसिस्टम

रक्षा मंत्री ने कहा कि हमारी मेक इन इंडिया पहल का असली अर्थ ऐसे ही प्रोजेक्ट में दिखाई देता है। इतने जटिल प्लेटफार्म में भी, इस स्तर की स्वदेशी सामग्री यह दिखाती है कि हमारा डिफेंस इंडस्ट्रियल इकोसिस्टम अब काफी मेच्योर हो चुका है। हमने रक्षा निर्माण में कम से कम इतनी क्षमता तो हासिल कर ही ली है कि हम निर्माण से संबंधित जटिल चुनौतियों को भी हैंडल करने में सक्षम हैं। जाहिर सी बात है, जब समुद्री प्रदूषण बढ़ेगा, तो मछुआरों की आजीविका, तटीय समुदायों का भविष्य, और हमारी आने वाली पीढ़ियों की सुरक्षा, सब पर प्रभाव पड़ेगा। इसलिए हमारे तटरक्षक बल द्वारा चलाए गए तटीय स्वच्छता अभियान, प्रदूषण रिस्पांस अभियान और बहु एजेंसी समन्वय वास्तव में सराहनीय हैं। आपने यह दिखाया है, कि जब निश्चय स्पष्ट हो और समन्वय मजबूत हो, तो बड़े से बड़े संकट का भी सामना किया जा सकता है।

### किसानों के अंदर पैदा किया भरोसा

रक्षा मंत्री ने कहा कि तटरक्षक बल ने, देशवासियों के अंदर जो भरोसा पैदा किया है, वह निश्चित रूप से सराहनीय है। इसने हमारे किसानों के अंदर भरोसा पैदा किया है। हमारे मछुवारों के अंदर भरोसा पैदा किया है। सब निश्चिन्त होकर अपना काम करते रहते हैं, कि जो भी होगा तटरक्षक बल देख लेगा।

**खबर संक्षेप**

### रूसी तेल पर भारत को लेना होगा दो-टूक फैसला

**नई दिल्ली।** अमेरिका द्वारा आयात शुल्क (इंपोर्ट टैरिफ) बढ़ाए जाने का खतरा एक बार फिर भारत पर मंडरा रहा है।



ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के अनुसार, अमेरिका द्वारा भारत पर रूसी तेल आयात के मामले में स्पष्ट और निर्णायक फैसला लेने का दबाव बनाया जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि अगर भारत रूस से तेल खरीद बंद नहीं करता है तो यूएस टैरिफ बढ़ाया जा सकता है।

### क्रिप्टोः एफयूआई के रडार पर 49 एक्सचेंज

**नई दिल्ली।** भारत में क्रिप्टोकरेंसी का बाजार जितनी तेजी से पैर पसार रहा है, सरकार की निगरानी भी उतनी ही सख्त होती जा रही है।



वित्त वर्ष 2024-25 में वित्तीय खुफिया इकाई (एफआईयू) के पास 49 क्रिप्टो एक्सचेंजों ने पंजीकरण कराया है, लेकिन इन प्लेटफार्मों पर संदिग्ध लेनदेन की जांच ने हवाला, जुआ और यहां तक कि टेरर फंडिंग जैसे ‘गंभीर’ अपराधों की पोल खोल दी है। मार्च 2025 तक कुल 49 वर्चुअल डिजिटल एसेट ने पंजीकरण किया।

## मादुरो के बेटे गुएरा ने ट्रंप और अमेरिका को जमकर सुनाई खरी-खोटी

# चेतावनी देते हुए बोले- मां कसम... इतिहास बताएगा ‘गद्दार’ कौन था? बेनकाब करेंगे

एजेंसी काराकस

वेनेजुएला में सत्ता परिवर्तन के बाद अपदस्थ राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के बेटे निकोलस मादुरो गुएरा का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों ने वेनेजुएला को धोखा दिया है और आने वाले समय में उन चेहरों को बेनकाब किया जाएगा। सोशल मीडिया पर जारी ऑडियो रिकॉर्डिंग में उन्होंने कहा कि इतिहास बताएगा कि गद्दार कौन था, इतिहास इसका खुलासा करेगा। मादुरो गुएरा ने कहा, वे हमें कमजोर देखना चाहते हैं। हम सम्मान और गरिमा के झंडे बुलंद करेंगे। क्या इससे हमें दुख होता है? बिल्कुल दुख होता है, हमें गुस्सा आता है, लेकिन वे ऐसा नहीं कर पाएंगे, धिक्कार है। मैं अपनी जिंदगी, अपनी मां, सिलिया की कसम खाता हूं वह ऐसा नहीं कर पाएंगे। निकोलस मादुरो के बेटे गुएरा ने अपने समर्थकों को सार्वजनिक आंदोलनों में हिस्सा लेने का आह्वान किया ताकि वे लीडरशिप के इर्द-गिर्द जमा हो और एकता को मजबूत कर सकें। मादुरो गुएरा वेनेजुएला की सत्ताधारी यूनाइटेड सोशलिस्ट पार्टी (पीएसयूवी) के सदस्य हैं। अमेरिकी फेडरल प्रॉसिक्यूटर का आरोप हे कि गुएरा एक बड़े ड्रग्स नेटवर्क का मुख्य सरगना है, जिसने वेनेजुएला से अमेरिका तक नशीले पदार्थों को पहुंचाने के लिए सरकारी संपत्तियों, मिलिट्री, और राजनीतिक प्रभाव का इस्तेमाल किया। निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस इस समय अमेरिका में हिरासत में हैं। उन्हें सोमवार को न्यूयॉर्क के एक फेडरल कोर्ट में पेश किया जाएगा। उन पर अमेरिका नारको-टेररिज्म और ड्रग्स तस्करी की साजिश के आरोप लगाए हैं।

*गुएरा ने कहा- हम वेनेजुएला के सम्मान वाले झंडे को बुलंद करेंगे*

*उधर अमेरिका ने कहा- ड्रग्स नेटवर्क का सरगना है गुएरा*

### वेनेजुएला पर हमले के बाद ग्रीनलैंड सुर्खियों में


लाल कैप में गुएरा, पिता मादुरो, इंसेट में ट्रंप

*वेनेजुएला पर अमेरिकी हमले के कुछ ही घंटों बाद ही दुनिया की नजरें ग्रीनलैंड पर केंद्रित हो गईं। इसकी वजह सीधे तौर पर डोनाल्ड ट्रंप का बयान है। दरअसल, डोनाल्ड ट्रंप अपने पिछले कार्यकाल में भी ग्रीनलैंड को खरीदने का प्रस्ताव दे चुके हैं। ग्रीनलैंड एक ऐसा देश जो काफी रणनीतिक महत्त्व वाला है। यहां की जनसंख्या महज 56 हजार है। आर्कटिक द्वीप ग्रीनलैंड भौगोलिक रूप से उत्तरी अमेरिका का हिस्सा है। हालांकि, यह डेनमार्क साम्राज्य के अधीन एक स्वायत्त क्षेत्र है, जो सियासी तौर पर यूरोप से जुड़ा है। यह आंतरिक मामलों में स्वशासित है, लेकिन विदेश और सुरक्षा नीति डेनमार्क के नियंत्रण में है। हालांकि, 2009 के स्वशासन अधिनियम के तहत इसे पूर्ण स्वतंत्रता प्राप्त करने का अधिकार है, जिसे ग्रीनलैंड के लोग जनमत संग्रह के जरिए चुन सकते हैं।*


### भड़का चीनः नहीं चलने देंगे अमेरिकी दादागीरी

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने सख्त लहजे में कहा कि कोई भी देश दुनिया का पुलिसकर्मी या अंतराष्ट्रीय न्यायाधीश बनने का हकदार नहीं है। उन्होंने इस हमला को लेकर कहा कि यह अंतराष्ट्रीय कानून का गंभीर उल्लंघन है और वेनेजुएला की संप्रुभता पर हमला है। चीनी राष्ट्रपति ने कहा कि एकतरफा दादागीरी नहीं चलेगी। जिनपिंग ने वैश्विक मामलों में ‘एकतरफा और दादागिरी भरे कृत्यों’ की आलोचना करते हुए प्रमुख शक्तियों से अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों का सम्मान करने का आग्रह



### किम जोंग ने अमेरिका को दी खुली धमकी

उत्तर कोरिया ने वेनेजुएला में अमेरिका की कार्रवाई को गुंडागर्दी बताया है। उत्तर कोरियाई विदेश मंत्रालय का कहना है कि अमेरिका की यह कार्रवाई किसी भी देश की आजादी और संप्रभुता पर किया गया सबसे गंभीर हमला है। उत्तर कोरिया के सुप्रीम लीडर किम जोंग-उन ने अमेरिका को खुली चेतावनी देते हुए कहा है कि यह कार्रवाई दुनिया को विश्व युद्ध की ओर ले जा सकती है। किम जोंग-उन ने डोनाल्ड ट्रंप और अमेरिकी नेतृत्व से मांग की कि वे तुरंत मादुरो की स्थिति सार्वजनिक करें।




## परिवार के समेत 20 लोग छोड़ेंगे देश

# डोनाल्ड ट्रंप की धमकी के बाद ईरान छोड़ने की तैयारी कर रहे हैं खामेनेई?

एजेंसी तेहरान

ईरान में विरोध प्रदर्शन की आग उग्र होने और कई प्रदर्शनकारियों की मौत पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हस्तक्षेप की धमकी के बाद अब एक रिपोर्ट में बड़ा दावा किया गया है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि आर्थिक संकट के खिलाफ ईरान में बड़े पैमाने पर हो रहे विरोध प्रदर्शनों के बीच, ईरान के अयातुल्ला अली खामेनेई के देश से भागने की योजना बना रहे हैं। खामेनेई के पास इसे लेकर एक बैक-अप प्लान है। रिपोर्ट में एक इंटेलिजेंस रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा गया है कि खामेनेई अपने 20 करीबी सहयोगियों और परिवार के साथ ईरान से भागने की योजना बना रहे हैं।

दावा किया गया है कि खामेनेई सीरिया के बशर अल-असद की तरह रूस में शरण ले सकते हैं। इसकी वजह यह बताई गई है कि खामेनेई को मॉस्को भागना होगा क्योंकि उनके लिए कोई दूसरी जगह नहीं है। इससे पहले ईरान की डूबती अर्थव्यवस्था के कारण भड़के विरोध-प्रदर्शनों के दौरान हुई हिंसा में कम से कम 15 लोगों की मौत हो चुकी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक ईरान के 31 प्रांतों में से 25 प्रांतों में 170 से अधिक स्थानों पर प्रदर्शन हुए हैं। उसने बताया कि मरने वालों की संख्या कम से कम 15 हो गई है और 580 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं ईरान के सर्वोच्च नेता ने देश में अशांति उत्पन्न करने वाले विरोध प्रदर्शनों को लेकर कहा कि दंगाइयों पर सख्ती करनी होगी। विरोध-प्रदर्शनों के दौरान हुई हिंसा के संबंध में 86 वर्षीय अयातुल्ला अली खामेनेई की यह पहली टिप्पणी है।



### बेटे मोजतबा को भी साथ ले जाएंगे खामेनेई

ब्रिटिश अखबार ने खुफिया सूत्रों के हवाले से कहा कि ‘प्लान बी’ अयातुल्ला खामेनेई और उनके बेहद करीबी सहयोगियों व परिवार के लिए तैयार किया गया है। इसमें उनके बेटे और नॉमिनेटेड उत्तराधिकारी मोजतबा खामेनेई भी शामिल हैं। पूर्व इजरायली खुफिया अधिकारी बेनी साबती के अनुसार, खामेनेई रूस के लिए रवाना होंगे, क्योंकि उनके पास भागने के लिए और कोई जगह नहीं है।रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया कि खामेनेई पहले भी यह भरोसा जता चुके हैं कि वो रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की ‘सराहना करते हैं’ और उनका मानना है कि ईरानी संस्कृति, रूसी संस्कृति से अधिक मिलती-जुलती है। खामेनेई का यह कथित प्लान सीरिया के पूर्व तानाशाह बशर अल-असद के भागने के तरीके से मिलती-जुलती मानी जा रही है। यह वही मॉडल है जिसे असद ने नवंबर 2024 में अपनाया था, जब सरकार गिरने के बाद वो सीरिया से भागकर मॉस्को पहुंच गए थे।

## ब्रिटिश सांसद बॉब ब्लैकमैन का बड़ा बयान, बोले

# पीओके समेत पूरा जम्मू-कश्मीर भारत को मिलना चाहिए, वो उसी का अंग

एजेंसी जयपुर

ब्रिटिश सांसद बॉब ब्लैकमैन ने जम्मू और कश्मीर पर भारत के रुख के लिए अपने लंबे समय से चले आ रहे समर्थन को दोहराया है। ब्लैकमैन ने पीओके पर पाकिस्तान के अवैध कब्जे का विरोध करते हुए कहा कि पूरे जम्मू और कश्मीर को भारत के साथ फिर से मिला देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 को खत्म करने की उनकी मांग तीन दशक से भी ज्यादा पुरानी है और यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार की ओर से 2019 में लिए गए फैसले से जुड़ी नहीं है। जयपुर के कॉन्स्टिट्यूशनल क्लब में एक हाई-टी कार्यक्रम में बोलते हुए, ब्लैकमैन ने कहा कि उनका यह रुख 1990 के दशक की शुरुआत में बना था, खासकर कश्मीर घाटी से कश्मीरी पंडितों के पलायन के बाद। बॉब ब्लैकमैन ने कहा, “मैंने सिर्फ तब अनुच्छेद 370 को खत्म करने की बात नहीं की जब प्रधानमंत्री मोदी ने इसे अपने घोषणापत्र में शामिल किया और लागू किया। मैंने यह बात 1992 में कही थी, जब कश्मीरी पंडितों को जम्मू और कश्मीर से बाहर निकाल दिया गया था। उस समय की अपनी सक्रियता को याद करते हुए, ब्रिटिश सांसद ने कहा कि ब्रिटेन में विस्थापित समुदाय के साथ हुए अन्याय की ओर ध्यान दिलाने के लिए प्रयास किए गए थे।



ब्लैकमैन ने कहा, हमने उस समय एक बड़ी बैठक की थी ताकि लोगों से कहा जा सके कि यह गलत है, यह अन्याय है कि लोगों को सिर्फ उनके धर्म के कारण उनके पैतृक घरों से बाहर निकाला जा रहा था। ब्रिटिश सांसद ने कहा कि उन्होंने इस क्षेत्र में आतंकवाद की लगातार निंदा की है और जम्मू और कश्मीर के कुछ हिस्सों पर पाकिस्तान के नियंत्रण की आलोचना की है। ब्लैकमैन ने कहा, “मैंने ना केवल होने वाले आतंकवाद की निंदा की है।

## घटना के वक्त परिवार घर पर नहीं था

# अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के घर पर हमला, खिड़कियां तोड़ीं, 1 अरेस्ट

एजेंसी नई दिल्ली

अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के ओहियो स्थित घर पर हमले की घटना के बाद एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, घटना के समय वेंस परिवार घर पर नहीं था और अधिकारियों को नहीं लगता है कि हमलावर उपराष्ट्रपति के घर में घुसा था। मौके से मिली तस्वीरों में उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के घर की टूटी खिड़कियां दिखाई दे रही हैं लेकिन इस समय यह साफ नहीं है कि असल में क्या हुआ था। एक अधिकारी के हवाले से बताया कि यह पता लगाने के लिए जांच चल रही है कि हमलावर जेडी वेंस या उनके परिवार को निशाना बना रहा था या नहीं। घटना के बाद पुलिस और सीक्रेट सर्विस के लोग उपराष्ट्रपति के घर के अंदर देखे गए, हालांकि माना जा रहा है कि हमले के समय न तो वेंस और न ही उनका परिवार घर पर था। यह घटना नए साल की छुट्टियों के दौरान इलाके में बढ़ाई गई सुरक्षा के बाद हुई है। बताया जा रहा है कि मामले के विभिन्न एंगलों से जांचा जा रहा है कि आखिर वजह क्या था।


खिड़कियों को हुआ नुकसान

## कृष्णा किशोर और आशा के दो बच्चे गंभीर रूप से घायल

# आंध्र प्रदेश के कपल की अमेरिका में दर्दनाक मौत, 10 दिन पहले ही हुई थी भारत से वापसी

एजेंसी नई दिल्ली

आंध्र प्रदेश का एक कपल अमेरिका में भीषण सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया। हादसा इतना भयानक था कि दोनों पति-पत्नी की मौके पर मौत हो गई। वहीं, उनके दोनों बच्चों की हालत गंभीर है।

उन्हें नजदीकी अस्पातल में भर्ती किया गया है। 45 वर्षीय कृष्णा किशोर अमेरिका में सॉफ्टवेयर इंजीनियर थे। वो अपनी 40 वर्षीय पत्नी आशा और 2 बच्चों के साथ अमेरिका में रहते थे। ये परिवार आंध्र प्रदेश के पालाकोल्लू से ताल्लुक रखता है। कुछ दिन पहले ही दोनों आंध्र प्रदेश स्थित अपने घर आए थे और 10 दिन पहले अमेरिका वापस लौट गए थे। हादसा अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन में हुआ। हादसे के दौरान कार में कृष्णा और आशा के अलावा उनका बेटा और बेटी भी मौजूद थे।

हादसे के बाद कृष्णा और आशा ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। उनके दोनों बच्चों को इमरजेंसी में भर्ती किया गया है।


मृतक दंपती

### यूएस में महिला की हत्या, आरोपी भारत से गिरफ्तार

भारतीय महिला निकिता गोडिशाला की अमेरिका में हत्या कर दी गई थी। निकिता का शव एक्स-बॉयफ्रेंड अर्जुन शर्मा के अपार्टमेंट में मिला था। अब इस मामले पर बड़ा खुलासा हुआ है। निकिता के एक्स-बॉयफ्रेंड अर्जुन को सोमवार को इंटरपोल पुलिस ने तमिलनाडु से गिरफ्तार कर लिया। अमेरिकी पुलिस ने दावा किया था कि अर्जुन हत्या के बाद भारत भाग गया है। इसके बाद जांच एजेंसियां इस मामले को लेकर सक्रिय हो गई थीं।



## एनसीसी के रिपब्लिक डे कैंप 2026 में पहुंचे उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने कहा

# एनसीसी का ध्येय एकता और अनुशासन, युवाओं का बढ़ाता है आत्मविश्वास

एजेंसी नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने ऑपरेशन सिंदूर तथा विभिन्न आपदा राहत अभियानों में एनसीसी कैडेट्स की सराहनीय सेवाओं का उल्लेख किया। उपराष्ट्रपति सोमवार को नई दिल्ली में एनसीसी के रिपब्लिक डे कैंप 2026 में पहुंचे थे। यहां उन्होंने एनसीसी कैडेट्स को संबोधित किया। इसी दौरान उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर व विभिन्न आपदा राहत अभियानों में एनसीसी कैडेट्स की सराहनीय सेवाओं का जिक्र किया। उपराष्ट्रपति ने कहा कि एनसीसी शिविर केवल प्रशिक्षण का केंद्र नहीं, बल्कि भारत की विविधता में एकता, संवैधानिक मूल्यों और भविष्य के नेतृत्व की झलक प्रस्तुत करता है। उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन बतौर मुख्य अतिथि नई दिल्ली में आयोजित एनसीसी रिपब्लिक डे कैंप के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने देश के निर्माण में एनसीसी की अहम भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि एनसीसी का ध्येय वाक्य “एकता और अनुशासन” देश के युवाओं को आत्मविश्वासी, जिम्मेदार और सेवा-भावी नागरिक बनाने में लगातार महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। उन्होंने कहा कि यही युवा विकसित भारत 2047 की नींव हैं। कार्यक्रम की शुरुआत में उपराष्ट्रपति का कैंप पहुंचने पर एनसीसी कैडेट्स द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर से स्वागत किया गया। इसके बाद उपराष्ट्रपति ने हॉल ऑफ फेम का दौरा किया। हॉल ऑफ फेम में उन्हें एनसीसी की गौरवपूर्ण विरासत, उपलब्धियों और विकास यात्रा के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उपराष्ट्रपति ने यहां विभिन्न प्रदर्शनी स्टॉल्स का भी निरीक्षण किया। इन प्रदर्शनी स्टॉल्स में युवा आपदा मित्र योजना, ड्रोन प्रशिक्षण, और नई प्रौद्योगिकियों के उपयोग से जुड़ी पहल शामिल रहीं। उपराष्ट्रपति ने इस अवसर पर आपदा प्रबंधन की तैयारी और उभरती तकनीकों को अपनाने में एनसीसी की भूमिका की प्रशंसा की।

ऑपरेशन सिंदूर व आपदा राहत अभियानों में एनसीसी कैडेट्स की सेवा सराहनीय

28 राज्यों और 8 केंद्रशासित प्रदेशों से आने वाले कैडेट इस कैंप का हिस्सा बने

### 25 अलग-अलग मित्र देशों के युवा कैडेट भी शामिल


उपराष्ट्रपति कैडेट के साथ

*गौरतलब है कि रक्षा मंत्री व तीनों सेनाओं के वरिष्ठ अधिकारी भी गणतंत्र दिवस के लिए लगने वाले विशेष एनसीसी कैंप में जाते हैं। रक्षा मंत्रालय का कहना है कि इस वर्ष देश भर के 28 राज्यों और 8 केंद्रशासित प्रदेशों से आने वाले कैडेट इस कैंप का हिस्सा बने हैं। यहां एनसीसी गणतंत्र दिवस कैंप में कुल 2,406 कैडेट हैं। इनमें से 898 बालिका कैडेट शामिल हैं, जो इस साल कैंप में भाग ले रही हैं। अधिकारियों का कहना है कि यह अब तक का सबसे बड़ा दल है। एनसीसी के इस कैंप में देश भर से आए कैडेट्स की भागीदारी तो है ही, लेकिन इसके साथ ही विदेशों से आए कैडेट्स भी इस कैंप का हिस्सा हैं। भारतीय कैडेट्स के अलावा 25 अलग-अलग मित्र देशों के युवा कैडेट और अधिकारी यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम के अंतर्गत इस कैंप में शामिल हो रहे हैं।*

## बांग्लादेशः वीडियो बनाकर किया वायरल

# हिंदू विधवा के साथ दुष्कर्म, आरोपियों ने पेड़ से बांधकर उसके काट दिए बाल

एजेंसी नई दिल्ली

बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ अत्याचार के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। हाल ही के कुछ दिनों में 4 हिंदुओं की हत्या के बाद अब एक हिंदू विधवा महिला के साथ दरिंदगी का मामला सामने आया है। घटना झेनैदाह जिले के कालिगंज में नादिपारा इलाके में हुई। आरोप है कि यहां के दो स्थानीय बदमाशों ने 40 वर्षीय हिंदू विधवा महिला के साथ पहले बलात्कार किया और फिर उसे पेड़ से बांधकर उसके बाल काट दिए। इतना ही नहीं, आरोपियों ने इसका वीडियो भी बनाया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इस दुर्दांत कृत्य के बाद महिला बेहोश हो गई और स्थानीय लोगों ने उसे बेहोशी की हालत में सदर अस्पताल में भर्ती कराया। बाद में महिला ने आरोपी शाहीन और उसके साथी के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई। बताया जा रहा है कि महिला ने करीब ढाई साल पहले शाहिन और उसके भाई से 20 लाख रुपये में 3 डेसिमल जमीन और एक दो मंजिला मकान खरीदा था। इसके बाद से ही शाहीन की महिला पर बुरी नजर थी। उसने इसके पहले कई बार महिला के साथ अश्लील व्यवहार करने की कोशिश की थी। जब महिला ने उसके प्रस्ताव ने इनकार कर दिया तो फिर शाहीन ने अलग-अलग तरीके से उसे परेशान करना शुरू कर दिया।

# मुख्यमंत्री ने राज्यपाल से मिलकर शासन की दो वर्ष की उपलब्धियों की जानकारी दी, योजनाओं पर आधारित पुस्तकें सीएम ने की भेंट

## बीता वर्ष उद्योग एवं रोजगार वर्ष एवं नया वर्ष कृषि वर्ष के रूप में बनाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राजभवन पहुंचकर राज्यपाल मंगुभाई पटेल को दो वर्ष की उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026 को 'कृषि वर्ष' के रूप में मनाया जा रहा है। इस की थीम 'समृद्ध किसान-समृद्ध प्रदेश' रखी गई है। उन्होंने यह भी बताया कि बीता वर्ष उद्योग एवं रोजगार वर्ष के रूप में मनाया गया था। कृषि वर्ष 2026 में आरंभ की जा रही सभी गतिविधियां अगले तीन साल का लक्ष्य तय कर संचालित की जा रही हैं। राज्यपाल पटेल से मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रविवार की शाम लोक भवन पहुंचकर सौजन्य भेंट की। राज्यपाल पटेल ने मुख्यमंत्री को 13 दिसम्बर को सरकार के दो वर्ष सफलतापूर्वक पूरे होने की बधाई दी। राज्यपाल को मुख्यमंत्री ने मप्र शासन की उपलब्धियों पर केंद्रित पुस्तकें भेंट की।

मप्र में बीते दो वर्षों में हुए विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी भी दी। उन्होंने यह भी बताया कि किसान कल्याण, उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण, सहकारिता, पशुपालन एवं डेयरी, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, राजस्व, ऊर्जा, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा सभी विभागों की सहभागिता होगी। कृषि वर्ष में किसानों को अन्य राज्यों एवं विदेशों में हो रहे सफल नवाचारों की जानकारी से रूबरू भी कराया जाएगा।

**खास बातें**

- राज्यपाल और मुख्यमंत्री में हुई समसामयिक विषयों पर चर्चा
- कृषि वर्ष में आरंभ की जा रही सभी गतिविधियां का अगले तीन साल का लक्ष्य तय किया गया

### औद्योगिक उपलब्धियों को वैश्विक मंच पर प्रदर्शित किया जाएगा


राज्यपाल से चर्चा करते सीएम डॉ. यादव।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जानकारी दी कि विश्व आर्थिक मंच 2026 की वार्षिक बैठक 18 से 23 जनवरी 2026 में स्विट्जरलैंड के दावोस में होने जा रही है। इसका विषय 'ए स्पिरिट ऑफ डायलॉग' और 'अनलॉकिंग न्यू सोर्सेस ऑफ ग्रोथ' है। इसमें प्रदेश में पीथमपुर जैसे ऑटो क्लस्टर्स की औद्योगिक उपलब्धियों को वैश्विक मंच पर प्रदर्शित किया जाएगा। अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सोलर प्रोजेक्ट और रीवा अल्ट्रा मेगासोलर प्रोजेक्ट से राज्य की नवकरणीय ऊर्जा क्षमता को प्रस्तुत किया जाएगा।

**34 हजार 600 लेटर ऑफ अवॉर्ड इकाइयों को प्रदान किए जा चुके हैं**

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में प्रधानमंत्री कुसुम-बी योजना (प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान) की ओर से किसानों के लिए सोलर पंप योजना चलाई जा रही है। प्रदेश में यह योजना प्रधानमंत्री कुसुम-बी योजना' प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना' के नाम से संचालित है। प्रदेश के 33 हजार किसानों के खेतों में सोलर पंप लगाने के लिए कार्यादेश हो चुके हैं। करीब 34 हजार 600 लेटर ऑफ अवॉर्ड भी इकाइयों को प्रदान किए जा चुके हैं। इस योजना से प्रदेश के 52 हजार किसानों को लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है।

### राज्यपाल को मुख्यमंत्री ने इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र की घटना की जानकारी दी

*राज्यपाल को मुख्यमंत्री ने इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र की घटना की जानकारी भी दी। राज्यपाल पटेल को मुख्यमंत्री ने बताया कि जबलपुर में अंतरराष्ट्रीय रामायण सम्मेलन का आयोजन हो रहा है। इसमें देश-दुनिया के आए 120 विद्वानों के व्याख्यान, स्वामी रामभद्राचार्य महाराज भी इसमें शामिल हुए हैं। श्रीराम भक्तों ने 28 हजार से अधिक सुंदरकांड के पाठ किए। इसमें 25 सेशन होंगे, जिसमें देश-विदेश के 60 वक्ता के विचार सुनेंगे। उन्होंने बताया कि जबलपुर में ही 2 जनवरी को गीता भवन का लोकार्पण हुआ। प्रदेश का पहला गीता भवन इंदौर में लोकार्पित हो चुका है। पूरे प्रदेश मे सभी नगरीय निकायों में गीता भवन बनाए जा रहे हैं जो सांस्कृतिक एवं धार्मिक गतिविधियों के मुख्य केंद्र बनेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई, मुख्यमंत्री के सचिव आलोक कुमार सिंह, आयुक्त जनसम्पर्क दीपक कुमार सक्सेना सहित लोकभवन के अधिकारी भी उपस्थित थे।*

---

## सोमनाथ ज्योतिर्लिंग रूद्र पूजा और मूल सोमनाथ ज्योतिर्लिंग दर्शन कार्यक्रम में हुए शामिल मुख्यमंत्री

# सोमनाथ हमारे आत्मबल, पुनर्जागरण अविनाशी विश्वास का अद्भुत प्रतीक

**बार-बार ध्वस्त होकर भी सोमनाथ का पुनर्निर्माण यह उद्घोष है कि शाश्वत हैं हमारे भगवान शिव**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि यह सौभाग्य का विषय है कि भगवान श्रीमहाकाल और ममलेश्वर ज्योतिर्लिंग हमारे प्रदेश में विद्यमान हैं। प्रदेश की राजधानी भोपाल में मूल सोमनाथ ज्योतिर्लिंग दर्शन का अवसर प्राप्त हो रहा है। बार-बार ध्वस्त होकर भी सोमनाथ का पुनर्निर्माण यह उद्घोष है कि, शिव शाश्वत हैं, हमारी आस्था अडिग है और सनातन की चेतना अमर है।

सोमनाथ हमारे आत्मबल, पुनर्जागरण और अविनाशी विश्वास का प्रतीक हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को आर्ट ऑफ़ लिविंग संस्था एवं भोपाल उत्सव मेला की सोमनाथ ज्योतिर्लिंग रूद्र पूजा और मूल सोमनाथ ज्योतिर्लिंग दर्शन के रवींद्र भवन-मुक्ताकाश परिसर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर, विधायक भगवान दास सबनानी, भोपाल उत्सव मेला के मनमोहन अग्रवाल, सामाजिक कार्यकर्ता माखन सिंह और राहुल कोठारी विशेष रूप से उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने रूद्र पूजन में भगवान भोलेनाथ से प्रदेशवासियों को सुख, शांति और समृद्धि प्रदान करने की कामना की।

**रवींद्र भवन परिसर में सीएम कर रहे थे संबोधित**

**प्रदेशवासियों की सुख शांति की प्रार्थना की**


जनता को संबोधित करते मुख्यमंत्री।

### शिव ही हमारे विकारों का संहार करते हैं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शिव ही सत्य और सनातन हैं। पंच महाभूतों से बने हमारे शरीर का शिव ही सनातन संस्कृति की मूल अवधारणाओं से परिचय कराते हैं। शिव ही हमारे विकारों का संहार करते हैं। सनातन के विरोध का भाव रखने वाली संस्कृतियां, वर्तमान में स्वयं आतंरिक संकट से ग्रस्त हैं। जबकि सदैव विश्व के कल्याण की कामना करने वाली भारतीय संस्कृति, संसार को एक परिवार मानते हुए आगे बढ़ रही है। सरदार वल्लभ भाई पटेल ने जहां एक ओर श्री सोमनाथ महादेव का पुनर्निर्माण कराया वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राम मंदिर की स्थापना की। उज्जैन में महाकाल जन-जन की श्रद्धा के केंद्र के रूप में विद्यमान हैं। यह इस तथ्य को स्थापित करता है कि सनातन आदि और अनंत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरुदेव श्री श्री रविशंकर का आध्यात्मिक ज्ञान, उनकी आत्मीयता और मानवमात्र के प्रति प्रेम, सम्मानीय है। उनकी ओर से प्रसारित, सांस लेने की लयबद्ध सुदर्शन क्रिया की तकनीक ने कई लोगों के जीवन से तनाव, चिंता और अवसाद जैसे जटिल विकारों का निदान किया है।

### उद्योग प्रतिनिधियों से किया संवाद

## मुख्यमंत्री जयपुर में टीआईई ग्लोबल समिट-2026 में हुए शामिल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार 5 जनवरी को जयपुर प्रदर्शनी एवं सम्मेलन केंद्र में आयोजित राजस्थान डिजीफेस्ट-टीआईई ग्लोबल समिट-2026 में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने मप्र के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया व उभरते और उच्च विकास वाले क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करते हुए राज्य के प्रौद्योगिकी एवं निवेश संबंधी दृष्टिकोण को प्रस्तुत किया। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की प्राथमिकता प्राप्त प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में अवसरों की विस्तृत रूपरेखा वैश्विक निवेशकों और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के साथ साझा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इनोवेशन एक्सपो का भ्रमण भी किया। उन्होंने मप्र पवेलियन का दौरा कर स्टार्टअप्स, इनोवेटर्स एवं उद्योग प्रतिनिधियों से संवाद भी किया। इसके अलावा मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सीईओ, निवेशकों और वैश्विक उद्योग प्रतिनिधियों के साथ व्यक्तिगत बैठक कर मध्यप्रदेश में रणनीतिक निवेश के अवसरों एवं दीर्घकालिक सहयोग की संभावनाओं पर भी चर्चा की। टीआईई ग्लोबल समिट-2026 में मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग सिल्वर स्टेट पार्टनर के रूप में सशक्त भागीदारी कर रहा है। यह भागीदारी गत 27 नवंबर को आयोजित एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 2.0 के दौरान द इंडस एंटरप्रेन्योर्स राजस्थान के साथ हस्ताक्षरित समझौते के अनुरूप है। ये नीतियां राज्य को अगली पीढ़ी की प्रौद्योगिकी, डिजिटल नवाचार और उच्च-मूल्य वाले रोजगार सृजन के लिए पसंदीदा गंतव्य बनाने और भारत के टियर-2 शहरों के प्रौद्योगिकी पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के व्यापक दृष्टिकोण के अनुरूप हैं।

---

## रानी दुर्गावती की कर्मभूमि पर शुरू हुआ गीता भवन



गीता भवन।

# आधुनिक व प्राचीन ज्ञान विज्ञान का अनूठा संगम हैं गीता भवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आम नागरिकों में धार्मिक, आध्यात्मिक और साहित्यिक चेतना के माध्यम से सामाजिक समरसता स्थापित करने प्रदेश में गीता भवन बनाए जा रहे हैं। यह केन्द्र मात्र एक भवन की संरचना नहीं, बल्कि एक जीवंत वैचारिक अध्ययन का केन्द्र है। इनमें आधुनिकता और प्राचीन ज्ञान-विज्ञान के अनूठे संगम में युवा पीढ़ी को अपनी जड़ों से जुड़ने का अवसर मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने प्रदेश के हर नगरीय निकाय में गीता भवन स्थापित करने का जो संकल्प लिया है, वह तेजी से पूर्ण हो रहा है। यह गर्व का विषय है कि प्रदेश के पहले गीता भवन का शुभारंभ लोकमाता अहिल्याबाई की नगरी इन्दौर में और दूसरा गीता भवन वीरांगना रानी दुर्गावती की कर्मभूमि जबलपुर में शुरू हो चुका है।

### श्रीकृष्ण पाथेय के माध्यम से कान्हा की लीलाओं और ज्ञान का प्रसार

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र में कृष्ण को योगेश्वर श्रीकृष्ण की पहचान देने वाले चारों धामों को तीर्थ के रूप में विकसित किया जा रहा है। भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षा स्थली उज्जैन, भगवान श्रीकृष्ण एवं सुदामा का मैत्री स्थल स्वर्णगिरी पर्वत के पास ग्राम नारायाणा, धार जिले का अमझेरा और रजोभूमि बदनावर जहां भगवान श्रीकृष्ण ने रात्रि विश्राम किया था। साथ ही इंदौर के पास जानापाव जहां से उन्होंने विनम्रता का संदेश दिया था। इन सभी स्थानों को तीर्थ के रूप में विकसित किया जा रहा है। गीता-ज्ञान और पठन-संस्कृति को नई पीढ़ी से जोड़ना है- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गीता भवन राज्य की उस बड़ी पहल का हिस्सा है।*

---

# आईईडी विस्फोट में ग्रामीण घायल, पैर में गंभीर चोट

**लेंड्रा कोरचोली जंगल क्षेत्र की घटना, उपचार जारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

माओवादियों के पहले से लगाए गए प्रेशर आईईडी विस्फोट में ग्राम कोरचोली निवासी एक ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना सोमवार की सुबह लेंड्रा कोरचोली जंगल क्षेत्र में हुई। जानकारी के मुताबिक, गंगालुर थाना क्षेत्र के ग्राम कोरचोली नदीपारा निवासी राम पोटाम सुबह के समय जंगल की ओर गया था। इसी दौरान माओवादियों द्वारा पहले से लगाए गए प्रेशर आईईडी की चपेट में आ गया। विस्फोट के कारण ग्रामीण के पैर में गंभीर चोट आई है।



घटना की सूचना मिलते ही सुरक्षाबलों द्वारा घायल को तत्काल 222 बटालियन केरिपु कैम्प, कोरचोली लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार प्रदान किया गया। इसके पश्चात बेहतर इलाज के लिए उसे जिला अस्पताल बीजापुर रेफर किया गया। घटना के बाद सुरक्षाबलों द्वारा क्षेत्र में सघन सर्चिंग अभियान चलाया जा रहा है। आईईडी की खोज और निष्क्रियकरण की कार्रवाई लगातार जारी है। सुरक्षाबलों ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे जंगल एवं दुर्गम क्षेत्रों में आवागमन के दौरान विशेष सतर्कता बरतें। किसी भी प्रकार की संदिग्ध वस्तु, गतिविधि या सामग्री की जानकारी तुरंत नजदीकी पुलिस थाना अथवा सुरक्षा कैंप को दें।

# आप विधायक सोमनाथ भारती पर एफआईआर, भ्रामक जानकारी फैलाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में आम आदमी पार्टी (आप) के नेता सोमनाथ भारती के खिलाफ भोपाल क्राइम ब्रांच ने एफआईआर दर्ज की है। आरोप है कि फर्जी दस्तावेज के आधार पर भारती ने सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारी फैलाई।

एफआईआर मध्य प्रदेश भाजपा के सह-प्रभारी सतीश उपाध्याय की शिकायत पर दर्ज की गई है। शिकायत के अनुसार, सोमनाथ भारती ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स (पूर्व ट्विटर) से एक पोस्ट साझा की थी। इस पोस्ट में दावा किया गया था कि सतीश उपाध्याय के खिलाफ भोपाल की एक अदालत में परिवाद (शिकायत) लंबित है। सतीश उपाध्याय ने 19 नवंबर 2025 को अपने प्रतिनिधि के माध्यम से पुलिस कमिश्नर कार्यालय में लिखित शिकायत दी थी। शिकायत में आरोप लगाया गया कि सोशल मीडिया पर जो दस्तावेज दिखाए गए। वे असली नहीं हैं बल्कि कूट रचना करके तैयार किए गए हैं। इन दस्तावेजों को जानबूझकर सार्वजनिक किया गया ताकि लोगों को गुमराह किया जा सके।

# राज्य कर्मचारी संघ की प्रदेश कार्यसमिति में पूर्ण वरिष्ठता का प्रस्ताव किया पारित

**प्रस्ताव का समर्थन चतुर्वेदी ने किया, जिसे संपूर्ण कार्यसमिति ने ध्वनिमत से किया पारित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य कर्मचारी संघ की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में राज्य शिक्षा सेवा में नियुक्त किए गए नवीन शैक्षणिक संवर्ग की पूर्ण वरिष्ठता का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में उक्त प्रस्ताव राज्य कर्मचारी संघ भोपाल के जिलाध्यक्ष जितेंद्र शाक्य द्वारा प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

प्रस्ताव में राज्य शिक्षा सेवा में नियुक्त हुए नवीन शैक्षणिक संवर्ग के सेवावधि की गणना उनके प्रथम नियुक्ति दिनांक से करने की मांग की। उक्त प्रस्ताव का समर्थन एनपी चतुर्वेदी ने किया जिसे संपूर्ण कार्यसमिति ने ध्वनिमत से पारित किया। संघ के प्रांतीय महामंत्री जितेंद्र सिंह और संभागीय अध्यक्ष कमल बैरागी ने बताया कि कार्यसमिति की बैठक में मुख्य अतिथि पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा के समक्ष उक्त संकल्प को दोहराते हुए सरकार से लक्ष्य पूर्ति में सहयोग की मांग की।



राज्य कर्मचारी संघ की बैठक।

---

## आरोपी गिरफ्तार, पड़ोसी करता था पत्नी से बातचीत

# पड़ोसी को पत्नी संग आपत्तिजनक हालत में देखा तो कर दी हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

जिले के करतला थाना क्षेत्र के ग्राम गनियारी में हुई एक निर्मम हत्या ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। सोमवार की सुबह, नंदकुमार पटेल नामक व्यक्ति का रक्तरंजित शव उसके घर से कुछ दूरी पर जयशंकर के घर के बाड़ी के पास आंगन में मिला। चेहरे पर गहरे जख्मों के निशान इस बात की ओर इशारा कर रहे थे कि उसकी बेरहमी से पिटाई की गई थी। घटना की सूचना मिलते ही करतला पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी।

मामले की गंभीरता को देखते हुए, डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम को भी बुलाया गया। डॉग 'बाघा' ने घटनास्थल पर मौजूद गंध के आधार पर पड़ोस में रहने वाले जयशंकर के घर का पता लगाया, जिससे पुलिस का संदेह उसी पर केंद्रित हुआ। पूछताछ के बाद, मामले का खुलासा हुआ।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, मृतक नंदकुमार पटेल का पड़ोसी जयशंकर की पत्नी के साथ हंसी-मजाक और छेड़छाड़ का सिलसिला चल रहा था। रविवार की रात जब जयशंकर घर पहुंचा, तो उसने नंदकुमार को अपनी पत्नी के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया। यह देखकर जयशंकर का पारा चढ़ गया और उसने नंदकुमार के साथ विवाद शुरू कर दिया। विवाद इतना बढ़ गया कि जयशंकर ने घर के पास रखे एक डंडे से नंदकुमार के सिर पर ताबड़तोड़ वार किए, जिससे नंदकुमार की मौके पर ही मौत हो गई।

## कुआकोंडा थाना क्षेत्र के ग्राम मोखपाल का मामला

# संदिग्ध परिस्थिति में तीसरी कक्षा की छात्रा की मौत

**दंतेवाड़ा।** जिले के कुआकोंडा थाना क्षेत्र के ग्राम मोखपाल में स्थित पोटाकेबिन आश्रम में पढ़ने वाली छात्रा के पैर में दर्द के चलते उसे अस्पताल में भर्ती किया गया था, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी लगते ही परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई है। वहीं घटना के बाद पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है, जहां पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मामले का खुलासा हो पायेगा। बता दें कि पोटाकेबिन आश्रम मोखपाल में तीसरी क्लास में पढ़ने वाली एक छात्रा के पैर में अचानक से दर्द के चलते उसे रविवार की सुबह जिला अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां सोमवार की सुबह बच्ची की मौत हो गई। घटना की जानकारी लगते ही पोटाकेबिन के आला अधिकारियों की टीम भी आ पहुंची। जहां शव पीएम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया।

# यातायात माह 2026 का शुभारंभ, हेलमेट जागरुकता के लिए निकाली बाइक रैली

**पुलिस अधिकारियों ने कहा, यातायात नियमों के प्रति जागरुकता फैलाना आवश्यक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कबीरधाम

सोमवार से यातायात माह 2026 का शुभारंभ हो गया है। इसे लेकर शहर में हेलमेट जागरूकता के लिए बाइक रैली निकाली गई। इसके पूर्व कवर्धा शहर के वीर सावरकर भवन में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एएसपी पुष्पेंद्र सिंह कहा कि यातायात माह का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाना, आम नागरिकों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता विकसित करना है। उन्होंने नागरिकों से शराब सेवन कर वाहन न चलाने, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने, तेज गति व लापरवाही से वाहन न चलाने तथा यातायात संकेतों का पूर्णतः पालन करने अपील की है। विशेष रूप से युवाओं से सुरक्षित ड्राइविंग को अपनी दैनिक आदत में शामिल करने का आह्वान किया। सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि अधिकांश दुर्घटनाएं मानवीय लापरवाही के कारण होती हैं। उन्होंने गति सीमा का पालन करने, ओवरटेकिंग में सावधानी बरतने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने तथा वाहन से संबंधित आवश्यक दस्तावेज सदैव साथ रखने की समझाइश दी। कार्यक्रम के दौरान शहर में आयोजित केपीएल प्रतियोगिता की विजेता, उपविजेता टीम को हेलमेट वितरित किए गए, जिसके माध्यम से यह संदेश दिया गया कि हेलमेट केवल कानूनी औपचारिकता नहीं बल्कि जीवन रक्षा का सबसे प्रभावी साधन है।

